3 राजधानी
मोदी है तो मुमकिन है: सीएम योगी

6 अभिमत
महिला उग्रवादीकरण की प्रवृत्ति

10 विदेश
ऋषि सुनक वार्ता के लिए मिस्र जाएंगे

11 राष्ट्रीय
दौसा से स्थानीय विधायकों को चुनाव जिताएं: गहलोत

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 343
नई दिल्ली, शनिवार, 21 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सिंधु डेनमार्क ओपन के सेमीफाइनल में
स्पोर्ट्स-12

# कनाडा ने भारत से 41 राजनयिकों को वापस बुलाया

## भारतीय विदेश मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के उल्लंघन के दावे को खारिज किया

**पीएनएस/एजेंसी।** टोरंटो/नई दिल्ली

- चंडीगढ़, मुंबई और बेंगलुरु में अपने वाणिज्य दूतावासों में सभी व्यक्तिगत सेवाओं पर रोक लगाएगा कनाडा
- भारत में रहने वाले सभी कनाडाई लोगों को नई दिल्ली स्थित उच्चायोग में भेजने का निर्देश दे रहा




**कनाडा** में एक सिख अलगाववादी की हत्या के बाद जारी राजनयिक विवाद के बीच, विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा है कि कनाडा ने भारत से 41 राजनयिकों को शुक्रवार तक उनकी राजनयिक छूट वापस लिए जाने की धमकी के बाद वापस बुला लिया है। कनाडा ने यह भी घोषणा की है कि वह चंडीगढ़, मुंबई और बेंगलुरु में अपने वाणिज्य दूतावासों में सभी व्यक्तिगत सेवाओं पर रोक लगाएगा और भारत में रहने वाले सभी कनाडाई लोगों को नई दिल्ली स्थित उच्चायोग में भेजने का निर्देश दे रहा है।

नई दिल्ली में, विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को देश से 41 कनाडाई राजनयिकों की वापसी को अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के उल्लंघन के रूप में चित्रित करने के कनाडा के प्रयास को खारिज कर दिया। भारत ने कहा कि दोतरफा राजनयिक समानता सुनिश्चित करना राजनयिक संबंधों पर वियना सम्मेलन के प्रावधानों के तहत पूरी तरह से सुसंगत है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बयान जारी कर कहा, हम समता के कार्यान्वयन को अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के उल्लंघन के रूप में चित्रित करने के किसी भी प्रयास को खारिज करते हैं। दोनों के देशों के बीच तनाव उस वक्त व्याप्त हो गया जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पिछले महीने आरोप लगाया था कि 45 वर्षीय खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को हुई हत्या में भारतीय एजेंट की संलिप्तता की संभावना है। भारत ने निज्जर को 2020 में आतंकवादियों की सूची में शामिल किया था। भारत ने ट्रूडो के इन आरोपों को लेकर नाराजगी जताई थी और इन्हें बेतुका और निहित स्वार्थ से प्रेरित बताकर खारिज कर दिया था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह राजनयिक उपस्थिति में समानता के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए विवरण एवं तौर-तरीकों पर काम करने के लिए पिछले महीने से इस मुद्दे पर कनाडाई पक्ष के संपर्क में है। बयान में कहा गया है, इस समानता को लागू करने में हमारी कार्रवाई राजनयिक संबंधों पर वियना सम्मेलन के अनुच्छेद 11.1 के तहत पूरी तरह से सुसंगत है। ओटावा में कनाडाई विदेश मंत्री जोली ने कहा, मैं इस बात की पुष्टि कर सकती हूं कि भारत ने 20 अक्टूबर यानी कल तक दिल्ली में सेवारत 21 कनाडाई राजनयिकों को छोड़कर सभी अन्य राजनयिकों एवं उनके परिवारों की राजनयिक छूट एकतरफा तरीके से हटाने की अपनी योजना की औपचारिक रूप से जानकारी दी है। नई दिल्ली स्थित कनाडाई दूतावास ने जोली के बयान के कुछ घंटों बाद अपने यात्रा परामर्श को अद्यतन किया और अपने नागरिकों से बेंगलुरु, चंडीगढ़ और मुंबई के आसपास उच्च स्तर की सावधानी बरतने का आग्रह किया।

जोली ने कहा कि राजनयिक समानता के उनके अनुचित अनुरोध के तहत भारत केवल 21 राजनयिकों और उनके परिवारों को अपनी राजनयिक स्थिति बनाए रखने की अनुमति देगा, जिससे अन्य लोगों की सुरक्षा मनमाने ढंग से छीन लिए जाने का खतरा होगा और उनके प्रतिशोध का शिकार होने या उन्हें गिरफ्तार किए जाने की आशंका होगी। उन्होंने ओटावा में संवाददाता सम्मेलन में कहा, इसका अर्थ है कि 41 कनाडाई राजनयिकों और उनके 42 आश्रितों को मिली छूट किसी मनमानी तारीख को हटा लिए जाने का खतरा था और इससे उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा खतरे में पड़ जाती। जोली ने कहा कि कनाडाई लोगों और हमारे राजनयिकों की सुरक्षा हमेशा मेरी सबसे पहली चिंता है। भारतीय कदमों के कारण हमारे राजनयिकों पर पड़ने वाले प्रभाव के मद्देनजर हमने भारत से उनकी सुरक्षित वापसी का प्रबंध किया है। इसका अर्थ है कि हमारे राजनयिक और उनके परिवार अब (भारत से) रवाना हो गए हैं। भारत ने पिछले महीने कनाडा से देश में अपने राजनयिक कर्मियों की संख्या कम करने को कहा था और तर्क दिया था कि राजनयिकों की संख्या और रैंक में आपस में समानता होनी चाहिए। कनाडा में सेवारत भारतीय राजनयिकों की संख्या की तुलना में भारत में कनाडाई राजनयिकों की संख्या अधिक है। उन्होंने कहा, कूटनीति का एक बुनियादी सिद्धांत है और यह दोतरफा रास्ता है।

यह तभी काम करता है जब हर देश नियमों का पालन करे। जोली ने कहा कि राजनयिक विशेषाधिकारों और छूट को एकतरफा तरीके से हटाया जाना अंतरराष्ट्रीय कानून के विपरीत है और राजनयिक संबंधों पर जिनेवा संधि का स्पष्ट उल्लंघन है। ऐसा करने की धमकी देना अनुचित और तनाव बढ़ाने वाला है। यदि हम राजनयिक छूट के नियम तोड़ने की अनुमति देते हैं, तो कहीं भी, कोई भी राजनयिक सुरक्षित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा, इसलिए हम जवाबी कार्रवाई नहीं करेंगे। जोली ने कहा कि मैं स्पष्ट कहना चाहती हूं कि कनाडा सभी देशों पर लागू (शेष पेज 9)

# महुआ मोइत्रा के वकील पर कोर्ट ने जताई कड़ी नाराजगी

- अदालत ने महुआ के वकील के शिकायत वापस लेने को लेकर देहाद्रई से संपर्क करने पर हैरानी जताई, वकील ने खुद को मामले से अलग किया



**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह यह जानकर हैरान है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा के वकील ने मोइत्रा और उस वकील से संपर्क कर मध्यस्थता करने का प्रयास किया, जिसके खिलाफ सांसद ने कोई भी मानहानिकारक सामग्री प्रसारित करने से रोकने के लिए आदेश जारी करने का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन से कहा, मैं वाकई हैरान हूं। आप ऐसे व्यक्ति हैं, जिनसे उच्चतम पेशेवर मानक बनाए रखने की उम्मीद की जाती है।

शंकरनारायणन उस मुकदमे में मोइत्रा का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, जो उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे, देहाद्रई और कई मीडिया संस्थानों के खिलाफ अपमानजनक और दुर्भावनापूर्ण बयानों के प्रकाशन, प्रसारण से स्थाई रूप से रोके जाने और हर्जाने के लिए दायर किया है। न्यायाधीश द्वारा सार्वजनिक रूप से नाराजगी जताए जाने के बाद शंकरनारायणन ने मामले से खुद को अलग कर लिया। लोकसभा की सबसे मुखर सदस्यों में से एक और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचक मोइत्रा, दुबे के आरोपों को लेकर विवादों में फंस गई हैं। दुबे ने आरोप लगाया है कि उद्योगपति गौतम अडाणी और उनके समूह पर निशाना साधने वाले सवाल पूछने के लिए मोइत्रा ने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से रकम ली थी। निजी तौर पर पेश हुए देहाद्रई ने अदालत को सूचित किया कि हीरानंदानी से कथित तौर पर धन लेने के लिए मोइत्रा के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में उनकी शिकायत वापस लेने को लेकर शंकरनारायणन ने बृहस्पतिवार रात को फोन पर उनसे संपर्क किया। मामले की संक्षिप्त सुनवाई के दौरान देहाद्रई ने कहा, कुछ बहुत परेशान करने वाली बात हुई है। यह हितों का बहुत गंभीर टकराव है। उन्होंने (शंकरनारायणन) मुझसे 30 मिनट तक बातचीत की। उन्होंने मुझसे कुत्ते (देहाद्रई पर मोइत्रा के पास से इसे चुराने का आरोप है) के बदले में सीबीआई की शिकायत वापस लेने के लिए कहा। वह इस मामले में पेश नहीं हो सकते, मेरे पास रिकॉर्डिंग है। दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए शंकरनारायणन ने कहा कि देहाद्रई ने उन्हें अतीत में कुछ मामलों में निर्देश दिया था, इसीलिए उन्होंने उनसे संपर्क किया। शंकरनारायणन ने यह भी कहा कि उन्होंने अपनी मुवक्किल मोइत्रा से कहा कि देहाद्रई बार के सदस्य हैं और उन्होंने पहले एक मामले में उनकी सहायता की थी, इसलिए उन्हें उनसे (देहाद्रई) बात करने दें, जिस पर वह सहमत हो गईं। न्यायाधीश ने कहा कि चूंकि शंकरनारायणन ने मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश की, क्या वह अब भी इस मामले में पेश होने के योग्य हैं? न्यायाधीश ने कहा, इसका जवाब आपको खुद देना होगा। यह आपका फैसला है। शुरुआत में, दुबे का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने कल देर रात कारोबारी के बयान का भी जिक्र किया।

रियल एस्टेट से लेकर ऊर्जा क्षेत्र में काम करने वाले समूह हीरानंदानी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) दर्शन हीरानंदानी ने कहा है कि तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बदनाम करने के लिए उद्योगपति गौतम अडाणी पर निशाना साधा। संसद की आचार समिति को भेजे गए एक हस्ताक्षरित हलफनामे में हीरानंदानी ने स्वीकार किया कि उन्होंने अडाणी पर निशाना साधने वाले सवाल पूछने के लिए मोइत्रा के संसदीय लॉगिन का इस्तेमाल किया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि मोइत्रा ने महंगी विलासिता की वस्तुएं, दिल्ली में उनके आधिकारिक तौर पर आवंटित बंगले के नवीनीकरण में सहायता, यात्रा खर्च, छुट्टियों के अलावा देश और दुनिया में विभिन्न स्थानों पर उनकी यात्राओं के लिए मदद की लगातार मांग की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मोइत्रा के खिलाफ दुबे की शिकायत को आचार समिति के पास भेज दिया है। न्यायाधीश ने दशहरा अवकाश के बाद अदालत के फिर से खुलने पर मामले को 31 अक्टूबर को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट से सांसद मोइत्रा ने दायर याचिका में दुबे, वकील देहाद्रई, (शेष पेज 9)

## सप्तम कालरात्रि



**एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥**

**माँ** दुर्गाजी की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गापूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्त्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं और तमाम असुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं। नाम से अभिव्यक्त होता है कि मां दुर्गा की यह सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है अर्थात जिनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। नाम से ही जाहिर है कि इनका रूप भयानक है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं और गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। अंधकारमय स्थितियों का विनाश करने वाली शक्ति हैं कालरात्रि।

# नए भारत का संकल्प है नमो भारत: प्रधानमंत्री

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पहली रैपिडएक्स ट्रेन नमो भारत का किया उद्घाटन, कहा- देश के लिए यह ऐतिहासिक क्षण
- पीएम ट्रेन से किया सफर, महिला स्टाफ और कुछ स्कूली बच्चियों से की बातचीत, सीएम योगी ने मां दुर्गा की प्रतिमा और नमो भारत का मॉडल भेंट किया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद के साहिबाबाद में रैपिडएक्स ट्रेन नमो भारत के कर्मचारियों से बातचीत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के प्राथमिकता वाले खंड का उद्घाटन किया।

पीएम ने हरी झंडी दिखाकर रैपिडएक्स ट्रेन नमो भारत को रवाना किया। पहले चरण में साहिबाबाद से दुहाई तक ट्रेन को चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली-मेरठ का ये 80 किमी से ज्यादा का ट्रैक तो बस एक शुरुआत है। पहले फेज में दिल्ली, यूपी, हरियाणा और राजस्थान के अनेक क्षेत्र नमो भारत ट्रेन से कनेक्ट होने वाले हैं। बदलते हुए भारत में ये बहुत जरूरी है कि सभी देशवासियों का जीवन स्तर सुधरे, लोग अच्छी हवा में सांस लें, यातायात के अच्छे साधन हों, अच्छे शिक्षण संस्थान हों और इलाज की बेहतर व्यवस्था हो।

इन सब पर आज भारत सरकार विशेष जोर दे रही है। आज बेंगलुरु में मेट्रो की दो लाइनों को भी देश को समर्पित किया गया है। इससे बेंगलुरु के आईटी हब की कनेक्टिविटी और बेहतर हुई है। अब बेंगलुरु में रोज लगभग आठ लाख लोग मेट्रो से सफर कर रहे हैं। 21वीं सदी का हमारा भारत आज हर क्षेत्र में प्रगति की नई गाथा लिख रहा है। इस दौरान पीएम ने बटन दबाकर आरआरटीएस कनेक्ट ऐप की भी शुरुआत की। पीएम ने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन करके पहला टिकट खरीदा। पीएम नमो ट्रेन में बैठकर वसुंधरा सेक्टर-8 के मैदान पर पहुंचे। उन्होंने कहा, मुझे छोटे सपने देखने की आदत नहीं है। न ही मुझे मरते-मरते चलने की आदत है। दिल्ली-मेरठ का रैपिड ट्रेन का ये ट्रैक शुरुआत है। पहले फेज में दिल्ली, यूपी, हरियाणा, राजस्थान के इलाके नमो भारत से कनेक्ट होंगे। देश के बाकी हिस्सों में ऐसा ही सिस्टम बनेगा।

पीएम मोदी ने नमो भारत ट्रेन में सफर पूरा किया। इस दौरान उन्होंने ट्रेन की महिला स्टाफ से बातचीत की। उन्होंने सीट पर बैठकर कुछ छोटी छोटी स्कूली बच्चियों से भी बातचीत की। पीएम मोदी को मंच पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मां दुर्गा की प्रतिमा और नमो भारत का मॉडल भेंट किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत की पहली रैपिड रेल सेवा नमो भारत ट्रेन शुरू हुई है। लगभग 4 साल पहले मैंने दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ रीजनल कॉरिडोर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी थी। आज साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक उस हिस्से पर नमो भारत का संचालन शुरू हो (शेष पेज 9)



**विश्व कप क्रिकेट**
- **परिणाम:** ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 62 रन से हराया
- **आज:** नीदरलैंड और श्रीलंका
- **आज:** इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका

## क्विक न्यूज

### ऐसे तो वादियों का न्यायिक व्यवस्था से भरोसा उठ जाएगा: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि यदि कानूनी प्रक्रिया कच्छप गति से आगे बढ़ती है तो न्यायिक व्यवस्था से वादकारियों का मोहभंग हो सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने पुराने मामलों की तेजी से सुनवाई और निपटान सुनिश्चित करने के लिए कुछ दिशानिर्देश जारी किए, जिनमें से कुछ उच्च न्यायालयों के लिए भी है। न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट्ट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने लंबित मामलों को लेकर राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के देशव्यापी आंकड़ों का हवाला दिया।

# गगनयान मिशन की तैयारी पूरी, आज पहला ट्रायल

- यह परीक्षण अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यहां इसरो द्वारा किया जाएगा

**एजेंसी।** श्रीहरिकोटा (आंध्रप्रदेश)




**शनिवार** को एकल-चरण तरल रॉकेट के प्रक्षेपण के जरिए पहले क्रू मॉड्यूल परीक्षण के साथ ही इसरो अपने महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान की यात्रा को रफ्तार देगा। यह परीक्षण अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यहां अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा किया जाएगा।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का लक्ष्य तीन दिवसीय गगनयान मिशन के लिए मनुष्यों को 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है। इसरो के अन्य मिशन से इतर अंतरिक्ष एजेंसी अपने परीक्षण वाहन एकल चरण वाले तरल रॉकेट (टीवी-डी1) के सफल प्रक्षेपण का प्रयास करेगी, जिसे 21 अक्टूबर को सुबह आठ बजे इस स्पेसपोर्ट के पहले लॉन्च पैड से उड़ान भरने के लिए निर्धारित किया गया है। इस क्रू मॉड्यूल के साथ परीक्षण वाहन मिशन समग्र गगनयान कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि उड़ान परीक्षण के लिए लगभग पूरी प्रणाली एकीकृत है।

इस परीक्षण उड़ान की सफलता शेष योग्यता परीक्षणों और मानवरहित मिशनों के लिए मंच तैयार करेगी, जिससे भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पहला गगनयान कार्यक्रम शुरू होगा, जिसके 2025 में अमल में आने की उम्मीद है। इसमें क्रू इंटरफेस, जीवन रक्षक प्रणाली, वैमानिकी और गति में कमी से जुड़ी प्रणाली (डिसिलेरेशन सिस्टम) मौजूद हैं। नीचे आने से लेकर उतरने तक के दौरान चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसे पुन: प्रवेश के लिए भी डिजाइन किया गया है।

चेन्नई से लगभग 135 किलोमीटर पूर्व में स्थित श्रीहरिकोटा में प्रक्षेपण परिसर में एकीकृत किए जाने से पहले क्रू मॉड्यूल को इसरो केंद्रों में विभिन्न परीक्षण से गुजरना पड़ा। शनिवार को संपूर्ण परीक्षण उड़ान कार्यक्रम संक्षिप्त होने की उम्मीद है क्योंकि टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन (टीवी-डी1) क्रू एस्केप सिस्टम और क्रू मॉड्यूल को 17 किमी की ऊंचाई पर प्रक्षेपित करेगा, जिसके श्रीहरिकोटा के पूर्वी तट से लगभग 10 किलोमीटर दूर समुद्र में सुरक्षित उतरने की उम्मीद है। बाद में बंगाल की खाड़ी से (शेष पेज 9)




बेंगलुरु में शुक्रवार को विश्व कप क्रिकेट मैच में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम का विकेट लेने के बाद टीम के साथियों के साथ खुशी मनाते एडम जंपा। आस्ट्रेलिया ने इस मैच में पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी।

# दिवाली तक गाजियाबाद-नोएडा में नहीं मिलेगा गंगाजल

## गंग नहर में सिल्ट की सफाई के चलते 24 अक्टूबर से 14 नवंबर तक बंद रहेगी सप्लाई

● अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सतीश पाल ने जल खंड के साथ समीक्षा बैठक की




**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दिवाली आने वाली है और इसी के साथ आ गया है गंगाजल बंद करने का फरमान। नहर की सफाई की वजह से गंगाजल प्लांट 24 अक्टूबर की रात से लेकर 14 नवंबर तक बंद रहेगा। ऐसे में सभी त्योहार बगैर गंगाजल के मनाने होंगे।

नोएडा में पानी की दिक्कत न हो इसके लिए शुक्रवार को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सतीश पाल ने जल खंड के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि त्योहार के सीजन में किसी भी घर में पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिए। रिजर्व वायर में जल को स्टोरेज किया जाए। प्रेशर को बेहतर किया जाए। ताकि हाइराइज इमारतों में भी लोगों को परेशानी न हो। यदि कही दिक्कत होती है उसके लिए अतिरिक्त टैंक की व्यवस्था कराई जाए। बता दे हर साल इसी तरह गंग नहर की सफाई की जाती है और लोगों को पानी की दिक्कत से रुबरू होना पड़ता है। इसके अलावा अन्य जो भी नलकूप ये से संबंधित कार्य लंबित है या सीईओ के निर्देश पर जो कार्य होने है उसे तत्काल कराया जाए।

नोएडा में खारे पानी और मीठा बनाने की तैयारी की जा रही है। वर्तमान में नोएडा में 240 एमएलडी गंगाजल की सप्लाई की जाती है। इस गंगाजल में इतना ही सप्लाई का पानी मिलाकर इसका टीडीएस स्तर 800 से 900 के आसपास बनाया गया है।

37 क्यूसेक गंगा जल की लाइन की जांच के लिए एसीईओ प्रभास कुमार की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई थी। प्रभास कुमार का ट्रांसफर हो चुका है। ऐसे में एसीईओ सतीष पाल ने बैठक के दौरान कहा कि जल्द से जल्द नए एसीईओ को इसके लिए नामित किया जाए। ताकि जांच प्रभावित न होते हुए तेजी से कार्य किया जा सके। दरअसल, इस पूरे मामले को 210वीं बोर्ड में लाया गया था। वहां अनुमोदन के बाद इस योजना पर एक जांच कमेटी गठित करने पर सहमति बनी थी।

इस साल 17 नवंबर से छठ पर्व शुरू हो रहा है। 17 नवंबर को नहाय खाय है। 18 नवंबर को खरना और 19 नवंबर को संध्या अर्घ है। 20 नवंबर को उगते हुए सूर्य को अर्घ देने के साथ ही यह पर्व समाप्त हो जाएगा।

राहत की बात है कि गंगाजल की सप्लाई छठ पर्व से तीन दिन पहले ही शुरू करने का दावा किया जा रहा है। नोएडा में पूर्वांचल के लोगों की एक भीड़ रहती है। गंगा जल सप्लाई की बात करें तो गाजियाबाद के प्रताप विहार में गंगाजल के दो प्लांट हैं, जिनसे गाजियाबाद और नोएडा के कई सेक्टर्स को गंगा जल सप्लाई किया जाता है। इनमें एक पानी के प्लांट की क्षमता 100 क्यूसेक है और दूसरे प्लांट की क्षमता 50 क्यूसेक है। 100 क्यूसेक वाले प्लांट से 80 क्यूसेक नोएडा को, 15 क्यूसेक इंदिरापुरम को और 5 क्यूसेक सिद्धार्थ विहार को गंगाजल मिलता है। जबकि 50 क्यूसेक प्लांट से 23 क्यूसेक वसुंधरा को, 20 नोएडा को और 7 क्यूसेक गंगाजल इंदिरापुरम को मिलता है। हर साल दशहरे के समय गंगाजल की सप्लाई प्रभावित होती है। इस समय नहर में सिल्ट की सफाई के लिए नहर को बंद कर दिया जाता है और बाकायदा एक नोटिस जारी होता है कि कब से लेकर कब तक यह नहर बंद रहेगी।

अमूमन छठ पूजा के आसपास नहर में पानी छोड़ा जाता है। हर साल बरसात के बाद पहाड़ों से आने वाले रेत मलबे इत्यादि को रोकने के लिए नहर को बंद किया जाता है नहीं तो इसके कारण मशीनरी भी खराब होने का डर रहता है। कई बार नहर में अत्यधिक गाद होने से गंगाजल प्लांट तक को बंद कर देना पड़ता है।

# आठ प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

● सैंपल को जांच के लिए लखनऊ भेजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

खाद्य एवं औषधि सुरक्षा प्रशासन विभाग ने नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा की कई प्रतिष्ठानों पर छापा मारकर 8 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए हैं। यह जानकारी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने दी है।

इस दौरान विभाग की टीम ने सेक्टर-11 नोएडा से महाकाली स्टोर से वैफर लाचा पापड़ का एक नमूना, सेक्टर.49 स्थिति स्टेलिनो स्टोर्स प्राइवेट लिमिटेड से मखाना, समसुन नेहा के यहां से दीपक ब्रांड सिंघाड़ा आटा, पी.3 ग्रेटर नोएडा स्थित ब्लिंक कॉमर्स प्रालि के यहां से समक के चावल, तथा खुला पनीर, अल्फा द्वितीय सेक्टर से मैडम मेयो रेस्टोरेंट से एनबी ब्रांड की सफेद काली मिर्च पाउडर व अन्य स्थानों से कुट्टू आटा तथा बादाम के नमूने एकत्रित किए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा जनपद में सघन जांच अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों से 08 खाद्य पदार्थों का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच के लिए संग्रहित किए गए नमूनों को खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला लखनऊ को जांच के लिए प्रेषित किया गया है।

जांच रिपोर्ट आने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम में अभियान के दौरान आरपी गुप्ता, रामनरेश, मुकेश, विजय, विशाल, रेनू तथा नेहा सम्मिलित रहें। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय ने बताया कि आगे भी जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए व पूरे नवरात्र तक निरंतर जांच अभियान चलाया जाएगा।

# एनपीसीएल की टीम पर ग्रामीणों का हमला, वैन में की तोड़फोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के बागपुर गांव में बिजली चोरी रोकने के लिए गई एनपीसीएल की टीम को ग्रामीणों ने घेर लिया। ग्रामीणों ने एनपीसीएल टीम के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और उनके फोन व वैन को भी तोड़ दिया।

एनपीसीएल के सहायक प्रबंधक ने चार लोगों के खिलाफ थाना दनकौर में मुकदमा दर्ज कराया है। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड के सहायक प्रबंधक अवधेश फुलझड़े ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनके नेतृत्व में जूनियर इंजीनियर सचिन चौहान, अस्सिटेंट इंजीनियर राहुल कुमार तथा इंजीनियर विक्रम सिंह विद्युत कर्मियों की टीम के साथ बिजली चोरी की शिकायत पर बागपुर गांव पहुंचे। टीम के सदस्य गांव में बिजली चोरी की जांच पड़ताल कर रहे थे। टीम के साथ पुलिसकर्मी भी थे। इस दौरान गांव के ही यशवीर नागर पुत्र सतवीर सिंह, विजेंद्र पुत्र मैनपाल, नितिन पुत्र नरेंद्र तथा ललित पुत्र विनोद मौके पर आ गए और उन्होंने टीम के सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया। गाली गलौज का विरोध किए जाने पर आरोपियों ने टीम के सदस्यों पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। आरोपियों ने विद्युत कर्मियों के साथ मारपीट की, इस दौरान उनके मोबाइल फोन तथा गाड़ी में भी तोडफोड़ की गई। इस घटना में विद्युत विभाग के कर्मचारी सचिन, कुलदीप व नरेंद्र घायल हो गए।

# तीन किशोरियों का अपहरण दो के खिलाफ मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

अलग-अलग स्थान से तीन किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। परिजनों ने दो युवकों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है। थाना फेस-1 क्षेत्र के हरौला गांव में किराए पर रहने वाले रमेश काल्पनिक नाम की बेटी बीते 17 अक्टूबर को घर से किसी काम के लिए बाहर गई थी। उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी।

रमेश के मुताबिक उसने अपनी बेटी की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। इस दौरान उसे पता चला कि उसे राहुल नाम का युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। थाना सूरजपुर क्षेत्र के मलकपुर गांव में किराए पर रहने वाले मनोज काल्पनिक नाम ने दर्ज रिपोर्ट बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी को पड़ोस में रहने वाला आशीष उर्फगौरव बहला फुसलाकर ले गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं थाना बिसरख में रामदीन काल्पनिक नाम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी 14 वर्षीय बेटी बीते 10 अक्टूबर को घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश करने पर भी उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई।

# नोएडा में खत्म किए जाएंगे 16 डार्क स्पाट

● 1 करोड़ रुपए किए जाएंगे खर्च, हादसों में आएगी कमी




**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा सड़क सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए डार्क स्पाट को खत्म करने की प्लानिंग बनाई गई। इस प्लानिंग के तहत शहर के 16 डार्क स्पॉट को खत्म किया जाएगा।

इनमें से 12 डार्क स्पाट के लिए टेंडर जारी किए गए है। बाकी चार वर्क ऑर्डर से किए जाएंगे। ये सभी डार्क स्पाट हाल ही में चिह्नित किए गए। ये डार्क स्पॉट एक्सीडेंट एरिया माने जाते है। प्राधिकरण को ये सूची यातायात पुलिस ने उपलब्ध कराई। इन डार्क स्पॉट को खत्म करने के लिए प्राधिकरण 1 करोड़ रुपए खर्च करेगा। इन डार्क स्पॉट का सर्वे कंसल्टेंट कंपनी की ओर से कराया गया था। दरअसल नोएडा एक इंडस्ट्रियल और रेजिडेंशियल एरिया है। यहां पीक आवर में लाखों की संख्या में वाहनों की आवाजाही नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली से होती है। ऐसे में सड़क पर जाम और एक्सीडेंट होते है।

इन्हीं एक्सीडेंट के आकडों को देखते हुए यातायात पुलिस ने फरवरी 2023 में 12 ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए। इन सभी क्रासिंग का सर्वे सलाहकार कंपनी ने किया। जिसमें 2020, 2021 और 2022 में हो चुके एक्सीडेंट और इनके स्पॉट को ध्यान में रखा गया, ताकि स्पॉट में ऐसा सुधार किया जाए जिससे यहां हादसे न हो। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी एएस शर्मा ने बताया कि अधिक हादसों के आधार पर पुलिस ने ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए हैं। हादसों की वजह जानने के लिए प्राधिकरण, पुलिस, पीडब्ल्यूडी समेत विभागों की टीम ने मौके का अध्ययन किया है। उनमें से कुछ काम नोएडा प्राधिकरण को कराने का जिम्मा दिया गया था, जिनमें टूटी सड़कों को ठीक करना, डिजाइन में बदलाव, स्पीड ब्रेकर बनवाना समेत अन्य काम शामिल थे। अब इन काम को कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 26 अक्टूबर को टेंडर खोला जाएगा। ये काम 1 करोड़ 30 लाख 70 हजार 918 रुपए के काम का टेंडर जारी किया गया है।

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that I, **RAM KRISHNA KAMAL S/O SHRI BUDDHA PRASAD KAMAL R/O-SFS FLAT NO.61,SECOND FLOOR,PKT-2, SEC-1, DWARKA, DELHI, FILE NO.F-177(35)1987/DW/II. I am** the legal owner of **SFS FLAT NO.61,SECOND FLOOR,PKT-2,SEC-1, DWARKA,DELHI,FILE NO.F-177(35)1987/DW/II, which is allotted by the DDA.All Original Documents of DDA i.e.,Allotment Letter, Demand Letter, Possession Letter, NOC for water & electric connection, Site Possession Slip,Conveyance Deed of** the above Flat has been lost. An FIR/NCR to this effect has lodged in P. S. Crime Branch, Delhi vide LR No.80068/2023,Dated-24-01-2023.Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No.8178585285 within 15 days from the date of publication of this notice. Any person claiming any right, interest, or having any objections with respect to this property can also personally inform/ contact me.

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that **I, Ajay Goyal S/o Sh.Chhanna Mal Goyal R/o H.No.129, Chandu Park,Gali No.3,Krishna Nagar, Delhi-110051 owner of DDA LIG Flat No. 55-A,Pocket A-3,Kalkaji Extension, New Delhi-110019.**The original documents i.e. Possession Certificate and Allotment Letter of the above flat have been lost. An FIR to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch in vide S.O.No.430/2014 LR No.1042846/2023 dated 19.10.2023. Any person(s)claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/ phone No.9899704200 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to **Dy. Director (LAB) H or Director (H)-I/H-II,D Block,3rd Floor,Vikas Sadan,INA,New Delhi.**

SOUTH INDIAN Bank — आंचलिक कार्यालय – दिल्ली

दि साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय – दिल्ली, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 21, 21/1, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली–110005
फोन : 011–42331664, 45128661, 7982865660
ई–मेल : qc1008@sib.co.in ; ro1008@sib.co.in

आरओ–दिल्ली/सीआरडी/एसएआर/23/2023–24
दिनांक : 18–10–2023
परिशिष्ट – 4–क
[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु निविदा सह नीलामी बिक्री सूचना**

खाता : मैसर्स लिमिटेड
शाखा : करोल बाग

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए निविदा सह नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार (रों) तथा गारंटर (रों) को सूचना दी जाती है कि साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड, शाखा – करोल बाग (प्रतिभूत लेनदार) के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका कब्जा दि साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय – दिल्ली, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 21, 21/1, निकट करोल बाग मेट्रो स्टेशन, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली–110005 (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 29–01–2019 को प्राप्त किया जा चुका है, कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) (1) मैसर्स सैंको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, कार्यालय पता डी–161, सूरज मल विहार, दिल्ली–110092, अन्य पता : ग्राम सतीवाला, तहसील पाओन्टा साहिब, हिमाचल प्रदेश–173025 तथा गारंटर (2) श्री संजय गुप्ता पुत्र ओम प्रकाश गुप्ता (मैसर्स संजय गुप्ता एचयूएफ के कर्ता और निदेशक की हैसियत में), (3) श्रीमती रीटा गुप्ता पत्नी श्री संजय गुप्ता (मैसर्स संजय गुप्ता एचयूएफ की कोपार्सनर और निदेशक की हैसियत में), (4) श्री सिद्धान्त गुप्ता पुत्र श्री संजय गुप्ता (मैसर्स संजय गुप्ता एचयूएफ के कोपार्सनर और निदेशक की हैसियत में), (5) श्रीमती मानसी गुप्ता पुत्री श्री संजय गुप्ता (मैसर्स संजय गुप्ता एचयूएफ के कोपार्सनर और व्यक्तिगत हैसियत में), (6) श्री ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र बाबू राम, (7) श्रीमती शकुन्तला गुप्ता पत्नी श्री ओम प्रकाश गुप्ता सभी निवासी सी–56, सूरजमल विहार, नई दिल्ली–110092 तथा (8) श्रीमती शशि गर्ग पत्नी पवन कुमार गर्ग निवासी बी–256, सूरजमल विहार, नई दिल्ली–110092 से दि साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड, शाखा करोल बाग की 17–10–2023 तक बकाया राशि रू. 21,23,27,367.00 (रू. इक्कीस करोड़ तेईस लाख सत्ताईस हजार तीन सौ सड़सठ मात्र) आगे ब्याज, लागतों एवं खर्चों की वसूली के लिए, दिनांक 09–11–2023 को दोपहर 12.00 बजे "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर (प्रतिभूत आस्तियों की एलआईई, प्रकृति और भौतिक स्थिति के संबंध में) दि साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड, नई दिल्ली आंचलिक कार्यालय – दिल्ली, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 20 एवं 21/1, निकट करोल बाग मेट्रो स्टेशन, मेट्रो पिलर नंबर 98 के सामने, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली–110005 बेची जाएगी। सम्पत्ति के लिए सुरक्षित मूल्य रू. 3,60,00,000.00 (रूपए तीन करोड़ साठ लाख मात्र) और धरोहर राशि जमा रू0 36,00,000.00 (रूपए छत्तीस लाख मात्र) होगी।

| सम्पत्ति विवरण | |
|---|---|
| सम्पत्ति स्वामी का नाम | श्रीमती शशि गर्ग |
| सम्पत्ति का वर्णन | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली में श्रीमती शशि गर्ग के नाम सम्पत्ति सं. डी–819 में शामिल सम्पूर्ण फ्रीहोल्ड द्वितीय तल सम्पत्ति परिमाप 2206 वर्ग फीट (पूर्ण टेरेस अधिकार तथा आगे आखिरी मंजिल तक निर्माण अधिकारों के साथ कॉमन एन्ट्रेन्स, पैसेज तथा स्टेयरकेस सहित) नीचे भूमि परिमाप 492 वर्ग गज में अविभाजित, अविभाज्य और अवियोजनीय स्वामित्व अधिकारों सहित, सभी फिटिंग्स, फिक्सचर्स, कनेक्शन्स, स्ट्रक्चर सहित, वहां उपलब्ध कराई गई अन्य आम सुविधाओं तथा सुख–सुविधाओं में सभी अधिकार सहित। सम्पत्ति का अधिक स्पष्ट वर्णन सब–रजिस्ट्रार–5, नई दिल्ली की सेल डीड नंबर 7762 दिनांकित 04–09–2003 में किया गया है। सम्पत्ति की चौहद्दी – उत्तर : प्लॉट नंबर 818, दक्षिण : प्लॉट नंबर 820, पूरब : रोड 80 फीट चौड़ी तथा पश्चिम : सर्विस लेन 15 फीट चौड़ी |

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया दि साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) की वेबसाइट नामतः www.southindianbank.com में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

तिथि : 21–10–2023 हस्ता./–
स्थान : नई दिल्ली प्राधिकृत अधिकारी

# मंत्री के बेटे की स्कॉर्पियो का काटा चालान

● कार के शीशे पर चढ़ी काली फिल्म, पुलिस ने की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने उत्तर प्रदेश सरकार में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के बेटे सिद्धार्थ कश्यप की स्कॉर्पियो का चालान काट दिया। मंत्री पुत्र की स्कॉर्पियो पर ब्लैक फिल्म लगाकर शहर भर में घुमाया जा रहा था। गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस के अनुसार 18 अक्टूबर की दोपहर 12.30 बजे चेकिंग के दौरान गोविंदपुरम में एक ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो रोकी गई, जिसके शीशे पर काली फिल्म चढ़ी हुई थी। पुलिस ने ट्रैफिक रूल्स वायलेशन के आरोप में इस स्कॉर्पियो का ढाई हजार रुपए का चालान काट दिया। यह स्कॉर्पियो सिद्धार्थ कश्यप के नाम पर है, जो यूपी सरकार में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के बेटे हैं। ट्रैफिक नियम तोड़ने के आरोप में इसी स्कॉर्पियो के पूर्व में भी तीन बार चालान काटे जा चुके हैं। 26 फरवरी 2021 को नोएडा में पार्किंग रूल्स तोड़ने के आरोप में इस गाड़ी का 500 का चालान काटा गया था। इसके बाद 24 अक्टूबर 2021 को दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर ओवर स्पीड गाड़ी दौड़ने पर गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने 2000 रुपए का ऑनलाइन चालान काटा था। तीसरी कार्रवाई 11 मई 2023 को नोएडा के सेक्टर 62 इंडस्ट्रियल एरिया में हुई थी। ट्रैफिक पुलिस ने स्कॉर्पियो के शीशे पर काली फिल्म चढ़ाने के आरोप में 2500 रुपए का चालान काटा था। महत्वपूर्ण बात यह है कि अभी तक एक भी चालान की धनराशि जमा नहीं की गई है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**नोएडा।** थाना बादलपुर क्षेत्र के केआरबीएल चावल मिल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। गाजीपुर थाना बरला जनपद अलीगढ़ निवासी संजय कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह और उसका भाई जगदीश सिंह 18 अक्टूबर को अलग-अलग ट्रैक्टरों में धान भरकर उसे बेचने के लिए केआरबीएल चावल मिल आए थे। संजय कुमार के मुताबिक वह अपने ट्रैक्टर में लदे धान को बेचकर वापस घर लौट रहा था इस दौरान उसे फोन से सूचना मिली कि उसका भाई जैदी सिंह सड़क हादसे में घायल हो गया है।

# चीनी घुसपैठिये का नकली पासपोर्ट बनाने वाला युवक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा एसटीएफ ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। विदेशियों के नकनी पासपोर्ट बनाने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान मेरठ निवासी मुजीबुर्रहमान के रूप में हुई है। इस व्यक्ति ने एक चीनी नागरिक को नोएडा में पंडित बना दिया था। चीनी नागरिक का नाम वांग हांग था, लेकिन इसने फर्जी पासवर्ड बनाकर उसका नाम आदि शर्मा उर्फ आदि पंडित कर दिया था। जो काफी समय तक ग्रेटर नोएडा में रहा। नोएडा एसटीएफ को जांच के दौरान पता चला है कि मुजीबुर्रहमान ने पिछले 5 सालों में 50 से ज्यादा चीनी नागरिक, अफ्रीकन नागरिक और तिब्बती देशों में रहने वाले लोगों के फर्जी आधार कार्ड व फर्जी पासपोर्ट बनाए।

जांच के दौरान नोएडा एसटीएफ को पता चला है कि यह आरोपी पिछले 20 सालों से दिल्ली में एयरपोर्ट दफ्तर के पास दलाली का काम करता था। एसटीएफने 21 जून को चिीनी नागरिक जंपा चोडक उर्फ जॉर्डन को गिरफ्तार किया था।

# शहर की हरियाली का जायजा लेने सड़क पर उतरे एसीईओ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा की हरियाली का जायजा लेने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने सेक्टरों और प्रमुख मार्गों का जायजा लिया। सड़कों के सेंट्रल वर्ज और ग्रीन बेल्ट का रखरखाव ठीक न मिलने पर नाराजगी जताई।

खामियों को दूर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। इस अवधि में काम न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने सेक्टर ईकोटेक .10, ईकोटेक.6, ओमीक्रोन.1 व 2, 130 मीटर रोड, गामा.1 व 2, डेल्टा .1, 2 व 3, जीटा वन व टू, सूरजपुर कासना रोड, 105 मीटर रोड, अल्फा वन की रोटरी, नॉलेज पार्क वन.1, इकोटेक वन एक्सटेंशन वन के सेंट्रल वर्ज, टेकजोन टू के सामने सेंट्रल वर्ज व रोड साइड ग्रीनरी आदि एरिया में उद्यान कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पार्कों, हरित पट्टिकाओं, सेन्ट्रल वर्ज आदि का रखरखाव संतोषजनक नहीं मिला।

इन कमियों को एक सप्ताह में दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही चेतावनी दी गई कि एक सप्ताह में कार्यों में सुधार नहीं हुआ तो भुगतान में कटौती करते हुए ठेकेदार को काली सूची में डाल दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उप निदेशक उद्यान नथौली सिंह, सहायक निदेशक उद्यान बुद्ध विलास, उद्यान निरीक्षक मुकेश कुमार आदि शामिल रहे।

## लुक्सर जेल में बंद कैदी की संदिग्ध अवस्था में मौत

**नोएडा।** लुक्सर जेल में बंद 10 वर्षीय की सजायाफ्ता कैदी की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि जनपद सहारनपुर के रहने वाले हवा सिंह 50 वर्ष को एक मामले में 10 वर्ष की कारावास हुई थी। उन्हें सहारनपुर की जेल से नोएडा के लुक्सर जेल में ट्रांसफर किया गया था।

उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को गंभीर हालत में जेल प्रशासन द्वारा उन्हें नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया की मौत के कारणो का पता लगाने के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा रही है। इस मामले में जेल प्रशासन भी अपने स्तर से जांच कर रहा है।



गांव अगाहपुर से एसईजेड तक बनाये जा रहे एलीवेटेड रोड का निरीक्षण करते सीईओ डॉ. एम लोकेश।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर

● सुनपुरा में 20 हजार वर्ग मीटर जमीन को मुक्त कराया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सुनपुरा में हो रहे अवैध निर्माण को ढहाकर 20 हजार वर्ग मीटर जमीन को मुक्त करा लिया। जमीन की कीमत करीब 40 करोड़ रुपए होने का अनुमान है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि गांव सुनपुरा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। कुछ कॉलोनाइजर गांव के खसरा नंबर 398, 399, 409, 419, 421, 430, 431 व 433 की जमीन पर निर्माण करने के लिए प्लॉटिंग कर रहे थे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश गौतम के नेतृत्व में प्रबंधक एसपी सिंह और रामकुमार और सहायक प्रबंधक राजेश कुमार निम की टीम थाना इकोटेक-3 की पुलिस के साथ गुरुवार सुबह मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को ढहा दिया। टीम ने करीब 20 हजार वर्ग मीटर जमीन मुक्त करा लिया है। 6 जेसीबी और 4 डंफर का इस्तेमाल कर यह कार्रवाई की गई। इस जमीन की कीमत करीब 40 करोड़ रुपए आंकी गई है। ओएसडी हिमांशु वर्मा ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने हर वर्क सर्किल को अपने एरिया में जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए कड़ी नजर रखने और अतिक्रमण की सूचना मिलते ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि सीईओ की तरफसे अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गई है कि प्राधिकरण की जमीन पर कहीं पर भी कब्जा किया गया उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसी कड़ी में यह कार्रवाई की गई है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# नामी बिजली कंपनी के 80 नकली तार के बंडल बरामद

● कार्रवाई के दौरान दुकानदार फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

हैवेल्स कंपनी के प्रतिनिधि की शिकायत पर थाना बादलपुर पुलिस ने एक दुकान पर छापा मारा। दुकान से हैवेल्स कंपनी के नकली तार के 80 बंडल बरामद हुए। हालांकि इस दौरान दुकानदार पुलिस टीम को चकमा देकर मौके से फरार हो गया।

हैवेल्स कंपनी के प्रोडक्शन इंजीनियर आशीष यादव, जीएम ऑपरेशन मनप्रीत सिंह, लीगल एडवाइजर जगबीर सिंह व फील्ड इन्वेस्टिगेटर नंदलाल थाना बादलपुर पहुंचे। गिरधरपुर चौराहे स्थित दिल्ली इलेक्ट्रिकल्स की दुकान पर हैवेल्स कंपनी का नकली तार बेचे जाने की सूचना मिली है। हैवेल्स कंपनी के प्रतिनिधियों की शिकायत पर थाना बादलपुर पुलिस बताए गए स्थान पर पहुंची। पुलिस ने इलेक्ट्रिकल शॉप पर छापा मारा, इस दौरान दुकान में जांच पड़ताल करने पर वहां से 80 पैकेट नकली वायर के बरामद हुए। हैवेल्स कंपनी के प्रोडक्शन इंजीनियर ने पुलिस को बताया कि यह तार के बंडल डुप्लीकेट हैं और इन्हें हैवेल्स के नाम पर बेचा जा रहा है। दुकान मालिक अमित वर्मा निवासी छपरौला मौके से फरार हो गया।

# 160 की रफ्तार से दौड़ेगी नमो भारत ट्रेन, आज से कर सकेंगे सफर

## ट्रेन में कुल 6 कोच हैं, इसमें एक कोच प्रीमियम दूसरा महिलाओं के लिए है आरक्षित

## सामान्य कोच में 72 और प्रीमियम कोच में 62 सीटें उपलब्ध हैं, पूरी ट्रेन में बैठकर और खड़े होकर एक बार में 1700 यात्री सफर कर सकेंगे


नमो भारत रेल के अंदर का दृश्य।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नमो भारत ट्रेन में सफर के दौरान छात्रों से बात करते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

भारत के पहले रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) गलियारे के 17 किलोमीटर लंबे प्राथमिकता वाले खंड पर 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी नमो भारत ट्रेन। नमो भारत ट्रेन की सेवाएं शनिवार सुबह छह बजे से आम लोगों के लिए उपलब्ध होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को साहिबाबाद स्टेशन पर एक पट्टिका का अनावरण करके दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस गलियारे के इस खंड का उद्घाटन किया।

साहिबाबाद और दुहाई डिपो के बीच प्राथमिकता वाले खंड में पांच स्टेशन हैं। साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो। आरआरटीएस के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रेन सुबह छह बजे से रात 11 बजे तक चलेंगी। शुरू में हर मिनट के अंतराल पर नमो भारत ट्रेन उपलब्ध होगी लेकिन भविष्य में जरूरत के हिसाब से ट्रेन के फेरे बढ़ाए जा सकते हैं।

### दुहाई से साहिबाबाद तक सामान्य किराया 50 रुपए

रैपिड रेल के सामान्य कोच में दुहाई डिपो से साहिबाबाद स्टेशन तक का किराया 50 रुपए होगा। अगर प्रीमियम कोच में यात्रा करते हैं तो यही किराया दोगुना हो जाएगा। 90 सेंटीमीटर ऊंचाई तक वाले बच्चों का कोई किराया नहीं लगेगा। इसमें यात्री अपने साथ अधिकतम 25 किलो वजन का सामान ले जाने की अनुमति होगी।

आरआरटीएस दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ गलियारे का शिलान्यास आठ मार्च, 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। पूरा 82.15 किलोमीटर गलियारा जून 2025 तक चालू हो जाने का लक्ष्य है। इस पूरे गलियारे के चालू हो जाने पर दिल्ली और मेरठ के बीच सफर का समय करीब 55 मिनट कम हो जाएगा। फिलहाल सड़क मार्च से दिल्ली से मेरठ पहुंचने में तीन से चार घंटे लगते हैं।

### खासियत और सुविधाएं

नमो भारत ट्रेन 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड पर डिजाइन की गई है, लेकिन ये अभी 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ेगी। इतनी गति से दौड़ने वाली ये देश की पहली ट्रेन होगी। ट्रेन में कुल 6 कोच हैं। इसमें एक कोच प्रीमियम और दूसरा महिलाओं के लिए रिजर्व है। सामान्य कोच में 72 और प्रीमियम कोच में 62 सीटें उपलब्ध हैं। हालांकि पूरी ट्रेन में बैठकर और खड़े होकर एक बार में 1700 यात्री सफर कर सकेंगे। एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन की गई 232 ट्रांसवर्स सीटिंग, खड़े होकर यात्रा करने के लिए पर्याप्त स्थान, लगेज रैक, कैमरे, लैपटॉप,मोबाइल चार्जिंग सुविधा, डायनेमिक रूट मैप की सुविधा होगी। प्रत्येक कोच में महिलाओं के अलावा दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सीटें आरक्षित हैं। इसमें व्हीलचेयर और स्ट्रेचर भी रखने की सुविधा है। प्रीमियम कोच में रिक्लाइनिंग सीटें, कोट हुक, मैगजीन होल्डर और फुटरेस्ट जैसी



कई अतिरिक्त सुविधाएं होंगी। दिल्ली से मेरठ जाने पर ये कोच पहला होगा, वहीं मेरठ से दिल्ली आने पर ये अंतिम वाला कोच होगा। सभी रैपिडएक्स स्टेशनों पर प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध है। आपात स्थिति के लिए कैट्स के माध्यम से एम्बुलेंस की व्यवस्था की जा सकती है। गाजियाबाद स्टेशन पर एक खोया और पाया केंद्र स्थापित किया गया।

### प्रीमियम कोच यात्रियों को मिलेगी लाउंज

प्रीमियम कोच यात्रियों के लिए प्लेटफार्म पर प्रीमियम लाउंज की सुविधा उपलब्ध कराया गया है। यहीं से उन्हें प्रीमियम कोच में एंट्री मिलेगी। इस कोच में एक वेंडिंग मशीन भी होगी, जहां से स्नैक्स या पेय पदार्थ खरीदे जा सकते हैं।

### मोदी है तो मुमकिन है : सीएम योगी

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि साढ़े 9 साल में इस देश ने वर्ल्ड क्लास काम देखा है। वन्देभारत ट्रेन ने नए भारत का दर्शन कराया है। आज पहली नमो भारत उत्तर प्रदेश को दी है। 12 लेन का एक्सप्रेस-वे दिल्ली मेरठ उत्तर प्रदेश में एक सपना था। लेकिन मोदी है तो मुमकिन है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि आज 20 शहरों में 895 किमी की मेट्रो लाइन ऑपरेशन है। देश में 1 करोड़ लोग रोजाना मेट्रो में सफर करते हैं। 19वीं सदी में भारत में सुरंग में मेट्रो असंभव लगती थी। वह सोचते थे कि भारत क्या कभी मेट्रो के मामले में टोक्यो की तुलना कर पाएगा। लेकिन अब हम उससे आगे निकल गए हैं। इस कॉरिडोर की कुल लंबाई 82 किमी है। जिसमें से 14 किमी का हिस्सा दिल्ली में है, जबकि 68 किमी का हिस्सा उत्तर प्रदेश में है। इसे दिल्ली मेट्रो की विभिन्न लाइनों के साथ जोड़ा जाएगा। ये अलवर, पानीपत और मेरठ जैसे विभिन्न शहरों को भी दिल्ली से जोड़ेगी, यानी कुल मिलाकर इसे हम बुलेट ट्रेन का ट्रेलर मान सकते हैं। शुरुआत में 10 से 13 ट्रेनें इस ट्रैक पर चलेंगी। ये सफर महज 11 से 12 मिनट में पूरा हो जाएगा, क्योंकि ट्रेन 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड पर दौड़ेगी। सेकेंड फेज में साल-2024 में ये ट्रेन मेरठ दक्षिण स्टेशन तक चलाई जाएगी। जबकि साल-2025 में संपूर्ण कॉरिडोर दिल्ली-मेरठ पर रैपिड रेल दौड़ेगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी रैपिड रेल स्टेशनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल को सौंपी है और दिल्ली में सुरक्षा का जिम्मा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल पर रहेगा। यूपी सरकार ने इस पूरे कॉरिडोर की सुरक्षा के लिए गाजियाबाद और मेरठ में एक पुलिस स्टेशन का भी प्रावधान किया है।


रैपिड रेल ( नमो भारत ) झंडी दिखाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदी पटेल व साथ में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मंत्री हरदीप।


साहिबाबाद स्टेशन पर एएफसी गेट से प्लेटफार्म में प्रवेश करते पीएम मोदी।

# सौगातः राजधानी में जल्द दौड़ेंगी प्रीमियम बसें

- मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ऐप आधारित बस सेवा योजना को दी मंजूरी
- उपराज्यपाल से सहमति मिलने के 90 दिन के अंदर योजना लागू हो जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली की सड़कों पर जल्द दौड़ेंगी प्रीमियम बसें। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने की कड़ी में केजरीवाल सरकार की प्रीमियम बस सेवा को लेकर तमाम अड़चनें अब खत्म होने के कगार पर है। केजरीवाल सरकार के प्रयासों की बदौलत ऐप आधारित प्रीमियम बस सेवा शुरू होने का रास्ता लगभग साफ हो गया है। परिवहन के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रीमियम बस एग्रीगेटर स्कीम 2023 को अपनी मंजूरी दे दी। इस मौके पर सीएम ने कहा कि प्रीमियम बस सेवा शुरू होने से सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल बढ़ेगा और इससे वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी। पूरी तरह से वातानुकूलित ये बसें वाई-फाई, जीपीएस, सीसीटीवी की सुविधा से लैस होंगी, जिसमें सफर करना बहुत ही आरामदायक होगा। प्रीमियम बसों के लिए एग्रीगेटर स्कीम लाने वाला दिल्ली देश का पहला राज्य बन गया है। अरविंद केजरीवाल ने योजना के बारे में बताते हुए कहा कि दिल्ली में जब मेट्रो आई थी, तब बहुत सारे मिडिल और अपर मिडिल क्लास के लोगों ने अपनी गाड़ियां छोड़कर मेट्रो से सफर करना शुरू कर दिया। लेकिन धीरे-धीरे मेट्रो में भीड़ बढ़ने लगी तो तो लोग दोबारा अपने निजी वाहनों पर आ गए।

दिल्ली में अब बसों की संख्या भी काफी ज्यादा बढ़ गई है। बसों में अब बहुत ज्यादा भीड़ नहीं होती है। वहीं, अक्सर देखने में आता है कि बसों में अधिकतर लोअर मिडिल क्लास और इकोनॉमिक क्लास के लोग यात्रा करते हैं। मिडिल और अपर मिडिल क्लास को अपने निजी वाहनों छोड़कर बसों में सफर करने के लिए प्रेरित करने के लिए यह योजना लाई जा रही है। इसके तहत प्रीमियम बसों (लग्जरी बसें) के एग्रीगेटर्स को लाइसेंस दिए जाएंगे। एक लाइसेंस होल्डर कम से कम 25 लग्जरी बसें लेकर आएगा, जो सड़कों पर दौड़ेंगी। एम ने बताया कि ये लग्जरी बसें पूरी तरह से वातानुकूलित होंगी। बस में कम से कम 9 सीट होनी चाहिए। इन बसों में वाईफाई, जीपीएस, सीसीटीवी होगा। इन बसों में खड़े होकर सफर करने की अनुमति नहीं होगी, हर एक को सीट मिलेगी। इन बसों में सीट डिजिटली बुक करानी होगी। ऐप पर जाकर कोई भी इन बसों में अपने लिए सीट बुक कर सकेगा। किराए का भुगतान केवल डिजिटल माध्यम से ही होगा। बस के अंदर टिकट नहीं मिलेगा। ये बस काफी आरामदेह और सुविधाजनक होगी। बस के चलने और गंतव्य तक पहुंचने का एक निश्चित समय होगा। सीएम ने भरोसा जताया कि बस सेवा शुरू होने के बाद बहुत सारे लोग अपने निजी वाहन छोड़कर इन लग्जरी बसों से सफर करेंगे। इससे यातायात जाम और वायु प्रदूषण भी कम होगा।

बसों का मार्ग सरकार नहीं ऑपरेटर तय करेंगे। केजरीवाल से प्रीमियम बस योजना की विशेषताएं बताते हुए कहा कि इन बसों का रूट दिल्ली सरकार तय नहीं करेगी, बल्कि बस ऑपरेटर तय करेंगे। जहां उसको लगता है कि अधिक सवारी मिल सकती हैं, उन मार्गों पर बसें ज्यादा चलेंगी। इससे ट्रैफिक कम होगा। रूट तय करने के बाद बस ऑपरेटर के लिए दिल्ली सरकार को सूचित करना अनिवार्य होगा। इन बसों का किराया भी बस ऑपरेटर ही तय करेगा। इसमें एक शर्त ये होगी कि दिल्ली सरकार के डीटीसी और एसी बसों का जो सबसे ज्यादा किराया है, उससे कम नहीं होना चाहिए, उससे ज्यादा हो सकता है। क्योंकि ये लग्जरी बसें हैं।

### उपेक्षा के चलते डीटीसी गहरे संकट में: भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने सार्वजनिक परिवहन नीतियों की दिशा पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन के लिए मौजूदा नीतियां राज्य की प्राथमिक सार्वजनिक परिवहन सेवा, दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की कीमत पर निजी बस ऑपरेटरों को फायदा पहुंचाने के लिए गलत इरादों से तैयार की गई हैं। वर्ष 2016 में अपने प्रयासों पर ध्यान आकर्षित करते हुए, गुप्ता ने साझा किया, मैंने इस तथ्य के कारण शिकायत दर्ज की थी कि नीति बिना मोटर वाहन अधिनियम में अपेक्षित सक्षम प्रावधानों के पेश की गई थी। केजरीवाल सरकार जिस उत्साह से इसे लागू करने पर जोर दे रही है यह नीति संभावित निहित स्वार्थों की ओर इशारा करती है। डीटीसी के बारे में विस्तार से बताते हुए गुप्ता ने पिछले कुछ वर्षों में हुई उपेक्षा पर अफसोस जताया कि बेड़े में बड़े पैमाने पर ऐसी बसें शामिल हैं जो 15 साल से अधिक पुरानी और खराब स्थिति में हैं।

# दिल्ली एनसीआर में सिर्फ इलेक्ट्रिक सीएनजी, बीएस छह बसें चलेंगी

- केंद्रीय वायु गुणवत्ता आयोग ने ऐलान किया है कि 1 नवंबर से फैसला होगा लागू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय वायु गुणवत्ता आयोग ने शुक्रवार को एलान किया है कि एक नवंबर से दिल्ली और एनसीआर के भीतर आने वाले हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के शहरों और कस्बों के बीच सिर्फ इलेक्ट्रिक, सीएनजी और बीएस छह डीजल बसों को चलाने की अनुमति दी जाएगी। इस कदम का लक्ष्य इस क्षेत्र में डीजल आधारित बसों से फैलने वाले प्रदूषण से निपटना है। इसका अंतिम लक्ष्य इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ना है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (एसीक्यूएम) ने यह घोषणा की।

प्रदूषण के स्तर को घटाने की कोशिश के तहत केंद्र ने अप्रैल, 2020 में घोषणा की थी कि भारत में बिकने वाली सभी गाड़ियां भारत चरण छह उत्सर्जन मापदंड पर आधारित होनी ही चाहिए।

भारत चरण उत्सर्जन मापदंड कार्बन मोनोऑक्साइड, पार्टिकुलेट मैटर जैसे वायु प्रदूषकों की वह कानूनी सीमा तय करते हैं जिसे भारत में गाड़ियां छोड़ सकती हैं। ए मापदंड उत्सर्जन नियंत्रण, ईंधन कुशलता, इंजन डिजाइन में सुधार पर केंद्रित हैं।

### केंद्र सरकार से पटाखों पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के साथ आयोजित राज्यों की संयुक्त बैठक में दिल्ली सरकार ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय से पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखे जलाने और डीजल बसों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मीडिया से बातचीत में कहा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, यूपी और राजस्थान के पर्यावरण मंत्रियों के साथ बैठक की। बैठक में दिल्ली सरकार ने एनसीआर में प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कई उपाय सुझाए। राय ने केंद्र से सर्दियों के दौरान प्रदूषण से निपटने के लिए एनसीआर के सभी राज्यों की बैठक बुलाने का अनुरोध किया था। यादव को लिखे पत्र में राय ने कहा था कि सरकार वायु प्रदूषण को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन ये कदम तब तक प्रभावी नहीं होंगे जब तक हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण के स्त्रोतों पर ध्यान नहीं देते।

# तिलक नगर में होगी प्रदेश कांग्रेस की प्रतिज्ञा रैली

- राजधानी के अलग-अलग स्थानों पर चल रही नुक्कड़ सभाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस के तत्वाधान में भाजपा की केन्द्र सरकार, सांसदों व चुने हुए प्रतिनिधियों के खिलाफ "जवाब दो-हिसाब दो" अभियान चला रही है।

पार्टी के वरिष्ठ नेता मुकेश शर्मा ने जारी एक बयान में कहा कि तिलक नगर में 22 अक्टूबर को दोपहर 3



बजे कांग्रेस की प्रतिज्ञा रैली होगी। रैली को प्रदेश अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के और दिल्ली के प्रभारी दीपक बाबरिया के अलावा पश्चिमी दिल्ली के सभी पूर्व विधायक व कांग्रेस केनेता भी संबोधित करेंगे।

प्रतिज्ञा रैली की तैयारियों के सिलसिले में सभी विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग नुक्कड़ सभाऐं आयोजित की जा रही है जिनको कांग्रेस के स्थानीय नेता, पूर्व विधायक, जिला व ब्लाक के अध्यक्ष संबोधित कर रहे है।

# हाईकोर्ट में दो नए अतिरिक्त न्यायाधीश ने ली शपथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च न्यायालय के दो अतिरिक्त न्यायाधीशों ने शुक्रवार को पद की शपथ ली। इसके साथ ही उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 44 हो गई है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा ने न्यायमूर्ति शलिंदर कौर और न्यायमूर्ति रविंद्र डुडेजा को शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह मुख्य न्यायाधीश की अदालत में उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और शपथ लेने वाले न्यायाधीशों के परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में हुआ। केंद्र सरकार ने 18 अक्टूबर को न्यायमूर्ति कौर और न्यायमूर्ति डुडेजा को उच्च न्यायालय




के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया था। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने इस महीने की शुरुआत में उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति करने के लिए उनके नामों की सिफारिश की थी। नई नियुक्तियों के बाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 44 हो गई है, जिनमें आठ महिला न्यायाधीश भी शामिल हैं।

# भगवान राम ने विश्व को एकता व समरसता का संदेश दिया: बोधराज सीकरी

### बोधराज सीकरी को 11 से अधिक रामलीलाओं में की शिरकत


गुरुग्राम में अपने साथियों के साथ रामलीला में पहुंचे बोधराज सीकरी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**समाजसेवी** बोधराज सीकरी ने अपनी जन्मभूमि और कर्मभूमि जैकमपुरा समेत शहर की 11 रामलीलाओं में शिरकत करके भगवान राम के संदेश को आगे बढ़ाया। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपनी सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका में रहें।

जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला में रमेश कालरा, कमल सलूजा, कपिल सलूजा आदि ने बोधराज सीकरी का भव्य स्वागत किया। उनकी टीम के सदस्यों ओमप्रकाश कथूरिया, धर्मेंद्र बजाज, गजेंद्र गोसाईं, रमेश कामरा, सतपाल नासा, युधिष्ठिर अलमादी, सतपाल नासा, रचना बजाज, पुष्पा नासा ने भी शिरकत की। यहां बोधराज सीकरी ने हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम के बारे में बताया। उन्होंने अपनी उम्र के 15 साल के समय को याद करते हुए रामलीला में राम का पात्र और लक्ष्मण मूर्छा के दृश्य को अपनी गायकी से पेश किया। यहां से वे अर्जुन नगर आदर्श रामलीला में पहुंचे। वहां गंगाधर खत्री, यशपाल ग्रोवर और उनके साथियों ने सभी का स्वागत किया।

डॉ. परमेश्वर अरोड़ा भी मौजूद रहे। यहां बोधराज सीकरी ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े पर्यावरणविद् मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम थे। जिन्होंने अपनी युवा अवस्था के 14 वर्ष वनों को दिये, ताकि वहां का पर्यावरण का संतुलन बना रहे। यहां से वे `अर्जुन नगर में ही दूसरी रामलीला में पहुंचे। उन्होंने इसी विषय को बच्चों को बताया। भीम नगर श्री सनातन धर्म सभा कृष्ण मंदिर द्वारा संचालित रामलीला में भी वे पहुंचे।

वहां प्रधान पवन पाहुजा, सीमा पाहुजा, किशोरी डुडेजा, भारत भूषण, सुभाष मल्होत्रा और अन्य उनके साथियों ने बड़ी गर्मजोशी से बोधराज सीकरी व साथियों का स्वागत किया। भीमनगर में ही पर्दे पर रामलीला जो दिखाई जाती है, उसमें भी बोधराज सीकरी शामिल हुए। इससे पूर्व वे गढ़ी हरसरू स्थित मां वैष्णो दरबार में भी गए। दरबार में जाकर बोधराज सीकरी ने अपने 12 साथियों के साथ नवरात्रों पर मां का आशीर्वाद लिया।

# राम भक्त ले चला राम की निशानी, अब इनकी छांव में रहेगी राजधानी...

### जैकबपुरा की श्री दुर्गा रामलीला में भरत मिलाप ने किया भाव-विभोर

### आकाश मार्ग से शूर्पणखा के आने की लीला ने किया रोमांचित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भरत** ने बड़े भाई राम के लिए राज तक त्याग दिया था। ऐसे ही त्याग की भावना हमारे समाज में हो, इसके हम सबको प्रयास करने चाहिए। परिवारों में भाइयों के बीच समर्पण की भावना होनी चाहिए। यह संदेश दिया गया जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला में। यहां भरत मिलाप की लीला ने भाव-विभोर कर दिया। यही कलाकारों की सफलता है।

सातवें दिन की लीला में दर्शकों में भरत मिलाप की लीला देखने को उत्सुकता रही। लीला में दिखा गया कि भरत राम को वापस अयोध्या लाने के लिए चल पड़ते हैं। यह समाचार सुनकर लक्ष्मण बहुत क्रोधित हो जाते हैं और श्री राम से कहते हैं कि जैसी माता, वैसा पुत्र। राजकुमार भरत अपनी सेना के साथ आप पर बड़े भाई राम पर हमला करने आ रहे हैं। वे यह सोचते हैं कि आप वन में अकेले हैं, हमारे पास कोई सैन्य शक्ति नहीं हैं। वे आसानी से हमें मारकर अयोध्या का राज्य हड़प लेंगे। तब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम लक्ष्मण को समझाते हुए कहते हैं कि शांत हो जाओ लक्ष्मण। भरत ऐसा नहीं हैं। उसके विचार बहुत ही उच्च हैं और उसका चरित्र बहुत ही अच्छा है। वो तो स्वप्न में भी अपने भाई के साथ ऐसा कुछ नहीं कर सकता। इस पर भी लक्ष्मण का क्रोध शांत नहीं होता और वे कहते हैं कि राजकुमार भरत अपने उद्देश्य में कभी सफल नहीं होंगे।


गुरुग्राम में रामलीला के दौरान राम के खडाऊ लेकर अयोध्या लौटते भरत।

भरत अपने बड़े भाई राम से मिलने को आतुर हैं। जैसे ही राजकुमार भरत अपने बड़े भाई श्रीराम को देखते हैं तो उन्हें दण्डवत प्रणाम करते हैं। साथ ही साथ उनकी आंखों से अविरल अश्रुधारा बहती हैं। दोनों ही भाई आपस में मिलकर भावुक हो उठते हैं। भरत पिता राजा दशरथ की मृत्यु का समाचार श्री राम को देते हैं तो राम, सीता, लक्ष्मण की आंखों से आंसु बहने लते हैं। भगवान राम नदी के तट पर अपने पिता महाराज दशरथ को विधि-विधान अनुसार श्रद्धांजलि देते हैं और अपनी अंजुली में जल लेकर अर्पण करते हैं। भरत राम को अयोध्या चलने के लिए मनाते हैं, लेकिन राम पिता के वचनों को पूरा करने की बात कहकर इससे इंकार कर देते हैं। आखिर में भरत श्रीराम की चरण पादुकाएं लेकर अयोध्या को चल पड़ते हैं। इसी दौरान गीत बजता है कि-राम भक्त ले चला राम की निशानी, अब इनकी छांव में रहेगी राजधानी...।

# हमारी एकता व अखंडता को बढ़ाते हैं हमारे त्योहार: सरपंच सुंदर लाल यादव

**गुरुग्राम।** आकर्षण फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार से छह दिवसीय (19 से 24 अक्टूबर) मां दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरुआत की गई। सेक्टर-83 में आयोजित इस कार्यक्रम में सरपंच सुंदर लाल यादव मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। फाउंडेशन के संस्थापक विश्वजीत रॉय व बहन गीतिका दास और उनकी पूरी टीम के साथ कर्मबीर यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम ग्रामीण भारत पर आधारित है, जिससे लोगों में सामाजिक मेल-मिलाप, सौहार्द व आपसी प्रेम को भी बढ़ावा मिलेगा। हम सभी को भी ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

इस अवसर पर अपने संबोधन में सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि हमारे त्योहार हमारी एकत व अखंडता को बढ़ाते हैं। हम सामान्य जीवन में जैसे भी रहें, लेकिन अपने तीज-त्योहारों पर हमारी एकता मजबूत नजर आती है। उन्होंने कहा कि हर राज्य अपनी संस्कृति अलग हो सकती है, लेकिन अपने त्योहारों पर हमारी श्रद्धा और भक्ति सांझी होती है। सुंदर लाल यादव ने कहा कि हम कहीं भी रहें, अपनी संस्कृति को ना भूलें। उन्होंने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे अपनी कला और संस्कृति को हमेशा जिंदा रखें। अपने पर्व हर जगह पर मनाएं। उन्होंने सभी को दुर्गा महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी एकता ही हमारी शक्ति होती है। एकता को कभी टूटने ना दें। हम सब अपने देश का सम्मान बढ़ाएं यह भी जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान चलाकर अलग-अलग राज्यों की संस्कृतियों को परस्पर सांझा करने का हमें मौका दिया है।


सेक्टर-83 में श्री दुर्गा पूजा महोत्सव में पहुंचे सुंदर लाल सरपंच।

# जेबीएल ने इस दिवाली 'हर मूड के लिए परफेक्ट साउंड' कैंपेन का अनावरण किया

### पूरे भारत में (डिजिटल) 50 दिवसीय ग्राहक कैंपेन का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**हारमन** के प्रमुख प्रतिष्ठित ऑडियो ब्रैंड, जेबीएल ने इस फेस्टिव सीज़न के तहत पूरे भारत के लिए अपने आगामी ग्राहक (डिजिटल) कैंपेन 'हर मूड के लिए परफेक्ट साउंड' की घोषणा की है। इस कैंपेन का संचालन 50 दिनों तक होगा। उक्त डिजिटल कैंपेन इस बात पर प्रकाश डालता है कि जेबीएल एक्टिव नॉइस कैंसिलेशन हेडफोन्स किस प्रकार सभी लोगों के लिए उपयुक्त हैं, जो उनकी दिनचर्या का अहम् हिस्सा होने का वादा करते हैं। त्योहार से पहले की भारी मात्रा में खरीदारी करने से लेकर वापस घर लौटने की बेबाक खुशी और बीच में हर तरह के कामों के दौरान, सभी प्रकार के मूड्स के लिए जेबीएल सर्वश्रेष्ठ विकल्प के रूप में उभरकर सामने आता है। जेबीएल की उत्कृष्ट साउंड क्वालिटी और एक्टिव नॉइस कैंसिलेशन के साथ यूज़र्स पीछे के शोर को म्यूट करके और त्योहारों को अनम्यूट करके अपनी निजी दुनिया में पूरी तरह डूब सकते हैं।




ट्रेडिशनल एडवर्टाइजिंग के तौर-तरीकों से परे, इस वर्ष का जेबीएल दिवाली कैंपेन कॉन्टेंट-संचालित दृष्टिकोण को अपनाता है, यानि यह ग्राहकों से जुड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म को प्रखर रखता है। यह कैंपेन संबंधित और रचनात्मक कॉन्टेंट की शक्ति का लाभ उठाता है, ताकि गहन रूप से लक्षित दर्शकों तक व्यापक पहुँच सुनिश्चित की जा सके। जेबीएल ने इस नए कॉन्टेंट डिप्लॉयमेंट दृष्टिकोण के प्रमुख उदाहरणों में से एक के रूप में 'म्यूट द वर्ल्ड परफॉर्मर सेगमेंट' लॉन्च करने के लिए क्रिकबज़ (CricBu55) के साथ साझेदारी की।

# रामलीला में आधी रात को किशोर की गोली मारकर हत्या


गुरुग्राम के भीम नगर स्थित रामलीला मैदान में युवक की गोली मारकर हत्या के मामले में रात को जांच करती पुलिस।

### भीम नगर की रामलीला में हुई यह घटना

### युवकों के बीच झगड़े के दौरान हुई यह घटना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुवार** की आधी रात को रामलीला मंचन के दौरान एक किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि रामलीला के दौरान कुछ युवकों का आपस में झगड़ा हुआ। किशोर के साथ टैंट के पीछे काफी झगड़ भी हुई और फिर उसको गोली मार दी। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही किशोर की मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। फिलहाल हत्यारे पुलिस पकड़ से बाहर हैं।

जानकारी के अनुसार यहां रेलवे रोड स्थित भीम नगर में रोजाना की तरह शांतिपूर्वक रामलीला का मंचन किया जा रहा था। सभी लोग रामलीला देखने में मशगूल थे। इस दौरान करीब साढ़े 12 बजे रामलीला के टैंट के पीछे कुछ युवकों का आपस में झगड़ा हो गया। यह झगड़ा आशीष नामक 16 वर्षीय किशोर के साथ था। रामलीला के शोर-शराबे में इस झगड़े का टैंट के अंदर किसी को पता नहीं चला।

झगड़ा इतना बढ़ गया कि युवकों ने किशोर आशीष को गोली मार दी और मौके से फरार हो गये। अन्य कुछ लोगों ने घायल युवक के बारे में पुलिस को सूचना दी। साथ ही घायल आशीष को उठाकर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल ले जाते समय ही आशीष की मौत हो गई। जैसे ही इस घटना का रामलीला आयोजकों, कलाकारों व आम जनता को चला तो अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में रामलीला का मंचन भी बंद कर दिया गया। बताया यह भी जा रहा है कि पहले तो उनके बीच झगड़े को लोगों ने शांत करा दिया था और युवक वहां से चले गए थे। उसके बाद वे फिर से वहां पर आए और आशीष को घेरकर मारपीट करते हुए उसे गोली मारी।

पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने शुक्रवार को बताया कि आरोपियों ने आपसी झगड़े में ही आशीष नामक किशोर को सिर में पीछे से गोली मारी। आशीष के चाचा के बयान पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मौके पर मौजूद पूर्व पार्षद पवन पाहुजा ने बताया कि रामलीला के दौरान पटाखा चलने जैसी आवाज तो आई थी, लेकिन किसी ने ज्यादा उसे पर ध्यान नहीं दिया। घटना के बारे में पता चलते ही रामलीला का मंचन बंद कर दिया गया।

# एसबीआई कार्ड ने फेस्टिव ऑफर 2023 की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** में क्रेडिट कार्ड जारी करने के एकल व्यवसाय का संचालन करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड ने फेस्टिव सीजन 2023 के तहत देश भर में अपने सभी कार्डधारकों के लिए कई रोमांचक ऑफर की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद, अब लाखों एसबीआई कार्ड ग्राहक लगभग 2200 मर्चेंट फंडेड और कैशबैक ऑफर का लाभ उठा सकते हैं, जिसके तहत टियर 2 और टियर 3 सहित प्रमुख शहरों में ऑनलाइन और ऑफलाइन मर्चेंट से खरीदारी करने पर कैशबैक का ऑफर दिया जा रहा है। इस ऑफर के दायरे में उपभोक्ता सामान, मोबाइल, लैपटॉप, फैशन, फर्नीचर, आभूषण और किराना सहित सभी लोकप्रिय कैटेगरी को शामिल किया गया है। ग्राहकों के लिए बड़ी खरीदारी को आसान व सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से, एसबीआई कार्ड ने कई प्रमुख ब्रांडों के साथ मिलकर ईएमआई पर आधारित कई ऑफर की पेशकश की है। फेस्टिव ऑफर 2023 के तहत, एसबीआई कार्ड की ओर से ग्राहकों को 600 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के ऑफर के साथ-साथ 1500 से ज्यादा क्षेत्रीय एवं हाइपरलोकल ऑफर दिए जा रहे हैं, जो 15 नवंबर 2023 तक मान्य होंगे। इस फेस्टिव ऑफर के हिस्से के रूप में, 2700 से ज्यादा शहरों में एसबीआई कार्ड के ग्राहक 27.5 प्रतिशत तक कैशबैक और तत्काल छूट के ऑफर का लाभ विभिन्न साझेदार ब्रांडों पर उठा सकते हैं, जिनमें फ्लिपकार्ट, अमेज़ॅन, मिंत्रा, रिलायंस रिटेल समूह, वेस्टसाइड, पैंटालून्स, मैक्स, तनिष्क और टीबीजेड शामिल हैं। सबसे बड़ी बात तो ये है कि, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मोबाइल और लैपटॉप सेगमेंट के प्रमुख ब्रांडों पर एसबीआई कार्ड के ईएमआई ऑफर उपलब्ध हैं। इन प्रमुख ब्रांडों में सैमसंग, एलजी, सोनी, ओप्पो, वीवो, पैनासोनिक, व्हर्लपूल, बॉश, आईएफबी, एचपी और डेल और इसी तरह के ढेर सारे ब्रांड्स शामिल हैं।



इस मौके पर एसबीआई कार्ड के एमडी एवं सीईओ, श्री अभिजीत चक्रवर्ती ने कहा, ''ग्राहकों को सबसे ज्यादा अहमियत देने वाले ब्रांड के नाते, हमने हमेशा अपने ग्राहकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के तरीकों पर विशेष ध्यान दिया है। उनके खरीदारी अनुभव को लगातार अधिक फायदेमंद बनाना भी हमारी इसी कोशिश का हिस्सा है। एसबीआई कार्ड फेस्टिव ऑफर 2023, सही मायने में इस दिशा में हमारे ईमानदार प्रयास की एक बेहतरीन मिसाल है। हम उम्मीद करते हैं कि, हमारी ये पहल हमारे कार्डधारकों के उत्सवों को और भी खुशहाल बना देगी और इसमें चार चांद लगाएगी।'' एसबीआई कार्ड के फेस्टिव ऑफर के बारे में अधिक जानकारी पाने के लिए देखें : www.sbi-card.com/festive.

# दिल्ली जीईपी के हरकदमबेटीकेसंग अभियान के माध्यम से डिजिटल युग में बालिकाओं का सशक्तिकरण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** में रूम टू रीड के बालिका शिक्षा कार्यक्रम (जीईपी) ने डिजिटल क्षेत्र में जरूरी जानकारी की कमी को दूर करने तथा टेक्नोलॉजी के ज़रिये बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए शुरू किए गए अपने प्रभावशाली अभियान, ''हरकदमबेटीकेसंग : डिजिटल राह बने सुगम'' का सफलतापूर्वक समापन किया। 11 से 20 अक्टूबर, 2023 के दौरान चलाए गए इस अभियान में दिल्ली एवं एनसीआर के गौतम बुद्ध नगर के प्रमुख जिलों को शामिल किया गया।

सशक्तिकरण और डिजिटल सामर्थ्य को बढ़ावा देने के शानदार उत्सव के तौर पर आयोजित हरकदमबेटीकेसंग अभियान का हाल ही में समापन हुआ, जो किशोर बालिकाओं के लिए सुरक्षित और सशक्त डिजिटल उपस्थिति को बढ़ावा देने के लिए एकजुट होकर की गई कोशिशों की एक मिसाल है। रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट द्वारा जोश व उत्साह से भरे किशोरी मेले के आयोजन के साथ इस अभियान की शुरुआत हुई, जिसमें नौ स्कूलों ने एक प्रभावशाली रैली, जानकारी प्रदान करने वाले पोस्टर और साइबर सुरक्षा पर आधारित इंटरैक्टिव गेम्स में भाग लिया। इसके बाद, 16 से 18 अक्टूबर के दौरान डिजिटल संवाद कार्यक्रम में टॉक शो, नुक्कड़ नाटक, रैंप वॉक जैसी आकर्षक गतिविधियों के साथ-साथ ''सुरक्षित एवं सशक्त डिजिटल उपस्थिति की ओर शुरू की गई यात्रा'' की थीम पर आधारित परिचर्चा में 2400 से अधिक लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।



डिजिटल संवाद कार्यक्रम के दौरान पैनल चर्चाओं में स्कूलों के प्रधानाचार्य, एसएमसी के सदस्य, एनजीओ के प्रतिनिधि, रूम टू रीड और साइबर सेल के विशेषज्ञ एकजुट हुए और उन्होंने सम्मिलित रूप से डिजिटल स्थानों को सुरक्षित बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। ''मैं और मेरी डिजिटल दुनिया'' थीम के तहत तैयार किए गए इस अभियान का व्यापक उद्देश्य बालिकाओं को डिजिटल कौशल से लैस करना, साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देना तथा लैंगिक आधार पर उत्तरदायी ऑनलाइन अनुभव सुनिश्चित करना था। जानकारी बढ़ाने वाला टॉक शो इस अभियान का एक मुख्य आकर्षण था, जिसमें जीईपी के विद्वानों, स्कूल के शिक्षकों, टीवाईसीआईए फाउंडेशन के प्रतिनिधियों, साइबर सेल के सदस्यों और एक साइबर विशेषज्ञ ने भाग लिया।

# गायक मलकीत सिंह का नया गाना मोबाइल लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**इंग्लैंड** में रहने वाले सुरील भारतीय गायक मलकीत सिंह के सुपर हिट गाने काली ऐनक के बाद मोबाइल विडियो गाना आज नोएडा के रवि सरीन फिल्म इंस्टीट्यूट में लॉन्च किया गया।

इंग्लैंड से पहुंचे मलकीत सिंह का स्वागत फिल्म इंस्टीट्यूट के 100 से अधिक बच्चों ने उनके नए गाने पर डांस करके किया, मलकीत भी अपने आप को डांस करने से रोक नही पाएं। प्रेस कांफ्रेंस में मलकीत ने बताया जमाना मोबाइल का है डिजीटल का है तो मोबाइल पर गाना बनाने का ख्याल आया लेकिन मोबाइल पर गाना बनाना चुनौती पूर्ण था । वीडियो में दिखाया गया वो अपनी प्रेयसी से कह रहे है जितना तुम मोबाइल पर व्यस्त रहती हो इसलिए बेहतर होता मैं मोबाइल होता तो हमेशा तुम्हारे साथ होता। सारा समय तो मोबाइल ही ले जाता है मेरी तरफ तो ध्यान ही नही है।

फिल्म इंस्टीट्यूट में मलकीत सिंह का स्वागत 250 से अधिक बड़ी बड़ी फिल्मों की शूटिंग जिम्मेदारी सम्भाल चुके रवि सरीन ने किया। रवि ने मलकीत सिंह को बताया यह देश का एकमात्र फिल्म इंस्टीट्यूट है जिसमे अपने बच्चो को बड़ी बड़ी फिल्मों की शूटिंग में काम करने का मौका मिलता है क्योंकि 90 प्रतिशत फीचर फिल्मों की शूटिंग दिल्ली और उत्तर भारत में वही संचालन करते है। इस मौके पर मलकीत ने बताया उनकी अभिनीत नई फिल्म साड़े लेक नए साल के आसपास रिलीज होगी। उसके प्रचार के लिए हम दोबारा रवि सरीन के पास आयेंगे।

# नई दिल्ली के कालकाजी मार्केट में खुला खादिम का नया स्टोर

### ब्रांड अभियान 'आपका खादिम सबका खादिम' शुरू

### त्योहारों में किफायती, स्टाइलिश रेंज की तलाश यहां समाप्त होगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**घरेलू** किफायती फैशन फुट टवियर ब्रांड खादिम इंडिया लिमिटेड ने नई दिल्ली के कालकाजी मार्केटमें अपना नया स्टोर खोला है। विभिन्न रणनीतिकबाज़ारों में और ज़्यादा स्टोर शुरू करके खादिम खुदरा बाज़ार में अपनी उपस्थिति को मज़बूत करने के लिए तैयार है। हल्दीराम के पास कालकाजी मार्केट में स्थित यह स्टोर हर अवसर पर पूरे परिवार के लिए स्टाइलिश, आकर्षक और किफायती रेंज लेकर लोगों के समक्ष उपस्थित हुआ है। उत्सव को एक ज़बरदस्त शुरुआत देने के लिए, खादिम लेकर आया है आकर्षक जूते और सहायक उपकरण का एक विशाल संग्रह और वह भी बेहद किफायती दामों में। यह नया स्टोर लोगों के लिए वन स्टॉप शॉप डेस्टिनेशन के रूप में काम करेगा यानी सभी के लिए यहाँ है बहुत कुछ।




फुटवियर और एक्सेसरीज़ सेगमेंट में नए, स्टाइलिश, टिकाऊ और फुल पैसा वसूल वाले उत्पाद यहाँ मिलेंगे। अपने प्राथमिक ब्रांड खादिम और उप ब्रांड ब्रिटिश वॉकर, लजार्ड, तुर्क, शेरोन, क्लियो, पीआरओ, बोनिटो और अन्य के अधीन पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए यहाँ है पूरा रेंज। खादिम ने शुरू किया है अपना ब्रांड अभियान ''आपका खादिम सबका खादिम'' यह अभियान ब्रांड की दीर्घकालिक विरासत को प्रदर्शित करता है और वर्षों से अपने उपभोक्ताओं के साथ ब्रांड के भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है। ब्रांड अभियान यह दर्शाता है कि आज भी उनका प्रिय फुटवियर ब्रांड पीढ़ियों से लोगों को 'किफायती फैशन उत्पाद' पेश करने के अपने जीवन दर्शन में विश्वास करता है।अभियान के साथ ब्रांड ने 1000 रुपये और उससे ज़्यादा की खरीदारी पर उपभोक्ताओं केलिए आकर्षक उपहार ऑफर शुरू किए हैं। कंपनी अपने पंख और फैला रही है और एक मज़बूत ओमनी चैनल उपस्थिति के साथ शहरी, अर्ध-शहरी तथा टियर 2 और 3 शहरों में खुदरा विस्तार के साथ बाज़ार में अपनी स्थिति को मज़बूत बना रही है। यह प्रत्येक भारतीय को वाज़िब कीमत पर फैशनेबल जूते उपलब्ध कराने के प्रति वचनबद्ध है।

# ट्रूकॉलर और दिल्ली पुलिस ने डिजिटल कम्युनिकेशन में सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए साइबरवाइज़ ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया

### दिल्ली पुलिस के युवा कार्यक्रम के तहत नागरिकों के लिए साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी, घोटाले की रोकथाम करने और नागरिकों के बीच साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ट्रूकॉलर के साथ साझेदारी की है, और इसी साझेदारी के तहत दिल्ली पुलिस व ट्रूकॉलर ने साथ मिलकर नागरिकों के लिए एक साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। साइबरवाइज़ ट्रेनिंग सेशन का हिंदी में आयोजन किया गया, और दिल्ली पुलिस के युवा कार्यक्रम के तहत लोगों को जरूरी डिजिटल सुरक्षा कौशल के साथ सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी लोगों को डिजिटल हाइजीन की बुनियादी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ ऑनलाइन निजी जानकारी की हिफाज़त करने तथा साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपायों के बारे में बताना शामिल था। डिजिटल कम्युनिकेशन में भरोसे को बढ़ावा देते हुए नागरिकों को ऑनलाइन होने वाले नुकसान के जोखिम को कम करने के लक्ष्य के साथ प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के अलावा, नागरिकों को इस बात के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं कि वे ऑनलाइन स्कैम, स्पैम, धोखाधड़ी और परेशान करने वाले कॉल के बारे में दिल्ली पुलिस को रिपोर्ट करके जरूरी कार्रवाई करें।


सुश्री सुमन नलवा, डीसीपी और पीआरओ, दिल्ली पुलिस और सुश्री प्रज्ञा मिश्रा, सार्वजनिक मामलों की निदेशक

इस पहल के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए, सुश्री सुमन नलवा, डीसीपी एवं पीआरओ, दिल्ली पुलिस ने कहा, ''दिल्ली पुलिस साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों को ऑनलाइन सुरक्षित रहने के लिए सशक्त बनाने के इरादे पर पूरी तरह अटल है। हमने ट्रूकॉलर के साथ मिलकर जो मुहिम शुरू की है उससे दिल्ली पुलिस के नकली अधिकारी बनकर फोन पर लोगों को झांसा देने के मामलों में कमी आई है, क्योंकि अब ट्रूकॉलर के गवर्नमेंट डायरेक्टरी सर्विस के जरिए ऑफिशियल नंबरों को वेरीफाई किया जाने लगा है। साइबरवाइज़ प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से, हमारा मिशन नागरिकों और युवा कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों को जरूरी जानकारी और कौशल प्रदान करना है, जो आज की डिजिटल दुनिया में अवसरों का उपयोग करने और अपनी हिफाज़त के लिए समझदारी से निर्णय लेने के लिए बेहद आवश्यक है। इस साझेदारी के बारे में अपनी राय जाहिर करते हुए, ट्रूकॉलर में सार्वजनिक मामलों की निदेशक, सुश्री प्रज्ञा मिश्रा ने कहा, ''हमें दिल्ली पुलिस के साथ ऑनलाइन सुरक्षा को बढ़ावा देने के अपने मिशन को जारी रखते हुए बेहद खुशी हो रही है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 21 अक्टूबर, 2023



# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जींद की टीम ने दो स्वर्ण व एक रजत पदक जीते

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर**-12 स्थित राज्य खेल परिसर में शिक्षा विभाग की तरफ से चल रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बालिकाओं के अंडर-14 वर्ग की जींद की टीम ने दो स्वर्ण व एक रजत पदक के साथ बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। वहीं रेवाड़ी की टीम एक स्वर्ण व एक रजत के साथ दूसरे स्थान पर और करनाल की टीम तीसरे स्थान पर रही है।

ईपी इवेंट में जींद की उमंग, खुशी व जाह्नवी ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। रेवाड़ी की ओर की दुआ यादव, हिरल वर्मा व प्रियंका ने बेहतरीन खेल की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में पंचकूला की अराध्या, यादवी, आर्या और श्रेष्ठा शामिल थी। इन टीम ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। सेबर इवेंट में जींद की अर्पिता, नव्या, गरिका व कनिका की टीम प्रथम, करनाल की इशिता, शगुन, हिमांशी व गीतिका की टीम दूसरे और फरीदाबाद की काव्या, सृष्टि, सैवी व तनीषा की टीम तीसरे स्थान पर रहीं। फाइल इवेंट में रेवाड़ी की हिरल वर्मा, दुआ यादव, प्रियंका प्रथम, जींद की प्राची, निवेदिता, लक्षिता व अनुष्का दूसरे और पंचकूला की आद्या, सान्वी, स्वाति व दीप्शा तीसरे स्थान पर रही।



अंडर-17 में वर्ग के सेबर इवेंट में हिसार, फरीदाबाद व पंचकूला क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहा। फाइल इवेंट में अंबाला, जींद, पंचकूला की टीम क्रमशः विजेता, प्रथम उपविजेता और द्वितीय उपविजेता रही। ईपी इवेंट में जींद पहले, हिसार दूसरे और अंबाला तीसरे स्थान पर रही। अंडर-19 के सेबर इवेंट में फरीदाबाद पहले, जींद दूसरे और पानीपत तीसरे स्थान पर रहा। फाइल इवेंट जींद प्रथम, फरीदाबाद द्वितीय और रेवाड़ी तृतीय रहा। इसके अलावा ईपी इवेंट में रेवाड़ी, पानीपत और जींद की टीम क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रही।

मुक्केबाजी के मुकाबले में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। अंडर-19 आयुवर्ग के 49-52 किलो में महेंद्रगढ़ के कुनाल, कुरुक्षेत्र के रमन दीप, भिवानी के आर्यन, गुरुग्राम के जतिन, रोहतक के सचिन ने जीत दर्ज की। 53-56 किलो में महेंद्रगढ़ के नवनीत, झज्जर के आर्यन, भिवानी के सचिन, पानीपत के तुषार ने जीत प्राप्त की। अंडर-17 वर्ग के 60 किलो में भिवानी के अर्जुन, महेंद्रगढ़ के हिमांशु, राई के रविंद्र, झज्जर के केशव, पानीपत के दिव्यम, कैथल के गौरव, जींद के जसविंदर और अरमान ने जीत प्राप्त की। 63 किलो में पलवल के देवेंद्र, रोहतक के अमन, फरीदाबाद के सुनील, हिसार के योग्य, करनाल के हर्षित, दादरी के यशजीत, सिरसा के भैरव, भिवानी के रिषभ विजयी रहे।

# अलग-अलग दुर्घटना में दो लोगों की मौत, एक घायल



## पुलिस ने चालकों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू की

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**अलग**-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। नेशनल हाइवे पर गदपुरी टोल प्लाजा के निकट पिकअप के अचानक ब्रेक लगाने से बाइक पीछे से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा घायल हो गया। पुलिस ने पिकअप ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

गदपुरी थाना प्रभारी राजवीर सिंह के अनुसार, दीघोट गांव निवासी सोनू ने दी शिकायत में कहा है कि उसके पिता महावीर दिल्ली के मालवीय नगर में नौकरी करते थे। 19 अक्टूबर को वह और उसके पिता दोनों बाइक से अपने गांव आ रहे थे। जब वे शाम करीब साढ़े आठ बजे गदपुरी टोल प्लाजा के निकट डूंडसा मोड़ पर पहुंचे तो तभी उनके आगे चल रही एक पिकअप गाड़ी ड्राइवर ने बिना किसी सिगनल के अचानक ब्रेक लगा दी। इसके कारण उनकी बाइक पिकअप के पीछे जा टकराई। टक्कर लगने से वह उछलकर झाड़ियों में जा गिरा और उसके पिता सड़क पर गिर पड़े। उनके पिता के सिर में गंभीर चोट आई। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर टोल प्लाजा के कर्मचारी पहुंच गए और एंबुलेंस बुलाकर उसके पिता को इलाज के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने जांच के बाद उसके पिता को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के बाद पिकअप ड्राइवर अपनी गाड़ी को लेकर मौके से फरार हो गया, लेकिन उसने पिकअप गाड़ी का नंबर नोट कर लिया।

वहीं दूसरी तरफ नेशनल हाइवे पर युवक की रेहड़ी में कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक की दुर्घटना में लगी चोटों के कारण मौत हो गई। पुलिस ने उसके चचेरे भाई की शिकायत पर कार ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

मुंडकटी थाना प्रभारी धर्मेंद्र के अनुसार, सराय गांव निवासी नजर मोहम्मद ने दी शिकायत में कहा है कि वह मेहनत मजदूरी करता है। उसके चाचा का लड़का सलमान बिरयानी बेचने का काम करता था। उसका चचेरा भाई सलमान अपनी रेहड़ी पर घर से बिरयानी बनाकर बेचने के लिए जा रहा था और वह उसके साथ-साथ चल रहा था। उसी दौरान नेशनल हाइवे पर स्थित पेट्रोल पंप के पास होडल की तरफ से आई एक कार ने उसके चचेरे भाई की रेहड़ी में सीधी टक्कर मार दी।

हादसे में उसका चचेरा भाई सलमान गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना को अंजाम देने वाली कार को बल्लभगढ़ अहीरवाड़ा निवासी राहुल सैनी चला रहा था। सवारी का इंतजाम कर वह सलमान को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पलवल लेकर पहुंचा। सलमान की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। दिल्ली में ट्रॉमा सेंटर में सलमान की मौत हो गई।

# सरस्वती महिला महाविद्यालय में हुआ राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन




पायनियर समाचार सेवा। पलवल

## कार्यक्रम में अनेक शिक्षाविदों ने अपने विचार सांझा किए

**सरस्वती** महिला महाविद्यालय पलवल में शुक्रवार को गणित विभाग द्वारा मानवता के विकास में गणित का महत्व विषय पर डीजीएचई अनुमोदित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार गणित का महत्व व उसके महत्वपूर्ण बिंदुओं पर केंद्रित रहा। सेमिनार के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. चंद्र के जग्गी, प्रोफेसर व पूर्व ऑपरेशनल रिसर्च विभागाध्यक्ष, दिल्ली विश्वविद्यालय रहे व विशिष्ठ अतिथि डॉ. राजीव कुमार, प्रोफेसर व पूर्व गणित विभागाध्यक्ष, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक रहे।


मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि, प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी, गणित विभागाध्यक्ष मिथलेश गुप्ता व आयोजन सचिव अमृता अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्या द्वारा पोर्ट प्लांटर देकर किया गया। आरंभ में डॉ. वंदना त्यागी ने स्वागत भाषण दिया। उसके बाद मिथलेश गुप्ता ने सेमिनार के मुख्य बिंदुओं का विवरण व्यक्त किया। डॉ. चंनद्र के जग्गी ने अपने व्यक्तव्य में गणित महत्ता व आवश्यकता पर बल डाला। अमृता अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन से प्रथम सत्र का समापन हुआ।

सेमिनार के तकनीकी सत्र में डॉ. राजीव कुमार ने गणित को व्यापार का प्राण व विज्ञान का जन्मदाता संबोधित कर गणित की आधारशीलता को व्यक्त किया। प्रोफेसर डॉ. नीतू गुप्ता जेसी बोस विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद ने स्वास्थ्य विकास में गणित की भूमिका को उजागर किया। गणित प्रोफेसर डॉ. तरूण गुप्ता, सत्यवती महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने वक्तव्य में गणित से संबंधित शोधों पर प्रस्तुति दी। तकनीकी सत्र के अंत में लगभग 50 सहायक प्रोफेसरों व शोध विद्यार्थियों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन शोध पत्रों की प्रस्तुति दी। सेमिनार में कुल 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

विदाई सत्र में मुख्य अतिथि अतुल मंगला, अतिरिक्त महाधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट, हरियाणा रहें। डॉ. वंदना त्यागी व मिथलेश गुप्ता ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ. राजीव कुमार ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की। तत्पश्चात सभी प्रतिभागियों को सेमिनार सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। सेमिनार का समापन मिथलेश गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन व राष्ट्रगान से हुआ।

# राज्य स्तरीय रेडक्रॉस शिविर में सराय ख्वाजा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा श्री अनंत प्रेम आश्रम, नंगली बेला, भूपतवाला, ऋषिकेश रोड, हरिद्वार, उत्तराखंड में आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा, फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस और सेंट जॉन एंबुलेंस द्यब्रिगेड सदस्य छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी है।



विद्यालय परिवार ने प्रतिभागिता कर रहे छात्रों और अध्यापकों का उत्साहवर्धन करते हुए शिविर में अच्छी प्रकार से रेडक्रॉस की गतिविधियों को समझने के लिए प्रोत्साहित किया है। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस काउंसलर और प्राचार्य रविंद्र मनचंदा ने कहा कि विद्यालय के पांच जूनियर रेडक्रॉस सदस्य, छात्र और अध्यापक रविंद्र डीपी 13 अक्टूबर से श्री अनंत प्रेम आश्रम हरिद्वार में स्टेट रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में प्रतिभागिता कर रहे हैं।

# गदपुरी आरोही मॉडल स्कूल में हुई 141 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**राष्ट्रीय** बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वावधान में उप सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी के मार्गदर्शन में आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल गदपुरी में छटी से 12वीं कक्षा तक के 141 छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच व स्क्रीनिंग की गई। शिविर में आरबीएसके टीम में आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ. रूप कुमार व औषधाकारक हरबीर सिंह ने सभी 141 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच व स्क्रीनिंग की।

मेडिकल ऑफिसर डॉ. रूप कुमार ने बताया कि शिविर में छात्र-छात्राओं के वजन, हाइट, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर तथा स्नेलन



चार्ट के द्वारा नेत्रों के वीजन यानि रिफ्रेंक्टिव एरर की जांच की गई। शिविर में फोर डीजीज बीमारियों जैसे जन्मजात रोग, डेफिशियेंसी, चाइल्डहुड डिजीज तथा डिसेबिलिटी के साथ डेवलपमेंटल डिले से संबंधित बच्चों के स्वास्थ्य की जांच व स्क्रीनिंग की गई। शिविर में जन्मजात रोग जैसे जन्मजात हृदय रोग, क्लब फुट (पैर के पंजे का अंदर की तरफ मुडा होना), न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट (पीठ पर फोड़ा होना), क्लेफ्ट लिप एंड पेलेट (कटे होंठ कटे तालु), जन्मजात बहरापन, अंधापन, डाउन सिंड्रोम, जन्मजात मोतियाबिंद, रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमेच्योरिटी, गंभीर एनीमिया, विटामिन ए, बी तथा विटामिन डी की कमी, कुपोषण, घेंगा, चर्म रोग, दंत रोग, कान बहना, ट्यूबरक्लोसिस (तपेदिक), श्वसन संबंधी, मिर्गी, भेंगापन, शारीरिक व मानसिक विकास में देरी, बोलने व चलने में देरी, न्यूरो मोटर इंपेयरमेंट, हेयरिंग इंपेयरमेंट आदि रोगों की जांच व स्क्रीनिंग की गई। शिविर में निरोगी हरियाणा योजना के अंतर्गत 14 छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच व स्क्रीनिंग भी की गई।

शिविर में डॉ. रूप कुमार ने स्कूली बच्चों को संतुलित भोजन ग्रहण करने, जंक फूड व फास्ट फूड न खाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गुड़ चने, मौसमी फल जैसे- अनार, चुकंदर खाने व लोहे की कढ़ाई में खाना बनाने के लिए प्रेरित किया।

# ज्यादा आराम और फास्ट फूड से कमजोर हो रही हड्डियां चिंता का विषय : डॉ. इंद्रजीत

## मेट्रो अस्पताल फरीदाबाद व गुरु नानक अस्पताल पलवल द्वारा निशुल्क स्पाइन हड्डी रोग जांच शिविर हुआ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**खराब** जीवन शैली, ज्यादा आराम और फास्ट फूड हड्डियों को लगातार कमजोर कर रहा है। हड्डियों में कैल्शियम और अन्य तत्वों की कमी से ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या लगातार बढ़ रही है। महिलाओं में मेनोपॉज के बाद हार्मोन के संतुलन से यह समस्या आ रही है।

गुरु नानक अस्पताल हड्डी और जोड़ रोग विशेषज्ञ फुट और एंकल स्पेशलिस्ट डॉक्टर इंद्रजीत सिंह ने बताया अस्पताल में चार से पांच



मरीज हड्डी में दर्द के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। मेट्रो अस्पताल फरीदाबाद के डॉक्टर सौरभ शर्मा ने बताया कि इस बीमारी से हड्डियां भूर भूरी हो जाती हैं और छोटी सी चोट भी फ्रेक्चर का कारण बन जाती है।

डॉक्टर इंद्रजीत ने बताया ऐसे कर सकते हैं पहचान। लगातार थकावट रहना, हाथ पैर में दर्द, कमर में दर्द, छोटी सी चोट पर हड्डियों का टूट जाना, मॉर्निंग सिकनेस। डॉक्टर ने बताया खान-पान रखें दुरुस्त, प्रोटीन और कैल्शियम से भरपूर डाइट लें, प्रोटीन के लिए सोयाबीन, दाल, मक्का, स्प्राउट और बींस को खाने में शामिल करें। दूध और दूध से बनी चीज ज्यादा खाएं, जिससे कैल्शियम की कमी को पूरा किया जा सके।


महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस 40 की उम्र के बाद ज्यादा प्रभावित करती है। महिलाओं में इस बीमारी के ज्यादा होने की बड़ी वजह मेनोपॉज है। महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी से मेनोपॉज के बाद यह समस्या आम है। उन्होंने बताया कि इसके कारण जेनेटिक फैक्टर प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन डी की कमी, बढ़ती उम्र, स्मोकिंग, डायबिटीज, थाइरॉएड जैसी बीमारियां हैं। इसके साथ ही मेट्रो अस्पातल फरीदाबाद से न्यूरो एंड स्पाइन निदेशक डॉक्टर विक्रम दुआ मुख्य रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने भी न्यूरो स्पाइन ओपीडी में मरीजों को निशुल्क देखा। गुरु नानक अस्पताल पलवल के हेड बिजनेस डेवलपमेंट विकास कुमार व मेट्रो अस्पताल से मार्केटिंग हेड इमरान सैफी ने बताया कि गुरु नानक अस्पताल में निशुल्क स्पाइन व हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विटामिन डी में बीएमडी की निशुल्क जांच की गई। रेडियोलॉजी एवं इमेजिंग टेस्ट पर 50 प्रतिशत की छूट दी गई। इसके अलावा लब इन्वेस्टिगेशन पर 30 प्रतिशत की छूट दी गई।

# गोवा में हरियाणा के 55 एथलीट खिलाड़ी दिखाएंगे दम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 37वें नेशनल गेम्स का आयोजन गोवा में किया जाएगा। नेशनल गेम्स में एथलेटिक्स हरियाणा के 22 पुरुष और 33 महिला एथलीट सहित कुल 55 एथलीट खिलाड़ी 29 अक्टूबर से तीन नवंबर तक अपनी बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाएंगे।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि नेशनल गेम्स गोवा में 55 एथलीट खिलाड़ी लेंगे और पांच टीम ऑफिसियल टीम के साथ नियुक्त किए गए हैं। पुरुष वर्ग में विक्रांत पांचाल फरीदाबाद 400 मीटर दौड़, कृष्ण कुमार भिवानी और सोमनाथ चौहान हिसार 800 मीटर दौड़, अमन चौधरी कुरुक्षेत्र एवं मनजीत रामेश्वर हिसार 1500



मीटर दौड़, अजय झज्जर 5000, गुरप्रीत अंबाला 5000 और 10000 मीटर दौड़, हरीश भिवानी 10000 मीटर दौड़, गौरव रोहतक और जशनसिंह दूहन पंचकूला 400 मीटर हर्डल इवेंट, बालकिशन भिवानी और शंकर लाल भिवानी 3000 मीटर स्टेपल चेज इवेंट, निर्भय सिंह भिवानी, सचिन सुहाग रोहतक डिस्कस थ्रो, अजय कुमार पानीपत पोलवालट, इंद्रजीत सिंह भिवानी शॉटपुट, अंजय कुमार सोनीपत, गौरव कुमार सोनीपत हैमर थ्रो, हरदीप भिवानी, संदीप कुमार सांगवान महेंद्रगढ़ 20 किलोमीटर रेसवॉक और मोहित पानीपत डैकथलान इवेंट में भाग लेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## केसीएम पब्लिक स्कूल बंचारी में मनाया नवरात्रि उत्सव




**पलवल।** केसीएम पब्लिक स्कूल बंचारी में शुक्रवार को नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्रबंधक व प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करने से की गई। इस उत्सव में कक्षा केजी-1 से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन शुभम द्वारा किया गया। केजी-1 और केजी-2 के विद्यार्थियों ने कविता पाठ कर तथा दुर्गा मां के नौ रूपों को दर्शाकर विद्यालय में भक्ति का समां बांध दिया। कक्षा पहली व दूसरी के विद्यार्थियों ने अपनी अध्यापिकाओं के साथ डांडिया नृत्य में भाग लिया और इसका आनंद लिया। दुर्गा मां की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। स्कूल के चेयरमैन राम नारायण भारद्वाज ने बच्चों को दशहरा क्यों मनाया जाता है, इसके बारे में बताया। स्कूल के डायरेक्टर देवदत्त भारद्वाज व प्रधानाचार्य सुनील आर्य ने बच्चों को नवरात्रि व दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सुनील आर्य ने इस पर्व की बधाई देते हुए सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का आयोजन किरण दीवान की देखरेख में किया गया।


## साइलेंसर चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नूंह के गांव चंदेनी निवासी मुनफैद और पलवल के गांव नखरौला निवासी शकील के रूप में हुई है। प्रभारी शीशपाल ने बताया कि आरोपियों को रिठौज गांव गुरुग्राम से 10 अक्टूबर को थाना मुजेसर के चोरी के मामले में गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। 17 अक्टूबर को आरोपियों को प्रोटेक्शन वारंट पर लेकर थाना सेक्टर-58 और थाना कोतवाली से गाड़ियों के सायलेंसर चोरी का मामला सुलझाया गया। आरोपियों ने चोरी का सायलेंसर 10 से 12 हजार में बेच डाले। आरोपियों से सायलेंसर चोरी के चार मामले सुलझाए गए। आरोपी मुनफैद से 1500 रुपये तथा शकील से 1000 रुपये बरामद हुए हैं। आरोपी शकील ड्राइवर है तथा मुनफैद गाडी ठीक करने का काम करता है। आरोपियों पर पूर्व में भी चोरी के मामले दर्ज हैं। पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेजा गया।

## आशा वर्करों की हड़ताल समाप्त

**फरीदाबाद।** आशा वर्कर्स की मांगों पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में बनी मांगों पर सहमति। यूनियन ने 73 दिन से जारी हड़ताल वापस लेने का फैसला लिया है। 20 अक्टूबर को सभी आशा वर्कर्स जिला मुख्यालयों पर सभाएं करके अपनी ड्यूटी ज्वाइंन करेंगी। आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा (सीटू) के आह्वान पर प्रदेश की 20000 आशा वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर 73 दिन से हड़ताल पर थी। अधिकारियों के साथ कई दौर की वार्ता के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में मांगो पर वार्ता थी। यूनियन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अध्यक्ष सुरेखा, महासचिव सुनीता ने किया। इसमें राज्य नेता प्रवेश, रानी, अनीता, कमलेश, मीरा, सुधा, सुदेश, नीलम व सीटू प्रदेश महासचिव जय भगवान शामिल रहे।

## राज्य स्तरीय रेडक्रॉस शिविर में पलवल जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**पलवल।** रेडक्रॉस सोसाइटी चंडीगढ़ हरियाणा के तत्वावधान में हरिद्वार में आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर में पलवल जिले की टीम ने तीन प्रतियोगिताओं में विजय प्राप्त करके जिले का नाम रोशन किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल ने बताया हरिद्वार के नंगली बेला स्थित श्री अनंतप्रेम आश्रम में 13 से 19 अक्टूबर तक संस्था द्वारा राज्य स्तरीय शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिला पलवल की टीम ने समूह नृत्य में प्रथम, समूह गान में तृतीय तथा लघु नाटिका में तृतीय स्थान प्राप्त करके जिले को गौरवान्वित किया है। शिविर में हरियाणा के सभी जिलों से 44 टीमों ने भाग लिया था। रेडक्रॉस हरियाणा की उपाध्यक्ष सुषमा गुप्ता तथा कैंप डायरेक्टर रामाशीष मंडल द्वारा टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जिला टीम में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होडल तथा शहीद रामबीर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा से संस्था के आजीवन सदस्य टीम लीडर योगेंद्र कुमार एवं प्रभु दयाल हंस के नेतृत्व में छात्र अक्षय, सौरभ, राहुल, हितेश, मयंक, सचिन, नेमचंद, पृथ्वी, रोहन, हिमेश ने भाग लिया था। टीम को शानदार प्रदर्शन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी होडल किरण बाला, प्रधानाचार्य राकेश बघेल, दीपिका द्वारा बधाई दी गई।

## कॉलोनी की गतिविधियों के लिए हुई बैठक



**पलवल।** आरडब्ल्यूए शिव विहार कॉलोनी रेजिडेंट विकास सोसायटी की एक मीटिंग बुलाई गई। जिसमें आरडब्ल्यूए के प्रधान राजकुमार शर्मा एडवोकेट, उपप्रधान जितेश कौशिष एडवोकेट, महासचिव रवि डांगी एडवोकेट, सह सचिव शिव ओम भार्गव, कोषाध्यक्ष सतीश सिंगला, कार्यकारिणी सदस्य जगदीश रावत, सुंदर बघेल और भूदत्त शर्मा मौजूद रहे। जिसका उद्देश्य कॉलोनी में हो रही असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए सरस्वती महिला कॉलेज की साथ वाली गली में स्कूल व कॉलेज के समय में एक पुलिस की गाड़ी की व्यवस्था बनाने के बारे में एक ज्ञापन लिखा गया। ज्ञापन एसपी को दिया गया, जिसपर तुरंत कार्रवाई करते हुए एसपी ने एसएचओ सिटी को तुरंत कार्रवाई करने के आदेश दिए। एसएचओ द्वारा कॉलेज पर आकर मौके से 3/4 लड़को के खिलाफ कार्रवाई भी की।

## स्मार्ट मीटरों के नाम पर जनता को लूट रही है सरकार

**फरीदाबाद।** जनता की जेब काटकर पैसे कैसे कमाए जाएं, भाजपा सरकार रात दिन इसी सोच में लगी रहती है। हरियाणा में नौ साल में ये लोग तीन-चार बार लोगों के मीटर बदल चुके हैं और इससे बिजली का बिल कई गुणा बढ़ गया, लेकिन 24 घंटे बिजली अब भी नहीं दे पा रहे हैं। ये कहना है आम आदमी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का, जिन्होंने जवाहर कॉलोनी में जनसंपर्क अभियान के दौरान देखा कि लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं और लोग परेशान दिख रहे हैं। वहां के लोगों ने भड़ाना को बताया कि दो कमरे के मकान का बिजली का बिल पहले 200 से 300 रुपये आता था, लेकिन अब कई वर्षों से दो से तीन हजार रुपये आ रहा है। बिजली के बिलों में 10 गुणा तक बढ़ोत्तरी हो गई है। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि अब तो लोग 100-200 वाट की बल्ब भी नहीं जला रहे हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 21 अक्टूबर, 2023



## फिलिस्तीनियों पर संकट

### समाधान की आशा

**फिलिस्तीनियों पर संकट** लगातार बढ़ता जा रहा है, हालांकि इसके समाधान की आशा भी पैदा हो रही है। गाज़ा पर इज़राइल के जवाबी हमले के कारण मानवीय संकट पैदा हो गया है जो एक अस्पताल पर हमले से खासतौर से व्यथित करने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चिन्ता प्रकट करते हुए इज़राइल से संयम बरतने को कहा है। गाजा के भीड़ से भरे अल-अहली अस्पताल पर राकेट हमला वर्तमान युद्ध की सर्वाधिक भयानक घटना है। अकेले इस हमले में 500 निरपराध उन लोगों को जान से हाथ धोने पड़े हैं जिनको पहले से ही इलाज की आवश्यकता थी। हमास ने इस हमले की जिम्मेदारी इज़राइल पर डाली है, जबकि उसने संलिप्तता से इनकार किया है। इज़राइल ने अनेक वीडियो, आडियो व अन्य सूचनायें जारी कर कहा है कि यह धमाका गाज़ा में सक्रिय एक और चरमपंथी संगठन 'इस्लामी जिहाद' द्वारा दागे राकेट के मिसफायर होने से हुआ है। इस्लामी जिहाद ने इस दावे का खंडन किया है। तथ्य यह है कि इलाज कराने वाले सैकड़ों नागरिकों की मौत कतई स्वीकार्य नहीं है, भले ही यह किसी के मिसाइल से हुई हों। यह सर्वोच्च स्तर का मानवीय संकट है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ-साफ इज़राइल को अपना 'गुस्सा' प्रकट करने में सावधानी तथा संयम बरतने की सलाह दी है। यह इज़राइल को ऐतिहासिक रूप से बिना शर्त दिए जा रहे अमेरिकी समर्थन में महत्वपूर्ण बदलाव है और वर्तमान टकराव में ज्यादा संतुलित दृष्टिकोण का संकेत देता है। इज़राइल की यात्रा पर आए बाइडेन ने गाज़ा और पश्चिमी किनारे पर टकराव के कारण प्रभावित फिलिस्तीनियों को सद्भावना



संकेत के रूप में 100 मिलियन डालर मानवीय सहायता की घोषणा की। अपनी ओर से इज़राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू ने कहा था कि बाइडेन की प्रार्थना पर मिस्र से गाज़ा में 'सीमित मानवीय सहायता' की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, यह तथ्य अपनी जगह है कि मिस्र तथा अन्य अरब देश फिलिस्तीनी शरणार्थियों को लेने को तैयार नहीं हैं। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मलाला यूसुफजई ने 300 हजार डालर गाज़ा को दान दिए हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक तथा कुछ अन्य पड़ोसी देशों के सर्वोच्च नेता प्रधानमंत्री नेतनयाहू से मिलने इज़राइल गए हैं।

इस बीच हर गुजरते दिन के साथ मानवीय संकट बढ़ता जा रहा है। हजारों फिलिस्तीनी मारे गए हैं या विकलांग हो गए हैं तथा असंख्य घर, स्कूल और अस्पताल नष्ट हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ समस्या के शांतिपूर्ण समाधान का प्रयास कर रहा है, पर उसके पास युद्धविराम आदेश देने का कोई रास्ता नहीं है। इज़राइल-हमास टकराव अचानक 7 अक्टूबर को फूट पड़ा जब फिलिस्तीन पर नियंत्रण करने वाले चरमपंथी समूह ने इज़राइल पर लगभग 5,000 राकेट दागे। इससे इज़राइल को प्रतिक्रिया तथा गाज़ा पर हमले का अवसर मिल गया। अंततः यह इज़राइल बनाम फिलिस्तीनी शहरी वाला मामला बन गया, जबकि उनकी कोई गलती नहीं है। उनकी बिजली, ईंधन, भोजन और पानी की सप्लाई इज़राइल के नियंत्रण में है। यह सब बंद कर दिया गया है जिससे गाज़ा एक खुली जेल व कब्रिस्तान जैसा बन गया है। इज़राइल पर धीरे-धीरे, लेकिन निश्चित रूप से दबाव बढ़ रहा है कि वह जल्दी युद्धविराम करे तथा वर्तमान युद्धक गतिविधियों पर विराम लगाए। इज़राइल की छवि अरब दुनिया के बाहर भी खराब हो रही है। लगता है कि अब वह कट्टरपंथी योजनाओं पर आगे बढ़ने के बजाय नुकसान की भरपाई करना ज्यादा पसंद करेगा।

# महिला उग्रवादीकरण की प्रवृत्ति

**आतंकवादी संगठन भावनाओं को भड़का कर महिलाओं को उग्रवादी बनाते हैं और फिर अपने दुष्टतापूर्ण षडयंत्रों में उनका प्रयोग करते हैं। आतंकवाद-विरोध के दृष्टिकोण से इस प्रवृत्ति के गहन अध्ययन की आवश्यकता है।**



**निशाकांत ओझा**
(लेखक, सुरक्षा विशेषज्ञ हैं)



भारत में विभिन्न आतंकी समूह अलग-अलग उद्देश्यों, प्रेरणाओं व विश्वासों से काम करते हुए महिलाओं का प्रयोग करते हैं। इस बारे में प्राप्त सूचनायें चिन्ताजनक हैं। मोटेतौर से भारत में महिलाओं की संलिप्तता मनोवैज्ञानिक युद्धों में सामने आई है जिनका संबंध वामपंथी विचारधारा वाले समूहों व खासकर नक्सलवादियों से है। इन समूहों में महिलाओं की भूमिका बहुत प्रभावशाली है जो अग्रणी नेताओं तथा अनुयाइयों के रूप में सक्रिय हैं। हाल में 'जिहादी' उत्पीड़न में भी भारत में महिलाओं की भूमिका सामने आई है। उदाहरण के लिए, 2018 में महाराष्ट्र में महिलाओं का एक समूह पकड़ा गया था जिसका उद्देश्य भय पैदा करने वाले हमले करना था। ये महिलायें जानबूझ कर इस्लामिक स्टेट-आईएस के लोगों से संपर्क कर भारत में नुकसान पहुंचाने वाले हमले करने में शामिल होना चाहती थीं।

हालांकि, भारत में 'राष्ट्र-विरोधी सशस्त्र संघर्ष' में महिलाओं का योगदान सामान्य रूप से पुरुषों की तुलना में कम है। इसका कारण वे सामाजिक आयाम हैं जो महिलाओं की परिवर्तनशीलता को सीमित करते हैं तथा इनसे उनमें कठोर कार्रवाइयों के प्रति प्रतिबद्धता की क्षमता में कमी आती है। भय पैदा करने वाले विभिन्न समूहों के पुरुष-केन्द्रित होने के कारण इनमें महिलाओं को चुनौतीपूर्ण प्रशासनिक पदों या पदानुक्रम के अनुसार प्रगति में बाधा आती है। इससे वे महत्वपूर्ण गतिविधियों व कार्रवाइयों में हिस्सा नहीं ले पाती हैं। लेकिन इस तथ्य पर गौर करना जरूरी है कि भारत में सशस्त्र संघर्षों में महिलाओं का पश्चिम-मध्य-पूर्व में योगदान अलग-थलग कर नहीं देखा जाना चाहिए। राजनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दुष्टतापूर्ण गतिविधियों के प्रयोग के पैटर्न पर व्यापक अध्ययन की आवश्यकता है।

भारत में सशस्त्र संघर्ष के विभिन्न संचालक तत्वों पर गौर करने की जरूरत है जिनमें निजीकरण, असंतुलन तथा राजनीतिक कम मूल्यांकन शामिल हैं। यह सभी प्रकार के लोगों के आंकलन के लिए जरूरी है जो भय-पैदा करने का काम करते हैं। हालांकि, कट्टरपंथी राजनीतिक गतिविधियों की नियमित भूमिकाओं में महिलाओं को अधिकांशतः हाशिए पर धकेल दिया जाता है, पर हालिया वर्षों में वे उग्रवादी समूहों के हमलों में 60 प्रतिशत तक भूमिका निभाती दिखी हैं। भारत के संदर्भ में मनोवैज्ञानिक युद्ध में महिलाओं की भर्ती तथा उनका उग्रवादीकरण लंबे समय से विभिन्न समूहों में देखने को मिला है। यह खास समूह की प्रकृति पर निर्भर करता है।

महिलाओं के विभिन्न उग्रवादी समूहों में शामिल होने के अनेक कारणों की व्यापक पहचान की गई है। महिलाओं की भर्ती और उनका उग्रवादीकरण मनोवैज्ञानिक शिक्षण के माध्यम से होता है। इसमें वेब-आधारित कार्यक्रम, आनलाइन मनोरंजन या चयनित प्रतिनिधियों या विचारधाराओं के साथ व्यक्तिगत सहयोग शामिल हैं। महिलाओं को ऐसे चरमपंथी दर्शनों की ओर आकर्षित किया जा सकता है जो उनको दिशा, स्थान व शक्ति का अहसास कराते हों। महिलाओं को समझा-बुझा कर या दबाव डाल कर मनोवैज्ञानिक उत्पीड़क समूहों में शामिल किया जा सकता है। इसके लिए उनको खतरों तथा उनके या उनके परिवार के प्रति अत्याचारों का सहारा लिया जा सकता है। उदाहरण के लिए, परिवारों को जोखिम का संदेह बढ़ सकता है क्योंकि वे अपनी छोटी बच्चियों या परिवार सदस्यों को भय-आधारित उत्पीड़क समूहों में जाने की अनुमति नहीं देते हैं। ऐसे परिवारों पर धमकियों का प्रभाव जल्दी पड़ता है। महिलाओं को विशेष संवाद, विचार-विमर्श या संगठनों के माध्यम से साथ लाया जा सकता है। इसमें रिश्तेदारों, कंपनियों या सहायकों की भूमिका हो सकती है जो भय-आधारित उत्पीड़क गतिविधियों में शामिल होते हैं। महिलाओं को कट्टरपंथी विचारधाराओं के प्रति आकर्षित किया जा सकता है जिसमें ऐसे समूहों के लोगों से संवाद मुख्य भूमिका अदा करते हैं।

महिलाओं को वित्तीय लाभ या वित्तीय सहायता के माध्यम से जोड़ा जा सकता है। महिलायें अपनी कठोर या नस्ली पृष्ठभूमि के कारण उग्रवादीकरण का शिकार बन सकती हैं। इसके लिए उत्पीड़क प्रचार का सहायता लिया जाता है ताकि उनके नस्ली समुदाय अपनी आवाज उठा सकें, अपनी चरमपंथी गतिविधियों को वैध ठहरा सकें या विशेष नस्ली समूहों को उत्पीड़ित या शोषित बता सकें।

विश्लेषण से पता चला है कि 'राज्य के विरुद्ध युद्ध' छेड़ने वाले संगठन में भर्ती के लिए मोटेतोर से चार प्रमुख दृष्टिकोण का प्रयोग किया जाता है। आमतौर से माना जाता है कि 'मनोवैज्ञानिक उत्पीड़क तैयार किए जाते हैं'। शुरुआत में उनको एक समूह में शामिल कराया जाता है। कुछ लोगों के लिए यह समूह का हिस्सा बनने तथा अपनी पहचान को महत्व मिलने की तरह होता है। इसके साथ ही यह विश्वास पैदा किया जाता है कि यह समूह 'वैध' है तथा इसमें नागरिक शामिल हो सकते हैं। एक और हिस्सा सामाजिक सहायता है। इसमें वेब-आधारित मनोरंजन के माध्यम से भावी मनोवैज्ञानिक उग्रवादी तैयार किए जाते हैं।

वर्चुअल मनोरंजन के विभिन्न स्तरों का प्रयोग कर लोगों को उग्रवादी बनाया जा सकता है, इस्लामिक स्टेट के चयनित प्रतिनिधि पश्चिमी लोगों के निरंतर संपर्क में रह सकते हैं जिससे वे सार्थक संवाद के माध्यम से उनको समूह में शामिल होने के लिए समझा सकते हैं। मनोवैज्ञानिक उत्पीड़क बनाने के लिए व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं तथा कमजोरियों का लाभ उठाया जाता है। पश्चिमी देशों में रहने वाले अनेक मुसलमानों की परिस्थितियों व पृष्ठभूमि के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि वे इस्लामिक स्टेट जैसे उग्रवादी समूहों में क्यों शामिल होते हैं या उनकी सहायता करते हैं।

यह तथ्य स्पष्ट है कि अनेक पश्चिमी देशों में 'इस्लामोफोबिया' एक मुद्दा है। उग्रवादी इस मुद्दे को हवा देकर इस्लामोफोबिया के विस्तार में सहायता करते हैं। भय पैदा करने वाले हर हमले के बाद मुसलमानों के प्रति व्यापक घृणा बढ़ती है तथा उन पर हमले हो सकते हैं। मुसलमानों को गलत ठहराने तथा उनके खिलाफ प्रदर्शन करने वाले समूह सामने आते हैं। मुस्लिम महिलाओं द्वारा हिजाब पहनने को मुस्लिम पुरुषों की तुलना में उनके साथ किए जाने वाले भेदभाव की तरह देखा जाता है। हिजाब पहनने से ये महिलायें स्पष्ट रूप से मुस्लिम घोषित हो जाती हैं और इस कारण उन पर निशाना लगाना आसान हो जाता है।

भय-आधारित उत्पीड़क समूहों की महिलायें ही महिलाओं को आकर्षित करने का एकमात्र माध्यम नहीं हैं। अक्सर पुरुष छोटे बच्चों के साथ खेलते हैं जिसे देख कर महिलायें उनके मासूम होने के प्रति भावनात्मक हो कर ऐसे पुरुषों के जाल में फंस सकती हैं। अलकायदा द्वारा तैयार मैनुअल 'अ कोर्स इन द क्राफ्ट आफ सेलेक्टिंग' ईराक में अमेरिकी अधिकारियों को मिला था। इसमें अनेक दिशानिर्देश दिए गए हैं। इसमें अच्छे व्यक्ति के रूप में दिखने के लिए अपनी सारी ऊर्जा लगाने की बात कही गई है जिसमें जिहाद को छोड़ कर इस्लाम के मूल तत्व प्रदर्शित करने तथा चयनित व लक्षित समूह से सभ्यतापूर्वक बातचीत व व्यवहार के निर्देश दिए गए हैं। इसके अनुसार अधिकांश युवा महिलायें या लड़कियां 'हैंडलर' होती हैं जिनको भर्ती करने वाले विशेषज्ञों में शामिल किया जाता है।

किसी नौजवान के लिए हाईस्कूल पढ़ाई के दिन उसे भटकाने वाले, विरोध की भावना पैदा करने वाले तथा भावनाओं का अनुभव वाले हो सकते हैं। यह भी एक तथ्य है कि चालाकी के अभाव तथा भावनात्मक विकास के कारण छोटे बच्चे भी मनोवैज्ञानिक उत्पीड़क समूह में शामिल होने की आवश्यकता समझ सकते हैं। इसके साथ ही इस्लामिक स्टेट में शामिल होने वाले बहुत से लोगों को स्वयं इस्लाम के बारे में सही सूचना नहीं होती है। इसके परिणामस्वरूप वे ज्यादा जोखिम के शिकार होते हैं और जाल में फंस कर इस्लामिक स्टेट में शामिल हो सकते हैं।

महिलाओं का उग्रवादीकरण एक छोटा हिस्सा है, लेकिन इसके बारे में गंभीरता से विचार कर आतंकवाद-विरोध की रणनीतियां बनाई जानी चाहिए।

# गाज़ा पर हमलों से पश्चिम एशिया में अशांति

> अमेरिका द्वारा मान्यता प्राप्त आतंकी समूह हमास द्वारा किए गए कायरतापूर्ण कृत्य की प्रतिक्रिया के रूप में आतंक के खिलाफ जारी युद्ध, इसे क्षेत्र में वापस खींच सकता है।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



पिछले वर्ष की लगभग हर भू-राजनीतिक चर्चा के बीच, दो विश्व नेताओं ने आतंक के खिलाफ इजराइल द्वारा जारी युद्ध को हल करने के लिए अपने-अपने देशों की यात्रा की। अमेरिकी राष्ट्रपति, जो बिडेन ने पश्चिम एशिया में अपने सबसे करीबी सहयोगियों में से एक के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए इज़राइल की यात्रा की। उनका अगला पड़ाव जॉर्डन था जहां व्हाइट हाउस के बयान के अनुसार, राष्ट्रपति की यात्रा ने दोहराया कि हमास फिलिस्तीनी लोगों के सम्मान और आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए खड़ा नहीं है और गाजा में नागरिकों की मानवीय जरूरतों पर चर्चा नहीं करता है। राष्ट्रपति ने यात्रा के दौरान अम्मान में मिस्र और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के नेताओं से भी मुलाकात की। राष्ट्रपति की इज़राइल यात्रा से जुड़े जोखिमों का सावधानीपूर्वक संतुलन पृष्ठभूमि में रहा, व्हाइट हाउस के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने उच्च-स्तरीय यात्रा के संभावित पीआर परिणामों के बारे में स्वीकार किया।

गाजा पर जमीनी हमले का डर, आसपास के क्षेत्र में अमेरिकी नौसैनिकों के साथ, या इसमें शामिल होने से फिलिस्तीनियों की भारी क्षति हो सकती है, जिससे वैश्विक स्तर पर आतंक के खिलाफ युद्ध के खिलाफ प्रतिक्रिया हो सकती है। दुनिया भर के लोगों की सामूहिक स्मृति इस समय मानवीय त्रासदी और मलबे के ढेर के दृश्यों से भरी हुई है, जो पहले पिछले साल यूक्रेन में युद्ध और उसके बाद गाजा पट्टी के कारण हुई थी, हालांकि, उनमें से कई लोगों ने इसे पसंद किया होगा, कुछ ने कोविड-प्रेरित आर्थिक दुर्भाग्य से बाहर आने के लिए अधिक समय। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रपति बिडेन को अगले साल एक कठिन पुनः चुनाव का सामना करना पड़ेगा, अमेरिका में राजनीतिक भावनाओं के साथ राज्य/युद्ध की संख्या के



बारे में फिसलन भरी जमीन है जो अमेरिका बर्दाश्त कर सकता है। विश्व, विशेष रूप से अमेरिकी नागरिक, युद्ध की थकान से ग्रस्त हो सकते हैं, यूक्रेन में, जो सीधे तौर पर अरबों डॉलर की सहायता प्राप्त कर रहा है, दूसरे वर्ष में भी ख़त्म होने से इनकार कर रहा है।

इस समय, राष्ट्रपति बिडेन के लिए, पश्चिम एशिया में अपने सहयोगी इज़राइल के साथ पूर्ण रूप से आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ युद्ध में शामिल होना, घरेलू राजनीतिक समीकरणों को उचित रूप से परेशान कर सकता है। पिछले एक दशक में अमेरिका धीरे-धीरे पश्चिम एशिया से बाहर निकल गया है और इसे स्थानीय संप्रभु खिलाड़ियों पर एक-दूसरे की संवेदनशीलता के साथ समझौता करने के लिए छोड़ दिया है। अमेरिका द्वारा मान्यता प्राप्त आतंकवादी समूह हमास द्वारा किए गए कायरतापूर्ण कृत्य की प्रतिक्रिया के रूप में आतंक के खिलाफ चल रहा युद्ध, इसे क्षेत्र में वापस खींच सकता है, जिससे आसपास के कई अन्य देशों के साथ इसके मौजूदा द्विपक्षीय संबंध खराब हो सकते हैं। निश्चित रूप से, अमेरिका ने अरब दुनिया और इज़राइल को अब्राहम समझौते के माध्यम से धीरे-धीरे समझौता करना शुरू करने के लिए प्रेरित किया, जिसमें वाशिंगटन डीसी द्वारा आम भलाई की दिशा में काम करने के लिए राजी किए गए देशों के बीच द्विपक्षीय समझौतों का एक समूह शामिल था। अमेरिका ने जी22 ढांचे को भी एक साथ जोड़ा, जिसने भारत, इज़राइल और यूएई को चिंता के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया। पश्चिम एशिया में मौजूदा संघर्ष इनमें से कुछ समीकरणों को बिगाड़ सकता है।

इस बीच, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बीजिंग पहुंचे, यह इस साल की शुरुआत में अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी करने के बाद उनकी दूसरी अंतरराष्ट्रीय यात्रा है। इस यात्रा का व्यापक रूप से अनुसरण किया गया, क्योंकि इसने रूस और चीन के बीच कोई सीमा नहीं दोस्ती की पुनरावृत्ति को चिह्नित किया, जो अमेरिका और उसके सहयोगियों के बिना विश्व व्यवस्था का नेतृत्व करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले साल यूक्रेन पर हमला करने से ठीक पहले राष्ट्रपति पुतिन ने बीजिंग की यात्रा की थी। इस बीच, आईसीसी द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के बावजूद, राष्ट्रपति शी राजकीय यात्रा पर मास्को पहुंचे और रूसी प्रीमियर की प्रशंसा की। इस सप्ताह राष्ट्रपति पुतिन की बीजिंग यात्रा बेल्ट एंड रोड पहल का समर्थन करने के लिए थी, जिसे उन्होंने पहले अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए कहा था।

इस बीच, भारत को अमेरिका के साथ मिलकर आतंक के खिलाफ युद्ध में इजरायल को पूर्ण समर्थन देकर एक कड़ी कूटनीतिक भूमिका निभानी होगी। भारत ने रूस के साथ अपने संबंध नहीं तोड़े हैं, जबकि सैन्य संघर्ष के कारण चीन के साथ उसके असामान्य संबंध निरंतर बने हुए हैं और वह बेल्ट एंड रोड पहल का विरोध करता है, क्योंकि यह भारत के स्वीकृत विवादित क्षेत्रों से होकर गुजरता है। भारत इंतज़ार करो और देखो की स्थिति में है, जो उसने यूक्रेन युद्ध पर अतीत में किया है, इज़राइल संघर्ष कोई अपवाद नहीं हो सकता है।

## आप की बात

### संकुचित राजनीति

**एमपी-एमएलए कोर्ट** द्वारा आज़म खां, उनके बेटे अब्दुल्ला और आजम की पत्नी तंजीन फातमा को सजा सुनाते ही सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि आजम को मुसलमान होने के कारण सजा सुनाई गई है तथा भाजपा मुसलमानों का उत्पीडन कर रही है। सपा सुप्रीमो का यह बयान संकुचित वोटबैंक राजनीति व तुष्टीकरण रणनीति के कारण है। हालांकि, ऐसी ही सोच कुछ और नेताओं की भी हो सकती है, भले ही वे इसे सीधे-सीधे न कहें। यह बयान एक प्रकार से मान्य न्यायालय अपमान है। इसके साथ ही देश के एक खास समुदाय में न्यायालयों तथा न्याय प्रणाली के प्रति दुर्भावना पैदा करने का काम इस बयान से हो सकता है। सभी जानते हैं कि आजम खान हो या कोई और नेता, अधिकांश के पास पैसे और संपर्कों की कोई कमी नहीं है और वे अपने बचाव में अच्छे से अच्छे वकील कर सकते हैं। लेकिन यदि आजम खान को कई मामलों में सर्वोच्च न्यायालय से भी राहत नहीं मिली तो कोई भी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से न्यायालय पर किसी समुदाय का विरोधी होने का आरोप नहीं लगा सकता है। वैसे आजम खान खुद भी वकील हैं और वे अपराध की गंभीरता तथा उसके दंड के बारे में अच्छी तरह समझते हैं।

– **नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

### डिजिटल इंडिया

**भारत सरकार** द्वारा डिजिटल इंडिया अधिनियम 2023 का प्रस्ताव किया गया है जो देश के बढ़ते डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक भविष्योन्मुखी कानूनी ढांचा स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। यह अच्छा नवाचार है। जहां भारत का डिजिटल रूपांतरण तेज गति से आगे बढ़ रहा है, वहीं ऐसे मजबूत कदम उसे तेज गति प्रदान करने में मिल का पत्थर साबित होंगे। इस अधिनियम के तहत ऐसे विकास योग्य नियम तैयार करना है जो प्रौद्योगिकी क्षेत्र में बदलते रुझानों के अनुरूप हों तथा देश की डिजिटल अवसंरचना की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप बदले जा सकें। हालांकि, संसाधन व अवसंरचना संबंधी कमियां इसे लागू करने में चुनौती हो सकते हैं, परंतु हम सहयोग, क्षमता निर्माण व जागरूकता फैलाकर इनसे निपट सकते हैं। आने वाला समय डिजिटल युग है और ऐसे में सबकी डिजिटल साक्षरता जरूरी है। देश की पूर्ण डिजिटल साक्षरता का लक्ष्य देखते हुए यह कदम बहुत सराहनीय है। इसके समुचित क्रियान्वयन के साथ नागरिकों की गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा जाना सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगा।

–**सुदर्शन सोराड़ी,** नानकमत्ता साहिब

### न्याय में विलम्ब

**प्रेस रिपोर्टर सौम्या विश्वनाथन** की हत्या के आरोपियों को 15 साल बाद सजा दी गई। ऐसे संवेदनशील और स्पष्ट सबूत वाले मामलों में भी जब कोर्ट को सजा सुनाने में 15 वर्ष लग गए तो अंदाज लगा सकते हैं कि हमारे देश की न्याय प्रणाली के क्या हाल हैं। हमारे यहां संविधान व कानून सभी कुछ व्यवस्थित है! मगर इन्हें लागू करवाने की जिम्मेदारी जिन संस्थाओं पर है, वे इस ओर से बेपरवाह हैं। लोगों को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए कुछ कदम उठाने जरूरी हैं। न्यायालय में खाली पड़े हुए हजारों पदों पर अविलंब भर्ती, नए न्यायालयों की स्थापना और न्यायालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई से जुड़े नये उपकरण स्थापना की अनुमति व मान्यता देना अब बेहद जरूरी हो गया है। लंबे अंतराल तक न्याय न मिलने का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। इस कारण अनेक मामलों में वह जुल्म सहकर भी न्यायालय का दरवाजा खटखटाने से घबराने लगी है। इससे अपराधियों के हौसले और बुलंद होते हैं। बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में पुलिस, अभियोजन व अदालतें तत्काल बढ़ाने की आवश्यकता है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### जाति की राजनीति

**जाति की राजनीति** करके वोट बटोरना राजनीतिक दलों का एजेंडा लगता है। इसी के अंतर्गत इंडिया गठबंधन की कांग्रेस समेत सभी पार्टियां जातीय जनगणना की मांग कर रही हैं। लेकिन इस एजेंडे के प्रभावी होने की गारंटी नहीं है। मोदी सरकार द्वारा मकान व शौचालय बनाने के लिए पैसा देने, मुफ्त आवास देने, गैस कनेक्शन देने, घर-धर नल से जल की योजना लाने, आदि में कोई भी काम जाति-धर्म के आधार पर नहीं हुआ है। केन्द्र तथा भाजपा राज्य सरकारों की योजनाओं व परियोजनाओ का लाभ सभी गरीब लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है, भले ही उनका धर्म और जाति चाहे जो हो। लेकिन यह देखना होगा कि क्या भाजपा सरकारों द्वारा लाभ प्राप्त लाभार्थी वर्ग इतना बड़ा है कि वह भाजपा का चुनावी वर्चस्व स्थापित कर सके। वैसे समाज में जाति के नाम पर विभाजन तथा आरक्षण सीमा बढ़ाने की मांग करना देश में प्रतिभा को कुंद करने तथा देश की प्रगति में बहुत बड़ी बाधा पैदा करना होगा। जाति की राजनीति केवल विभिन्न जातियों के छोटे-बड़े नेता ही पैदा करेगी।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# चकबंदी अधिकारी समेत तीन निलंबित, एक बर्खास्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**चकबंदी** संबंधी मामलों के निपटारे में लेटलतीफी, लापरवाही, अनियमितता पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त नाराजगी का असर दिखने लगा है। सीएम योगी के कड़े रुख के बाद चकबंदी विभाग में एक के बाद एक लापरवाह अधिकारियों पर गाज गिरने का सिलसिला जारी है।

इसी क्रम में राजस्व आयुक्त ने शुक्रवार को काम में शिथिलता बरतने पर एक चकबंदी अधिकारी, दो बंदोबस्त अधिकारी को निलंबित कर दिया है जबकि चकबन्दी अधिकारी सम्प्रति सहायक चकबन्दी अधिकारी पर विभागीय कार्यवाही करने के साथ बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं अनियमितता पर दो चकबन्दी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने चकबंदी कार्यों में शिथिलता बरतने एवं मानक के अनुसार काम न करने पर बलिया, सीतापुर के बंदोबस्त अधिकारी अनिल कुमार और सन्तोष कुमार को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही के लिए शासन को पत्र लिया है। इसी तरह मानक के अनुसार कार्य न करने एवं शिथिलता बरतने पर मऊ के चकबंदी अधिकारी अशफाक आलम अंसारी को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की गई है। इसी तरह तत्कालीन चकबंदी अधिकारी सम्प्रति सहायक चकबन्दी अधिकारी कामता प्रसाद को सिद्धार्थनगर के ग्राम गढावर में शासकीय भूमि को क्षति पहुंचाने में दोषी पाए जाने विभागीय कार्यवाही की संस्तुति के साथ आरोप सिद्ध होने पर बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं चकबंदी अधिकारी, अलीगढ़ बृजेश कुमार शर्मा व महराजगंज ऐश मुहम्मद को चकबन्दी क्रियाओं के दौरान गम्भीर अनियमितता पर दो पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप चकबंदी विभाग को पारदर्शी तथा जन सामान्य के प्रति उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से चकबन्दी प्रक्रिया में गुणात्मक सुधार के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत चकबंदी प्रक्रिया को पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत करते हुए इसके लिए कार्यदायी संस्था को चयनित तथा कम समय में पूरी पारदर्शिता और जन सहभागीदारी के साथ चकबंदी कार्य पूरे करने को कहा गया है ताकि वर्तमान में चकबंदी में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया को सहज, सरल व प्रक्रिया को न्यूनतम कर इसकी कमियों को दूर किया जा सके।

साथ ही चकबंदी कार्यों में व्याप्त व्यापक त्रुटियों/कमियों को तकनीकी सहायता के माध्यम से दूर कर सभी आकड़ों एवं भू-चित्र को ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाए। ऐसे में चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने सभी कामों के लिए नवीनतम तकनीक जैसे एआई/ एमएल/ ब्लॉक चेन/ ड्रोन रोवर आधारित सर्वेक्षण के आधार पर ई टेंडर जारी किए जाएंगे। इसी के आधार पर टेस्टिंग के रूप में एक/ एक ग्राम आवंटित किया जाएगा। इससे चकबन्दी प्रक्रिया में लगने वाला समय तीन से पांच वर्ष से घट कर एक से डेढ़ वर्ष हो जाएगा।

## मुख्यमंत्री आज व कल अयोध्या में विकास कार्य को लेकर करेंगे समीक्षा बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ 21 व 22 अक्टूबर अयोध्या दौरे पर रहेंगे और वहां हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। अगले दिन रविवार को सीएम योगी संतों से मुलाकात करेंगे और रोडवेज की बसों को झंडी दिखाएंगे। मुख्यमंत्री शनिवार को लगभग 3 बजे रामकथा पार्क हेलीपैड पहुचेंगे। इसके बाद वे हनुमानगढ़ी, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद आयुक्त सभागार में विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन देवकाली मंदिर में पूजन एवं संत गणों के साथ बैठक करेंगे। साथ ही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के नए बस अड्डे से बसों को हरी झंडी दिखाएंगे।



सीएम योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में भारत के प्रथम रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री को भेंट किया प्रतीक चिन्ह

## अभ्यारण के समीप बनेगा एडवेन्चर पार्क

● अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के समीप 15 एकड़ में विकसित की जाएंगी विभिन्न बुनियादी सुविधाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के बिजनौर जनपद में स्थित अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में पर्यटकों एवं आगन्तुकों के लिए बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यह टाइगर रिजर्व पर्यटकों को आकर्षित करने में हर तरह से उपयुक्त है। इस अभ्यारण में विभिन्न प्रकार के वन्य जीव प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करते हैं। इसमें तेदुंए, हाथी और विभिन्न प्रकार के दुर्लभ प्रजाति के वन्य जीव पाये जाते हैं। जिम कार्बेट पार्क के नजदीक होने एवं पर्यटकों में लोकप्रिय होने के कारण पर्यटन विभाग इस अभ्यारण के पास 15 एकड़ के क्षेत्र में नई सुविधाएं विकसित करने की तैयारी कर रहा है। प्रस्तावित अभ्यारण में होटल, विला और एडवेन्चर पार्क जैसी सुविधायें मौजूद होंगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में 20 कमरों वाला मिड सेगमेंट श्रेणी का सुविधायुक्त होटल का निर्माण कराया जायेगा। इससे यहां पर्यटकों को विश्राम के साथ रिजर्व के नजदीक एक अविस्मरणीय प्रवास का अनुभव मिलेगा। होटल के अतिरिक्त विशिष्ट और भव्य अनुभव चाहने वाले आगंतुकों के लिए परिसर में 7 शानदार विला का भी निर्माण किया जाना है। ये विला आधुनिक सुविधाओं के साथ पारंपरिक और रिजार्ट जैसी अनुभूति प्रदान करेंगे। जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटकों के लिए एक खान-पान कैंटीन भी बनेगी। साथ ही एक बहु-गतिविधि और साहसिक पार्क भी बनेगा। यहां पर्यटकों को विविध प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा ट्रैकिंग, इको-टूरिज्म जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां पर साहसिक पर्यटन में रुचि रखने वालों के लिए एडवेंचर पार्क भी होगा। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की ये नई सुविधाएं पर्यटकों को यादगार अनुभव प्रदान करने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को योगदान देने में सहायक होंगी। टाइगर रिजर्व सभी प्रकृति प्रेमियों, साहसिक पर्यटन और वन्यजीव प्रेमियों को अभ्यारण्य की यात्रा करने और इसकी भव्यता का आनंद लेने के लिए बाध्य करेंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन बहुत तेजी बढ़ रहा है। धार्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों के विकास साथ-साथ हमारा फोकस ईको, एडवेंचर और रूरल टूरिज्म पर भी हैं। इस क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। इसी क्रम में अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में पर्यटकों के लिए होटल, अत्याधुनिक विला के साथ ही एडवेंचर पार्क बनाने की तैयारी है।

## अब लंदन के वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में गूंजेगा उत्तर प्रदेश का नाम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● ब्रिटेन की राजधानी में 6 से 9 नवंबर के मध्य होने जा रहे टूरिज्म एक्सपो में यूपी बनेगा आकर्षण का केंद्र

**उत्तर** प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में प्रयास कर रही योगी सरकार अब विदेशों में भी उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग करेगी। ग्लोबल लेवल पर उत्तर प्रदेश के टूरिज्म सेक्टर की धाक जमाने के उद्देश्य से योगी सरकार ब्रिटेन की राजधानी लंदन स्थित वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में 6 से 9 नवंबर के मध्य आयोजित होने जा रहे टूरिज्म एक्सपो में उत्तर प्रदेश को बतौर ब्रांड व फेवरेबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर प्रोजेक्ट करने की तैयारी कर रही है।

सीएम योगी की मंशा के अनुरूप इसके लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। पर्यटन विभाग वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में आयोजित होने जा रहे टूरिज्म एक्सपो में 52 स्क्वेयर मीटर के एरिया में एक स्टॉल स्थापित करेगा। इस स्टॉल की स्थापना व कुशल संचालन के लिए बाकायदा एक एजेंसी को पर्यटन विभाग द्वारा नियुक्त किया जाएगा। एजेंसी के लिए ई-टेंडर पोर्टल के जरिए ई-बिडिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 17 अक्टूबर से शुरू हुई इस प्रक्रिया के अंतर्गत 26 अक्टूबर तक इच्छुक एजेंसियां अप्लाई कर सकती हैं जिसके बाद चयनित एजेंसी को प्रोग्राम को सुचारू ढंग से संचालित करने का कार्यभार सौंपा जाएगा।

लंदन में आयोजित हो रहे टूरिज्म एक्सपो में उत्तर प्रदेश की समृद्ध आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत की झलक पूरी दुनिया देख सके इसके लिए सीएम योगी की मंशा अनुरूप पर्यटन विभाग इन्हीं दो पैरामीटर्स पर सबसे ज्यादा फोकस कर रहा है। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश में स्थापित होने वाले स्टॉल की थीमलाइन भी इसी से प्रेरित होगी। इतना ही नहीं, उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा इस स्टॉल में उत्तर प्रदेश की सभी धरोहरों की प्रॉपर शोकेसिंग और उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टूरिस्ट डेस्टिनेशंस से जुड़े ब्रोशर्स व बुकलेट्स को एक्सपो में आने वाले एग्जिबिटर्स के सामने रखा जाएगा। इसी स्टॉल में उत्तर प्रदेश की भौगोलिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक धरोहरों की छवि के साथ ही प्रदेश की बदलती तस्वीर और विशेषकर औद्योगिक, आर्थिक, लॉ एंड ऑर्डर, गुड गवर्नेंस, स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग, इंफ्रास्ट्रक्चरल ग्रोथ व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लेकर उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के दौरान हुए सकारात्मक बदलावों को भी शोकेस किया जाएगा।

टूरिज्म एक्सपो में स्टॉल इंस्टॉलेशन के लिए ई-टेंडरिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के लिए पर्यटन विभाग ने एजेंसियों से आवेदन मांगे हैं। इस ई-टेंडर के लिए टेंडर फीस 5 हजार रुपए व 18 प्रतिशत जीएसटी निर्धारित की गई है। वहीं, अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) की रकम 2 लाख रुपए निर्धारित की गई है। सारी टेंडरिंग प्र्रिया को पर्यटन विभाग के आधीन नियमों व उत्तर प्रदेश शासन की रूल बुक के अनुसार किया जाएगा।

इस ईटेंडरिंग के जरिए स्टॉल की स्थापना व संचालन का कार्य प्राप्त करने वाली एजेंसी को लंदन के वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट में निर्धारित 52 स्क्वायर मीटकर के एरिया में स्टॉल लगाएगी। इसके अतिरिक्त इस स्टॉल के डिजाइनए, फैब्रिकेशन, सेटअप, इंस्टॉलेशन व डिसमैंटलिंग के कार्य भी इसी एजेंसी द्वारा किए जाएंगे।

वहीं, स्टॉल में वीवीआईपी लाउंज, कॉफ ी वेंडिंग मशीन, एलईडी डिस्प्ले स्क्रीन, ग्लास शोकेस, मीटिंग टेबल, लाइट बीम, पालर सॉकेट, एलईडी लाइट, नीडल पंच कार्पेट, डस्टबिन्स, चेयर्स सिलेक्शन व 45 स्क्वायर मीटर के सिटिंग एरिया अरेंजमेंट जैसे कार्यों को पूर्ण करना होगा।

## अच्छे कर्मों से ही अच्छा भविष्य बनता है: धर्मवीर प्रजापति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कारागार** एवं होमगाड्र्स राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास हेतु कारागार में नवनिर्मित बाल उद्यान का उद्घाटन किया। उन्होंने महिला बंदियों के साथ निवासित 11 बच्चों को खिलौने एवं बिस्कुट, टाफी, चाकलेट व फल इत्यादि वितरित किया। महिला बैरक के निरीक्षण के समय कारागार मंत्री ने महिला बंदियों द्वारा बनायी गयी सामग्री (जैसे-चुनरी, आसन, दीपक, मोमबत्ती इत्यादि) की प्रशंसा की । प्रजापति ने जिला कारागार, कानपुर नगर का निरीक्षण किया तथा बंदियों के साथ संवाद किया। उन्होंने कौशल विकास कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बंदियों से वार्तालाप किया एवं उनके द्वारा निर्मित जूट बैग की प्रशंसा की। बंदी संवाद कार्यक्रम में उपस्थित बंदियों को सम्बोधित करते हुए उनके द्वारा कारागार में रह रहे बंदियों को अपराध के कारण होने वाली परेशानियों को रेखाकिंत करके यह समझाने की चेष्ठा की गयी कि युवा अवस्था सम्भावनाओं की उम्र होती है, जिससे परिवार, प्रदेश एवं देश को अत्यधिक उम्मीदें होती है। इसलिए युवाओं को ऐसे कार्यों से सदैव दूर रहना चाहिये जिनकी वजह से उन्हें खुद को या उनके परिवार को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अच्छे कर्मों से ही हमारा अच्छा भविष्य बनता है तथा बुरे कर्म हमें बुरी स्थिति में ले जाते हैं। कारागार मंत्री ने सभी बंदियों को भविष्य में कोई भी गलत कार्य न करने की शपथ भी दिलायी तथा कारागार में संचालित शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं उद्योगों में अधिक से अधिक रूचि लेकर भाग लेने हेतु बंदियों को प्रेरित किया, ताकि समय का सही उपयोग हो सके तथा कारागार से छूटने के उपरान्त उनका पुनर्वास हो सके।

## मिशन शक्ति के चौथे चरण में नारी शक्ति को किया जा रहा जागरूक

● अभियान के तहत महिला बीट कर्मियों ने 6303 हिस्ट्रीशीटर को चिन्हित कर न्यायालय संबंधी 3450 आदेशों का कराया तामीला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चौथे चरण के तहत प्रदेश भर में महिलाओं को जागरूक करने, योगी सरकार की योजनाओं की जानकारी देने, उनकी समस्या का मौके पर ही निस्तारण करने एवं बच्चों को गुड और बेड टच की जानकारी देने समेत अन्य विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मालूम हो कि इन सभी कार्यक्रमों का आगाज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास से महिला सशक्तिकरण रैली रवाना कर किया था। योगी सरकार के मिशन शक्ति के चौथे चरण को सफल बनाने के लिए 28965 पुलिस कर्मचारी-अधिकारी एवं विभिन्न विभाग के 7738 अधिकारी-कर्मचारी प्रदेश की ग्राम पंचायातों, वार्ड, मोहल्लों, स्कूल, कॉलेज एवं शारदीय नवरात्र में स्थापित पंडाल, रामलीला मंच के साथ मेला स्थल का भ्रमण कर रहे हैं। इस दौरान नुक्कड़ नाटक, लघु फिल्म, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के थीम सॉन्गए ध्वनि संदेश और परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की अपर पुलिस महानिदेशक एवं मिशन शक्ति की नोडल पद्मजा चौहान ने बताया कि मिशन शक्ति के चौथे चरण के तहत 15 अक्टूबर से अब तक यूपी पुलिस एवं विभिन्न विभाग की ओर से प्रदेश के 76043 पूजा पंडाल, रामलीला एवं मेला स्थल का भ्रमण किया गया है। इसके साथ ही टीम ने 40655 ग्राम पंचायतों एवं 11695 वार्डों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये, जिसमें 939188 महिला और 949340 पुरुष शामिल हुए। इस दौरान योगी सरकार की विभिन्न जानकारियों से जुड़ी 804159 प्रचार सामग्री वितरित की गयी। वहीं प्रदेश के 15466 स्कूल-कॉलेज में बच्चों को बेड एवं गुड टच की जानकारी दी गयी। इस दौरान 3667 सांस्कृतिक कार्यक्रम, 8692 लघु फिल्में, 14109 ऑडियो क्लिप का प्रसारण किया गया जबकि 4467 नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। साथ ही 16273 रेलवे/बस स्टेशन/अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जागरुकता अभियान चलाया गया। इतना ही नहीं महिला बीट कर्मियों ने 2595 महिला अपराध की पीड़िताओं से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना गया। इस दौरान पीड़िताओं के 2986 परिवारजनों की काउंसिलिंग की गयी। साथ ही 2198 पीड़िताओं की काउंसिलिंग कर आवश्यक सहायता उपलब्ध करायी गयी। महिला बीट कर्मियों ने 6303 हिस्ट्रीशीटर को चिन्हित कर 3450 न्यायालय संबंधी आदेशों का तामीला कराया। महिला बीट कर्मी को बीट भ्रमण एवं पिंक बूथ पर 6269 शिकायती पत्र मिले, जिसमें से 5648 का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

अभियान के दौरान ग्रामीण इलाकों एवं मलिन बस्तियों में बाल विवाह, बाल श्रम उन्मूलन समेत अन्य बाल अपराधों को लेकर 10357 विशेष जागरुकता कार्यक्रम चलाए गए, जिसमें 403901 लोगों ने प्रतिभाग किया।

## 460 नवचयनित मार्गों पर परिवहन निगम उपलब्ध कराएगा बस सेवाएं: दयाशंकर सिंह

● सभी क्षेत्रीय अधिकारियों से अधिसूचित व गैर अधिसूचित मार्गों के लिए 25 अक्टूबर तक मांगा गया प्रस्ताव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**परिवहन** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप प्रदेश के सभी गांवों को परिवहन बस सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में परिवहन निगम तेजी से कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि जनसामान्य की अपेक्षानुरूप व व्यापक जनसेवा विद्यमान 460 अधिसूचित मार्गों को सुसंगत रूप से लघुकृत व गैर अधिसूचित सहित अधिसूचित मार्गों को युग्मित करने का प्रस्ताव 25 अक्टूबर तक मुख्यालय को प्राप्त हो जाएगा। तत्पश्चात चिन्हित किये मार्गों पर परिवहन निगम अपनी बस सेवाएं उपलब्ध करायेगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद मार्गों को अधिसूचित करने संबंधी अधिसूचनायें 1950 के दशक में निर्गत हुई थी। उसके बाद बड़ी संख्या में नये मण्डल, जनपद, तहसील, खण्ड विकास कार्यालय आदि सृजित हुए। गॉव एवं कस्बे नगर के रूप में विकसित हुए। परन्तु शासकीय अधिसूचनाएं यथावत रहीं। उन्होंने कहा कि इसी के दृष्टिगत क्षेत्रों से नवीन रूटों को चिन्हांकित कराने का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में परिवहन निगम द्वारा गैर अधिसूचित मार्गों सहित 17729 किमी. लम्बे अधिसूचित रूटों पर बस सेवायें दी जा रही हैं। जो कि प्रांत के कुल मार्गों का 6.78 प्रतिशत मात्र है।

परिवहन मंत्री ने कहा कि परिवहन निगम की टीम द्वारा किये गये एक सर्वे के तहत उप्र में कर्नाटक प्रान्त के सापेक्ष प्रतिदिन प्रतिबस सेवित यात्रियों की संख्या मात्र 20 प्रतिशत है। इसका कारण है कि छोटे गन्तव्यों के यात्रियों को सेवित करने का कार्य अभी तक नहीं हो सका। जिसकी अपार संभावनायें विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ-इटौजा-सिधौली-कमलापुर-सीतापुर रूट की अधिसूचना 12 फरवरी, 1951 के अधीन सृजित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इन क्षेत्रों में आवागमन के अनुरूप परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने की मांग लगातार प्राप्त हो रही हैं। परिवहन मंत्री ने बताया कि यदि किसी बस की आय पर्याप्त नहीं आ रही है तो ट्रैफिक सर्वे किया जाए।

## दुष्कर्मी को आठ वर्ष की कैद

**लखनऊ (विसं)।** एक युवती से दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार दिए गए अभियुक्त मन्ना उर्फ मुन्ना को अदालत ने आठ वर्ष की कैद की सजा सुनाई है। एडीजे आशीष कुमार चौरसिया ने इस पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील सुनील यादव के मुताबिक पीड़िता घर में अकेली थी। अभियुक्त चाट व टिक्की लेकर उसके घर पहुंचा। खाने के बाद पीड़िता को नींद आ गई। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। इसके कुछ दिन बाद उसने फिर से पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। तब पीड़िता ने यह बात अपनी मां को बताई। 11 अप्रैल 2013 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता की मां ने थाना गुडंबा में दर्ज कराई थी।

## बीजेपी सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में 80 प्रतिशत किसान कर्ज में डूबे हुए हैं। किसानों को कभी एमएसपी तो कभी सम्मानित निधि देने के नाम पर अब तक उन्हें धोखा देती आ रही है। किसानों से एमएसपी पर एक बोरी गेहूं नहीं खरीदा गया है। गन्ना किसान परेशान है। किसान बदहाली की जिंदगी जी रहा हैं। भाजपा सरकार ने किसानों के साथ छल किया है। किसानों से किया गया एक भी वादा पूरा नहीं किया है। सरकार बड़ी-बड़ी घोषणाएं करती है पर किसानों को उसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों के धान खरीद में एमएसपी मूल्य में वृद्धि भाजपा सरकार का एक नया छलावा है। चुनाव सामने आया तो किसान की सुध आ गई। लागत और उत्पादन को देखते हुए किसानों को उसकी फसल के लागत खर्च का डेढ़ गुना लाभप्रद दाम मिलना चाहिए। न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि किसी किसान को मिलने वाली नहीं है। जब एमएसपी के लिए किसान आंदोलन कर रहा था तब 700 से ज्यादा किसानों के शहीद होने के बाद भाजपा की केन्द्र सरकार को तीन काले कृषि कानून वापस लेने के लिए बाध्य होना पड़ा।

यादव ने कहा कि लागत और उत्पाद को देखते हुए किसान को लागत खर्च दुगना बढ़ गया है। भाजपा की सरकार में प्राथमिकता में पूंजीघराने और बहुराष्ट्रीय कम्पनियां हैं न कि किसान है। इस वजह से किसान की फसल एमएसपी से भी कम दरों पर बिक रही है। सरकारी खरीद केन्द्र खुले नहीं तो खरीद कहां होगी। किसानों की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य कैसे मिलेगाघ् जब किसान को एमएसपी नहीं मिल रही है तो उसकी आय दुगनी कैसे होगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने खेती-किसानी के काम आने वाले डीजलए पेट्रोल, कृषि उपकरण के दामों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी करके किसानों की जिंदगी नरक बना दी है जिससे किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं। भाजपा सरकार नहीं चाहती है कि किसान खुशहाल हो। वह किसानों को बदहाल बनाने की साजिशें करके पूंजीपतियों को लाभ पहुंचा रही है। भाजपा सरकार यह भूल जाए कि किसान उससे बराबर धोखा खाकर भी जागरूक नहीं होगा। किसानों में भी अब चेतना पैदा हो रही है। किसान भाजपा की जन विरोधी नीतियों का जवाब सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाकर देंगे।

## अयोध्या आने वाले पर्यटकों का स्वागत करेगा 'टूरिज्म फैसिलिटेशन सेंटर'

### 4.40 एकड़ में बनने जा रहे टूरिज्म सेंटर को 130 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा पूरा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के साथ ही पूरे देश की आस्था और आध्यात्मिक अभिरुचि का केंद्र रही अयोध्या नगरी अब श्रीराम मंदिर के निर्माण के साथ ही वैश्विक पटल पर व्यापक उपस्थिति दर्ज कराने को तैयार है। पीएम नरेंद्र मोदी के विजन और सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा इस विजन के क्रियान्वयन ने अयोध्या के कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। श्रीराम मंदिर का निर्माण पूर्ण होने पर न केवल देश बल्कि दुनिया के विभिन्न कोनों से श्रद्धालुओं व पर्यटकों का आवागमन अयोध्या में वृहद स्तर पर बढ़ेगा। इस बात को ध्यान में रखकर योगी सरकार अयोध्या में 130 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 4.40 एकड़ क्षेत्र में टूरिज्म फैसिलिटेशन सेंटर विकसित करने की कार्ययोजना पर कार्य कर रही है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग अयोध्या में नेशनल हाइवे 330 व नेशनल हाइवे 27 से कनेक्टिविटी को ध्यान में रखकर पूर्व निर्धारित जगह पर इस टूरिज्म सेंटर का विकास करने जा रही है। परियोजना के अंतर्गत टूरिस्ट सेंटर में टूरिज्म ऑफिस, यात्री निवास, आर्ट एंड क्राफ्ट सेंटर, फूड कोर्ट व शॉपिंग मार्ट समेत तमाम कमर्शियल सेंटर्स के साथ ही पार्किंग स्पेस समेत तमाम सहूलियतों का विकास किया जाएगा। माना जा रहा है कि अगले एक से डेढ़ महीने के भीतर परियोजना धरातल पर उतर आएगी और कार्यों को मूर्त रूप देने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इस परियोजना को तेजी के साथ पूरा करने पर योगी सरकार का फोकस है और इसी क्रम में पर्यटन विभाग द्वारा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के जरिए डिजाइन बिल्ड फाइनेंस ऑपरेट ट्रांसफर मॉडल पर पूर्ण किया जाएगा। इस विस्तृत कार्ययोजना में उन स्थलों का भी जिक्र किया गया है जो कि वर्तमान में अयोध्या में अवस्थित हैं और प्रोजेक्ट के दौरान इनको हटाने व रीटेन करने को लेकर स्थिति भी साफ की गई है। उल्लेखनीय है कि इस विषय में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा पहले ही ई टेंडर पोर्टल के जरिए बिडिंग के आवेदन मांगे गए थे। इनमें से चार आवेदक कंपनियों का चयन कर भी लिया गया है। आगे की प्रक्रिया में इन कंपनियों को फइनेंशियल बिडिंग का मौका दिया जाएगा और इसमें चयनित होने वाली कंपनी को फिर लेटर ऑफ इंटेंट व कंसेशन एग्रीमेंट उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध करा दिया जाएगा।

अयोध्या के समेकित विकास के लिए मास्टर प्लान 2031 के तहत इन कार्यों पूर्ण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस टूरिज्म फैसिलिटेशन सेंटर में कई प्रकार की सहूलियतों का विकास किया जाएगा। इनमें यात्री निवास, बैंक्वेट व एमआईसीई फैसिलिटीज से युक्त, टूरिस्ट सेंटर व टूरिज्म ऑफिस, कमर्शियल एरिया, शॉपिंग एरिया व कॉम्पलेक्स, फूड कोर्ट, कैफेटेरिया व रेस्तरां आदि शामिल हैं।

# कर शिक्षा अधिकारी कार्यालय में टेबलेट कार्यक्रम हुआ आयोजित



**मोहम्मदी खीरी।** कर शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आज टेवलेट कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमे परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को टेबलेट वितरण कार्यक्रम हुआ जिसके मुख्य अतिथि राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह रहे। उन्होंने कहा परिषदीय विद्यालयों के अध्यापक अब हाईटेक हो जाएं इसलिए सरकार शिक्षको के पास बच्चों को पढ़ने के अलावा अन्य तमाम कार्य रहे विद्यालय के रजिस्टरों को दुरुस्त रखने का जिम्मा भी अध्यापकों का होता है। ऐसे में शासन ने शिक्षकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों को पेपर लेस बनाने की कवायत शुरू कर दी है, खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मदी ने बताया की प्रथम चरण में सभी कंपोजिट विद्यालयों को टेबलेट वितरित किए जा रहे हैं।

प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए भी टैबलेट बीआरसी पर आ चुके हैए कार्यक्रम का सफल संचालन, आरपी आशीष मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में आए हुए शिक्षक जिन में विनीत शुक्ला, अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, सूरंजन मण्डल, राजीव गुप्ता, मनोज सिंह, अतीक, रिजवान खा, जबीउल्ला, मारूफ अहमद, राम सिंह, अंजित वर्मा, सुशील सिंह, रेनू, प्रिया पांडे, पुनीत वर्मा, मोहम्मद नईम, अजीजुर रहमान, मोहम्मद खालिद, इकरार खान, सचिन दीक्षित आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# ट्रक ने तीन को रौंदा, दो की मौत एक की हालत गम्भीर

**संवाददाता।** बरेली

**थाना** कैंट क्षेत्र के गांव मिर्जापुर निवासी तीनो को सड़क किनारे ट्रक ने रौंदा जिसमें दो लोगों की घटना स्थल पर मौत हो गई एक की हालत गम्भीर बनी हुई है उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है आई सी यू में उपचार चल रहा है।म्रतक कपिल के भाई अमन श्रीवास्तव ने बताया रात में कपिल और अजय पुत्र वेदपाल दोनो भाई चाऊमीन का ठेला लेकर घर आ रहे थे रास्ते में फरीदपुर की तरफसे आ रहे 10 टायरा ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें कपिल की घटना स्थल पर मौत हो गई अजय गंभीर रूप से घायल हो गया साथ में गांव के ही अमरपाल ठेला के पीछे चल रहे थे उनको भी ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर कपिल और अमरपाल दोनों की मौत हो गई अजय गंभीर रूप से घायल हो गया उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है आईसीयू में उपचार चल रहा है।मृतक अमरपाल के भाई भूरे ने बताया अमरपाल 45 वर्षीय पुत्र रामेश्वर सीमेंट के गोदाम पर मजदूरी करता था रात को खाना खाने के लिए घर आ रहा था चाउमीन के ठेला के पीछे सड़क किनारे चल रहे थे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी अमरपाल और कपिल की घटना स्थल पर मौत हो गई अजय गम्भीर रूप से घायल हो गया टक्कर लगने के बाद ट्रक फरार हो गया ट्रक को बिनावर थाना क्षेत्र में पुलिस ने पकड़ लिया अमरपाल की पत्नी शकुंतला देवी और 8 बच्चे हैं जिसमें पांच लड़की तीन लड़का है। अमरपाल मजदूरी करके बच्चों का पालन पोषण करता था। दोनों की मौत के बाद दोनो परिवारो का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने दोनों शवो को पोस्टमार्टम को भेजा।

# बांकेगंज में हुई ओरिएंटेशन वर्कशॉप महिलापरक योजनाओं की दी जानकारी

**● बेटियों को बचाने, पढ़ाने का दिलाया संकल्प**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**महिला** कल्याण विभाग के तत्वावधान में तयरोस्टर के मुताबिक शुक्रवार को ब्लॉक बांकेगंज सभागार में एक दिवसीय ओरिएंटेशन वर्कशॉप हुईए जिसमे श्बेटी बचाओं.बेटी पढ़ाओंश् के तहत दहेज उन्मूलनए बाल.विवाह रोकनेए लैंगिक समानता के लिए संदेशों का प्रचार.प्रसार करनेए इसे जीवन में उतारने के लिए महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया। बैठक का संचालन काउंसलर कयूम जरवानी ने किया।

कार्यशाला सीडीपीओ ने कहा कि सभी को संकल्प लेना चाहिए कि जन्म से पूर्व लिंग परीक्षण का विरोध करेंगे। बेटा एवं बेटी में भेद करने वाली हर सामाजिक कुरीतियों का बहिष्कार करेंगे। कन्या के जन्म का स्वागत करते हुए हर एक बेटी को पढ़ायेंगे। समुचित पोषण एवं गरिमामय व सशक्त जीवन प्रदान करने में सहायक होंगे और इस प्रतिज्ञा के साथ बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ अभियान में सम्मिलित होते हुए अपना समर्थन प्रदान करते हैं।

कार्यशाला में काउंसलर कयूम जरवानीए जिला समन्वयक निक्की गुप्ताए संरक्षण अधिकारी गंगा सागरए कार्मिक सुंदर लालए रीमा वर्माए राम कुमार ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनाए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओए वन स्टाफ सेंटरए घरेलू हिंसा अधिनियमए बाल विवाह दहेज प्रतिषेध अधिनियम में स्थित महिला पेंशन हेल्पलाइन 1098ए 1090ए 181 आदि की जानकारी प्रदान की। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारी ने कहा द्वारा स्वास्थ्य संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान की। जनार्दन मिश्रा ने पीसीपीएनडीटी के बारे में बताया।जिला समन्वयक श्रीमती निक्की गुप्ता ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित गुड टच बैड टच के बारे में बताया। इस मौके पर एडीओ और बचपन बचाओ की टीम सहित बड़ी संख्या में आशा आंगनवाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही।

ब्लाक बाकेगंज में आयोजित कार्यशाला में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत हस्ताक्षर अभियान चला। जिसमें महिलाओं बालिकाओं ने प्रमुखता से प्रतिभाग करते हुए न केवल हस्ताक्षर किए बल्कि बेटियों के लिए अपने संदेश भी लिखें।

# महिला सुरक्षा एवं अधिकारों के बारे में दी गई विस्तार पूर्वक जानकारी



**निघासन, खीरी।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार मिशन शक्ति अभियान चतुर्थ चरण के अंतर्गत थाना प्रभारी पढ़ुआ हनुमंत लाल तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में मिशन शक्ति टीम द्वारा के कुशल मार्गदर्शन में महिला बीट पुलिस अधिकारी सपना एवं महिला बीट पुलिस अधिकारी निशा के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के बांके बिहारी विद्यालय खरवैया नंबर दो में गत दिवस छात्राओं के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया तदुपरांत विद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा एवं महिलाओं के अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया बालिकाओं को वीमेन हेल्पलाइन नंबर 1090 पुलिस आपातकालीन नंबर 112 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एंबुलेंस सेवा 108 चाइल्ड लाइन 1098 स्वास्थ्य सेवा 102 महिला हेल्पलाइन नंबर 181 आदि के बारे में विस्तार से बताया गया तथा उप्र सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षिक उन्नयन के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया।

# गाजे-बाजे के साथ नगर निकायों से कलेक्ट्रेट पहुंची अमृत कलश यात्रा

**● सैनिक दफ्तर में हुआ भव्य कार्यक्रम, जनप्रतिनिधियों, अफसरो ने रखे अमृत कलश**



**लखीमपुर खीरी।** एक भारत.श्रेष्ठ भारत के ध्येय के साथ शुरू हुई अमृत कलश यात्रा के अगले चरण में जिले के प्रत्येक गांव व कस्बों से एकत्रित की गई मिट्टी (अमृत कलश) को शुक्रवार को जिले के सभी 15 ब्लॉक व 12 नगर निकाय मुख्यालयों से बाजे गाजे के साथ कलेक्ट्रेट स्थित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय पर लाया गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन सीडीओ अनिल सिंहए नोडल अधिकारी डीपीआरओ सौम्यशील ने मिलकर किया। यात्रा के कलेक्ट्रेट पहुंचने पर एसएसबी जवानों संग विधायक सदर योगेश वर्माए डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एसपी गणेश प्रसाद साहाए सीडीओ अनिल कुमार सिंहए ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ताए अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डॉक्टर ईरा श्रीवास्तव ब्लॉक प्रमुख प्रतिण् विश्वनाथ सिंह ने अन्य जनप्रतिनिधियों, अफसरो की मौजूदगी में अमृत कलश यात्रा का जोरदार स्वागत किया। अमृत कलशो को सैनिक दफ्तर में स्थापित शहीद स्मारक पर पूरे सम्मान के साथ रखवाया।

विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन वीर सपूतों व देश का गौरव बढ़ाने का कार्य करते हैं। सभी को ऐसे आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। वीर शहीदों का सबको सम्मान करना चाहिए। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मेरी माटी.मेरा देश कार्यक्रम अपने देश, अपनी मातृभूमि के लिए श्रद्धा, आदर एवं सराबोर हो जाने जैसे अपनेपन के भाव से प्रेरित है। आजादी के नायकों की वीरगाथा और अपनी मातृभूमि की मिट्टी अनमोल है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत इस पुनीत कार्यक्रम में हर जनपदवासी को सहभागी बनाया गया। यह मुहिम जन.जन में राष्ट्रभक्ति की भावना को एक बार फिर से जागृत करने का काम कर रही। हर ब्लॉक और नगरीय निकाय से वहां की पावन मिट्टी लेकर अमृत कलश तैयार किएए जिन्हें सैनिक दफ्तर में स्थापित किया जा रहा।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि यह देशवासियों के लिए गर्व की बात है कि आज शहीदों के सम्मान में देश के घर.घर से मिट्टी को संग्रहित किया गया। देशभक्ति से ओतप्रोत ऐसे कार्यक्रम का साक्षी बनना सौभाग्य की बात है। मुहिम के नोडल अधिकारी/डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने बताया कि अमृत कलश जिले की पावन मिट्टी से पूरित हैं और जगह.जगह आमजन की सहभागिता के साथ इसका सम्मान किया जा रहा। गांव.गांव से ब्लॉक मुख्यालयों पर आए अमृत कलशों को जिला मुख्यालय जा पहुंचाए जहां से प्रदेश मुख्यालय के लिए भेजा जाएगा। सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी एवं जवान, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, सभी बीडीओ, नगरीय निकाय के ईओ, एडीओ, ग्राम विकास एवं नगरीय निकाय के कार्मिक सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, उचित दर विक्रेता एवं ग्रामीण शामिल हुए।

## क्विक न्यूज

### नवरात्रि पर विशेष कार्यक्रम में किसानों को सौंपी गई चाभियां



**लखीमपुर खीरी।** नवरात्र के मौके पर एलआरपी चौराहे पर स्थित विशोक ट्रैक्टर एजेंसी पर एक कार्यक्रम आयोजित हुआए जिसमे ट्रैक्टर खरीदने वाले करीब सौ किसानों को कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सतीश मर्चाराजूए सीनियर जनरल मैनेजर नवीन कुमारए ने चाभी सौंपी और उन्हें गिफ्ट देकर और साल ओढ़ाकर सम्मानित किया। आयसर ट्रैक्टर के डीलर विनोद मिश्राए सुमित मिश्राए निशांत मिश्रा उर्फ अंकित ने किसानों का स्वागत और सम्मान किया। इसके साथ ही लकी ड्रा का भी आयोजन किया गयाए जिसमें किसानों ने 51 हजार रुपए से लेकर दस हजार रुपए तक का नगद पुरस्कार जीता। एजेंसी मालिक ने किसानों को उपहार स्वरूप शाल ओढ़ाई। सभी को एक एक पौधा व अन्य सामग्री भेट की। इस दौरान चंद्रशेखरए दिनेश के साथ ही विशोक एजेंसी के तमाम कर्मचारी भी मोजूद रहे।

### दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बरेली ।** स्कूटी सवार एक युवक को तेजी से आ रहे हैं डीसीएम ट्रक में टक्कर मार दी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर बंजरिया निवासी महेश चंद्र मिश्रा के 22 वर्षीय बेटे व्यास मिश्रा की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 4 अक्टूबर को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था मृतक के घर वालों ने बताया कि व्यास मिश्रा ने पिछले दिनों नीट की परीक्षा पास की थी और उसे 15 अक्टूबर को बनारस स्थित बनारस हिंदू विश्वविद्यालय जाना था घटना वाले दिन वह स्कूटी से अपने दोस्त के साथ बरेली आया था जहां से वापस लौटते समय इज्जत नगर थाना क्षेत्र मे विलय धाम के पास उसकी स्कूटी सड़क पर खराब हो गई तब स्कूटी चला रहा है उसका दोस्त सड़क के किनारे खड़ा हो गया और व्यास मिश्रा स्कूटी को स्टार्ट करने की कोशिश करने लगा इसी दौरान तेजी से आ रहे एक डीसीएम ट्रक में उसे टक्कर मार दी वह उसे काफी दूर तक घसीटता ले गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भागने की कोशिश कर रहे डीसीएम ट्रक को रोक लिया और उसके चालक व परिचालक को पड़कर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल व्यास को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया जहां बीती रात उसकी मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### सहा. चकबंदी अधिकारी व लेखपाल पर रिपोर्ट दर्ज

**बरेली।** मीरगंज में सहायक चकबंदी अधिकारी और लेखपाल के शिकायत की गई थी इसकी जांच डीएम ने अपर जिलाधिकारी नगर से कराई जांच में दोनों दोषी पाए गए मीरगंज थाने में उनके विरुद्ध धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं मे रिपोर्ट दर्ज कराई गई चकबंदी अधिकारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि मीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मद गंज ऐतमाली निवासी रवीन्द्र सिंह पुत्र सुरेश सिंह ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की शिकायत की थी डीएम के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी नगर की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की गई जांच रिपोर्ट में पता चला कि ग्राम मोहम्मद गंज ऐतमाली के सहायक चकबंदी अधिकारी सुनील कुमार ने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर ग्राम सभा की जमीन अनाधिकृत व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दी सहायक चकबंदी अधिकारी ने आदेश की धज्जियां उड़ाकर जान बूझकर आरोपियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह कार्य किया गांव के चकबंदी लेखपाल रामवीर सिंह ने खतौनी की फर्जी नकल जारी कर दी इस कार्य में वह भी शामिल होने के दोषी पाए गए दोनों आरोपियों ने ग्राम सभा की संपत्ति को क्षति पहुंचाई मीरगंज पुलिस ने दोनों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी ।

### बिजली विभाग के कर्मचारियों ने की अभद्रता काट दिया कनेक्शन

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र के एक साड़ी शोरूम के मालिक अकबर अली ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि 19 अक्टूबर को वह अपने बच्चे को अस्पताल दिखाने गए हुए थे तभी उनकी गैर मौजूदगी में बिजली विभाग की टीम के जेई मनजीत सिंह व एसडीओ गौरव शर्मा आए और पूर्ण बिल जमा होने के बाद भी पड़ोस में रखे जरनेटर के तार जो बिजली जाने के वक्त दुकान में लाइट का काम करते हैं उनको अवैध बताते हुए 20 हजार की रंगदारी मांगने लगे जिसकी स्टॉफद्वारा सूचना मिलने पर पीड़ित डॉक्टर को बिना दिखाए बच्चे को घर छोड़कर दुकान पहुँचा और कारण पूछा तो पैसा न देने पर बिजली का कनेक्शन काट दिया। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों द्वारा दुकान स्टाफसे गालीगलौज व अभद्रता भी की गई है। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है प्रार्थी ने आरोपियों पर कार्यवाही करने की मांग की एवं बताया कि रात के समय अंधेरा हो रहा है कोई घटना होती है तो जिम्मेदारी उक्त लोगों की होगी।

# पत्नी को आईफोन गिफ्ट देने को कोरियर कंपनी का कर्मचारी बना चोर

**बरेली।** पत्नी को आईफोन गिफ्ट में देने के लिए कोरियर कंपनी के एक कर्मचारी ने चार आईफोन चोरी कर लिए सीसीटीवी कैमरों की जांच के बाद मामले का खुलासा हो गया पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया आरोपी के पास से चोरी किया गया एक आईफोन भी बरामद हुआ ।थाना बारादरी के स्टेडियम रोड स्थित इंसर्टा कार्ट सर्विसेज नाम से कोरियर कंपनी ग्राहकों के आनलाइन ऑर्डर की होम डिलिवरी करती है कंपनी के हब इंचार्ज खडक सिंह पुत्र जीवन सिंह ने बताया कि उनकी कंपनी में ही वैभव कुमार सक्सेना पुत्र सुधीर कुमार सक्सेना निवासी दातागंज भी काम करता है स्टाक ऑडिट करते समय चार आईफोन कम पाए गए काफी खोजने के बाद भी फोन नहीं मिले जिसके बाद कंपनी के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए है पता चला कि कंपनी कर्मचारी ने चारों आईफोन चोरी किए हैं जिसके बाद कंपनी इंचार्ज ने आरोपी को पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया।

# जमीनी रंजिश के चलते मां के बाद बेटे की हत्या

**बरेली।** जमीनी रंजिश के चलते एक महिला की गोली मारकर हत्या करने के बाद आरोपियो ने दो दिन बाद ही उसके बेटे को अपने साथ ले जाने के बाद जहरीला पदार्थ दे दिया जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रामपुर के मिलक निवासी नेम चंद्र की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के बड़े भाई झम्मनलाल ने बताया कि उसके छोटे भाई बाबूराम की लगभग 6 साल पूर्व मौत हो गई थी पति की मौत के बाद बाबूराम की पत्नी ने जमीन को बेच दिया यह बात जब उसकी मां को पता चली तो उसने आपत्ति लगा दी इसी रंजिश के चलते 17 अक्टूबर को उसकी मां को सगे चाचा नारायण गुरमीत और प्रधान रघुवीर ने 17 अक्टूबर को गोली मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई मामले का फैसला 19 अक्टूबर को आना था नेमचंद इस अवसर पर तहसील गया था जहां पर तीनों आरोपी उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए उसने नेमचंद को जहरीला पदार्थ दे दिया हालत बिगड़ गई पता चलने पर घर वालों ने उसे इलाज के लिए पहले अस्पताल में भर्ती कराया और फिर इलाज के लिए बरेली ले आए जहां बीती रात एक निजी अस्पताल मे उसकी मौत हो गई पुलिस में लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## मोबाइल वेटरनरी संगठन ने डीएम गेट पर किया प्रदर्शन

**बरेली।** मोबाइल वेटरनरी संगठन के बैनर तले इससे जुड़े पशु चिकित्सा अधिकारी, एमटीपी तथा पायलटो ने जिला अधिकारी गेट पर प्रदर्शन करने के उपरांत विज्ञापन देकर अपनी मांगों का निस्तारण न होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल की सूचना दी। दो माह से उनका मानदेय नहीं दिया गया है। 2 जून की रोटी खाने के भी लाले पड़ रहे हैं। वेतन वृद्धि के साथ ही साप्ताहिक अवकाश सहित अन्य सुविधाएं दिलवाने की भी बात कही। पशु चिकित्सा अधिकारी के पद पर मोबाइल वेटरनरी यूनिट की कमान संभाल रहे डॉक्टर ओपी सिंह बताते हैं उनकी तैनाती पीडीपीएल कंपनी के अंतर्गत की गई है। उनसे काम तो लगातार लिया जा रहा है।

# डॉयट प्रवक्ता ने संविलियन विद्यालय लुधौरी का किया सघन निरीक्षण



**निघासन.खीरी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान लखीमपुर के वरिष्ठ प्रवक्ता अतुल कुमार मिश्र ने संविलियन विद्यालय लुधौरी का सघन निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने प्रत्येक कक्षा में जाकर विद्यार्थियों की अंतर्निहित मानसिक योग्यता का परीक्षण भी किया। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ डॉयट प्रवक्ता श्री मिश्र ने स्थानीय विकास क्षेत्र के संविलियन विद्यालय लुधौरी का दोपहर बाद सघन निरीक्षण कियाए सबसे पहले विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति एवं व्यवस्थापन संबंधी जानकारी लेने के उपरांत कक्षा तीन के निपुण बच्चों से अनुच्छेद पढ़वाया और हासिल वाले जोड़ घटाव के सवाल हल करवाए बच्चों ने बेझिझक होकर सवालों के सही जवाब दिया। इसके बाद प्रवक्ता ने कक्षा आठ में जाकर विद्यार्थियों से यौगिक और मिश्रण की परिभाषा पूछी। प्रवक्ता ने बताया कि दो या दो से अधिक पदार्थों को निश्चित अनुपात में मिलाकर रासायनिक क्रिया कराने पर यौगिक का निर्माण होता है जैसे पानी जबकि दो या दो से अधिक पदार्थों को किसी भी अनुपात में मिलाने से मिश्रण बनता है । इस दौरान उन्होंने सहायक अध्यापक विकास भारती से आठवीं कक्षा में शिक्षण कार्य भी करवाया । इसी प्रकार डॉयट प्रवक्ता श्री मिश्र ने कक्षा छह के बच्चों से भी पाठ्यक्रम के अनुसार सवाल जवाब किया । निरीक्षण के उपरांत डॉयट प्रवक्ता ने सभी अध्यापकों से निर्धारित समयावधि के भीतर निपुण लक्ष्य हासिल करने के लिए जी जान से जुट जाने के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। इस दौरान प्रधानाध्यापक हरिनाम प्रसाद सहायक अध्यापक विकास भारती ए अरुण गुप्ता ए सहायक अध्यापिका महेलिका रानी यादव ए अनुदेशिका सीमा यादव ए शिक्षामित्र रीतू सिंह तथा संजीव कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे ।

# हथकरघा बुनकरों की वस्तुओं के नमूनों के चयन के संबंध में बैठक हुई सम्पन्न

**● संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजनान्तर्गत पुरस्कार हेतु हथकरघा बुनकरों का किया गया चयनित**

**संवाददाता।** बरेली

**जिलाधिकारी** रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कल देर शाम हथकरघा बुनकरों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के नमूनों के चयन के सम्बन्ध में बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी को प्रदर्शित किये गये सभी हथकरघा उत्पादों के कला कौशल की सराहना की। उन्होंने कहा कि बरेली परिक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जनपद बरेली, बदांयू, पीलीभीत व शाहजहांपुर के गरीब हथकरघा बुनकरों में प्रतिस्पर्धा पैदा कर उन्हें उच्च किस्म के हथकरघा वस्त्र बनाने हेतु प्रेरित करने, हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित करने एवं बुनकरों की आर्थिक सामाजिक स्थिति सुधारने, उनकी उत्पादकता बढ़ाने एवं गुणवत्ता में सुधार करने के उदेदश्य से प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना क्रियान्वित है।संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु हथकरघा विभाग द्वारा परिक्षेत्रीय स्तर के बुनकरों में से प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किये जाने हेतु उत्कृष्ट हथकरघा उत्पादों का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन कमेटी द्वारा परिक्षेत्रीय स्तर पर किया गया। निर्धारित तिथि तक कुल 34 बुनकरों के आवेदन पत्र व हथकरघा उत्पाद के सैंपल विभाग को प्राप्त हुए थे।

चयन कमेटी द्वारा प्रथम पुरस्कार श्री देशराज बदायूं रुपये 20,000 द्वितीय पुरस्कार श्री मो0 रफीक पीलीभीत रुपये 15,000 तथा तृतीय पुरस्कार श्री मो0 आसिफ पीलीभीत रुपये 10,000 का चयन किया गया। इन सभी चयनित प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त सैम्पल्स को राज्य स्तर पर चयनित किये जाने हेतु राज्य स्तरीय संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजनान्तर्गत हथकरघा निदेशालय, उ0प्र0, कानपुर को भेजा जायेगा।बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला, सहायक आयुक्त हथकरघा गोपाल हरि मिश्र, वस्त्र निरीक्षक आदित्य, अधीक्षक सर्वेश शर्मा, परीक्षक वस्त्र विनोद दिनकर, हथकरघा बुनकर सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर से दो की मौत, एक घायल

**संवाददाता।** बरेली

**तेजी** से आ रहे ट्रक ने सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को टक्कर मार दी दो की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने मृतको के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा घायल की हालत भी नाजुक बनी हुई है ।कैंट थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर निवासी पर 48 वर्षीय अमरपाल पुत्र रामेश्वर और कपिल की बीती रात घर से कुछ ही दूरी पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि गांव मे हीं रहने वाला अजय गंभीर रूप से घायल हो गया पोस्टमार्टम हाउस पर मृतको के घर वालों ने बताया कि अमरपाल कल रात लगभग 9रू30 बजे गांव के पास ही सरकारी स्कूल के पास सड़क किनारे खड़ा था कुछ ही दूरी पर कपिल और अजय ठेले पर चाऊमीन खा रहे थे और उनकी मोटरसाइकिल सड़क के किनारे खडी थी इसी दौरान बुखारा की ओर से आ रहे एक ट्रक में अमरपाल को टक्कर मार दी दुर्घटना के बाद ट्रक अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े अजय और कपिल को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गया जिससे तीनों लोग घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची अमरपाल की मौत हो चुकी थी पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां कुछ देर बाद कपिल ने भी दम तोड़ दिया पुलिस ने कपिल और अमरपाल के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश शुरू कर दी घायल अजय की हालत भी नाजुक बनी हुई है ।

# सर्दियों में बुजुर्गों का रखें खास ख्याल: डॉ शिखर

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी




**बुजुर्ग** देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को जिरियाट्रिक फिजीशियन डॉ शिखर बाजपेई व मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला व टीम द्वारा वृद्धा आश्रम सलेमपुर कोन में स्वास्थ्य शिविर लगाकर बुजुर्गों की जांच की गई। इस दौरान 60 बुजुर्गों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया गया।जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ शिखर बाजपेई ने बताया कि एनपीएचसीई कार्यक्रम के अंतर्गत बुजुर्ग देखभाल कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक माह श्रद्धा आश्रम सलेमपुर कौन में स्वास्थ्य शिविर लगाकर बुजुर्गों की जांच की जाती है। शुक्रवार को लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में 60 बुजुर्गों की जांच की गई। इसमें ज्यादातर को उच्च रक्तचाप की समस्या इस बार पाई गई। इसे लेकर उन्हें काउंसलिंग के साथ दवाई भी दी गई। इसे लेकर उन्होंने बताया कि मौसम में अचानक परिवर्तन हुआ है और अब मौसम सर्द होने लगा है।

ऐसे में उनमें उच्च रक्तचाप की समस्या बुजुर्गों में होना स्वाभाविक बात हैए परंतु ऐसे में उन्हें अधिक देखभाल की आवश्यकता होती है। साथ ही मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला द्वारा भी बुजुर्गों के मानसिक स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। वहीं अन्य रोगों से ग्रसित बुजुर्गों को संबंधित रोगों की दवाई उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। वहीं अभी हाल ही में बुजुर्ग देखभाल पखवाड़ा जिला पुरुष चिकित्सालय में मनाया गया थाए जिसमें 1000 से अधिक बुजुर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई थीं।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 21 अक्टूबर, 2023



# शातिर लुटेरों के गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफ़ाश, दो लुटेरे गिरफ्तार

● अभियुक्तों पर अन्य जिलों में भी दर्ज हैं मुकदमे

**संवाददाता।** फतेहपुर



**रायबरेली** जनपद के डलमऊ में तमंचे की नोक पर सर्राफ को लूटने वाले व हथगाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुटखा व सिगरेट की चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय लुटेरों के गैंग का सुल्तानपुर घोष पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए थाना क्षेत्र के इजूरा मोड़ के निकट से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये लुटेरों के पास से लूटा गया माल बेचकर कमाये गये चालीस हजार रुपये समेत चोरी का गुटखा व सिगरेट भी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि सुल्तानपुर घोष की पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। तभी मुखबिर की सूचना पर इजूरा मोड़ के समीप से पुलिस ने घेराबंदी करके दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। जिन्होने अपने नाम पप्पू पुत्र अब्दुल सलाम निवासी इजूरा बुजुर्ग थाना सुल्तानपुर घोष व इमरान उर्फ बंटा पुत्र अब्दुल सलाम निवासी इजूरा बुजुर्ग बताया।

एसपी ने बताया कि अभियुक्त पप्पू व इमरान ने 27 अगस्त को रायबरेली जनपद के डलमऊ थाना क्षेत्र से एक सर्राफा व्यवसायी से गड़रियन मोड़ अंडर बाईपास से उसके पैसे व आभूषण भरे जेवरात बंदूक की नोक पर लूट लिया था। तलाशी के दौरान इनके पास से लूट का चालीस हजार रूपया, आभूषण इसके दोस्त अख्तर लेकर फरार है। इसी तरह हथगाम थाना क्षेत्र से चोरी हुए गुटखा व सिगरेट भी बरामद हुआ है। एसपी ने बताया कि अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं जिन पर अन्य जनपद में भी अभियोग पंजीकृत हैं। गिरोह बनाकर आस-पास के जनपदों में खड़ी बाइकों की भी चोरी करते हैं। अभियुक्त रैकी कर रात्रि में घरों से चोरी करते हैं। अभियुक्त पप्पू ने अपने साथी अख्तर के साथ मिलकर रायबरेली के डलमऊ में लूट की घटना को कारित किया था।

# चित्रकूट सांसद पटेल ने किया आरआरसी केंद्रों का लोकार्पण



**संवाददाता।** चित्रकूट

**बांदा-चित्रकूट** सांसद आर के सिंह पटेल ने सदर विकासखंड कर्वी के ग्राम पंचायत कसहाई में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वितीय चरण के तहत बने आरआरसी सेंटर का लोकार्पण किया। इस दौरान सांसद ने ग्रामीणों को अपने गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प दिलाते हुए डस्टबिन का वितरण किया।

स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण के तहत केंद्र सरकार द्वारा सदर विकास खंड के ग्राम पंचायत कसहाई और मानिकपुर ब्लाक के ग्राम चुरेह केशरूवा में बनवाये गये ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (आरआरसी) का उदघाटन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद श्री पटेल ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास की नीति पर चल रहीं मोदी-योगी सरकार गरीब कल्याण को संकल्पित है। बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों में आरआरसी का निर्माण कराया जा रहा है।

उन्होने कहा कि जब घर और गांव स्वच्छ होगें तभी स्वच्छ भारत निर्माण का पीएम मोदी का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि कचरे से खाद का निर्माण होगा। जिससे किसानों की फसलों का उत्पादन बढ़ेगा। सांसद ने कहा कि पीएम मोदी ने वैश्विक स्तर पर भारत का मान बढ़ाने का ऐतिहासिक कार्य किया है।

# गिद्ध जटायु के रावण से हुए घनघोर युद्ध का शानदार मंचन देखने उमड़ी हजारों की भीड़

**संवाददाता।** कोंच, जालौन



**छठ** मेले के नाम से विख्यात मारीच वध मेला यहां गढ़ी के मैदान में जलकल कार्यालय के नीचे शुक्रवार को संपन्न हुआ। मैदानी लीला के इस प्रसंग में दर्शाया गया कि आकाश मार्ग में विचरण करती रावण की बहन सूर्पणखा पंचवटी में बैठे राम की मोहिनी छवि पर रीझ जाती है और वहां आकर प्रणय निवेदन करती है। एक पत्नी व्रत होने का हवाला देकर राम उसे लक्ष्मण के पास भेज देते हैं। लक्ष्मण स्वयं को राम का सेवक बताकर फिर राम के पास भेज देते हैं। क्रोध में विकराल रूप धारण कर सूर्पनखा सीता पर झपटती है और लक्ष्मण उसके कान नाक काट देते हैं।

रावण अपने मामा मायावी मारीच को स्वर्णमृग बना कर पंञ्चवटी भेजता है। स्वर्णमृग को देख सीता राम से उसका आखेट कर मृगचर्म लाने के लिये आग्रह करती हैं। लक्ष्मण को सीता की सुरक्षा का भार सौंप कर राम मृग के पीछे चले जाते हैं। राम के वाण से आहत मारीच राम के ही स्वर में हा लक्ष्मण की पुकार लगाता है जिसे सुन कर सीता व्याकुल हो जाती हैं और लक्ष्मण को उनकी सहायता के लिए जाने के लिए आदेशित करती हैं। लक्ष्मण ने कुटिया के बाहर एक रेखा खींची और सीता से उसके बाहर नहीं आने का अनुरोध करके चले जाते हैं। उसी क्षण साधु वेश धारण कर रावण वहां आकर भिक्षा मांगता है और सीता का हरण कर लेता है। गिद्ध जटायु का रावण से घनघोर युद्ध होता है और अंतत: जटायु खेत रहता है। राम अपने हाथों से उसका अंतिम संस्कार कर उसे अपने धाम भेज देते हैं। मेले में नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों से आई हजारों की भीड़ जुटी थी। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ रामसिंह की अगुवाई में प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक, क्राइम इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह, एसएसआई उदय प्रताप सिंह सहित थानाध्यक्ष कैलिया व नदीगाँव भारी पुलिस बल के साथ मेले में तैनात रहे।

# पुलिस ने लूट की घटना का 16 घंटे में खुलासा कर लुटेरों को किया गिरफ्तार

**संवाददाता।** चित्रकूट

● लूटा हुआ पर्स, नकदी, तमंचा कारतूस व मोटरबाइक बरामद

**पुलिस** अधीक्षक के मार्गदर्शन में चल रहे अपराधियों की धरपकड़ के अभियान के अंतर्गत भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा कर दो लुटेरों को महिला से छीना पर्स व 12 सौ रुपये तथा घटना में प्रयुक्त मोटरबाइक एवं तमंचा-कारतूस समेत दबोचा है।

ज्ञात है कि बांदा जिले के फतेहगंज थाने के बजरंगपुर मजरा डढ़वा मानपुर के राम प्रकाश पुत्र रामभरोसा यादव ने भरतकूप थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि 18 अक्टूबर को वह रिश्तेदारी में शाहपुर से निमंत्रण कर पत्नी दीपा के साथ बदौसा से ऑटो में अपने घर जा रहा था। ऑटो के भवानीपुर मंदिर पहुंचने पर पीछे से बिना नंबर मोटरबाइक में तीन लड़कों ने पत्नी से पर्स छीनकर भाग गये। पत्नी ऑटो में किनारे बैठी थी। हाथ में पर्स लिये थी। पर्स में 28 सौ रुपये थे। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना दरोगा कन्हैयालाल पांडेय को सौंपी। 20 अक्टूबर को सवेरे आठ बजे मुखबिर से मिली सूचना पर दरोगा ने भरतकूप मंदिर के पास से धर्मेंद्र यादव पुत्र संतोष यादव निवासी बडारतीर सरैंया व दीपक आरख पुत्र कल्लू आरख निवासी पूनपरास थाना बबेरू जिला बांदा हालमुकाम अहिरनपुरवा गल्लामंडी कर्वी को घटना में प्रयुक्त मोटरबाइक व लूटा पर्स तथा 12 सौ रुपए और धर्मेंद्र यादव के कब्जे से तमंचा 315 बोर व दो कारतूस बरामद किये। फरार चल रहे तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। बरामदगी पर धारायें बढ़ाई गई हैं। टीम में दरोगा कन्हैयालाल पांडेय, दीवान राजवीर सिंह शामिल रहे।

# एसपी वृंदा शुक्ला ने आरती उतार कर धनुष यज्ञ लीला का किया शुभारंभ



**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के ऐंचवारा गांव में धनुष यज्ञ लीला, लक्ष्मण-परशुराम संवाद मंचन के दूसरे दिन भव्य ढंग से राम बारात निकाली गई। धनुष यज्ञ लीला दौरान कलाकारों ने शानदार मंचन किया। लीला से भगवान राम चरित्र का बखान किया। गुरुवार की रात धनुष यज्ञ लीला का एसपी वृंदा शुक्ला ने शुभारंभ कर भगवान राम, लक्ष्मण व गुरु विश्वामित्र की आरती उतारी। उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन में कलाकारों के अभिनय से समाज को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। सामाजिक मर्यादाओं समेत किस तरह की भूमिका लोगों की होनी चाहिए। यह सब लीला मंचन में देखने को मिलता है। एसपी ने मातृ शक्ति को मां दुर्गा का अवतार बताया। नौ दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरुप देखने को मिलते है। मातृ शक्ति अब अपने ऊपर होने वाले जुल्म को सहन न करें, बल्कि पुलिस को बताये। महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

# बीडीओ ने मदारीपुर में जन चौपाल लगा सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**संवाददाता।** कुठौंद, जालौन



**विकासखंड** कुठौद की ग्राम पंचायत मदारीपुर में शुक्रवार को बीडीओ ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, सशक्त नारी, सशक्त प्रदेश महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम एवं ग्राम पंचायत विकास योजना का कार्यक्रम खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें ग्राम प्रधान श्रीमती गंगावती, ग्राम विकास अधिकारी शिवम गुप्ता प्रधान प्रतिनिधि भारत सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मंजुला, अनीता, बृजकुमारी, एनएम सरोज कुमारी, सुघर सिंह, मदन, मूलचंद, प्रमोद, रमाकांत, सर्वेश कुमार, कोटेदार समूह की महिलाएं एवं सैकड़ों ग्रामीणजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

जन चौपाल को संबोधित करते हुये बीडीओ सर्वेश कुमार रवि द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं व पुरुषों को महिला पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री सुमंगल योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

बीडीओ सर्वेश कुमार रवि ने आए हुए ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को सुना और समस्याओं का निदान करने के आदेश वहां उपस्थित ग्राम विकास अधिकारी शिवम गुप्ता को दिए। शिवम गुप्ता ने सभी ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि आपकी हर समस्या का निदान किया जाएगा इसके बाद जन चौपाल का समापन किया गया।

## क्विक न्यूज

### शाखा प्रबंधक ने पीड़ित महिला की रकम वापस दिलायी

**कोंच, जालौन।** इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक राहुल कुमार सिंह ने वीसी के हांथों सवा 2 लाख रुपये की धोखाधड़ी का शिकार हुई पीड़ित महिला ग्राहक वर्षा कुशवाहा पत्नि निवासी तिलक नगर को बैंक शाखा में बुलाया और उसकी जमा पूंजी सवा 2 लाख रुपये वापस दिलाए। जमा पूंजी वापस पाकर वर्षा के चेहरे पर खुशी के साथ ही सुकून के भाव साफतौर पर देखे गए। उसने शाखा प्रबंधक का शुक्रिया भी अदा किया। शाखा प्रबंधक ने कहा है कि धोखाधडी के शिकार हुए करीब आधा दर्जन ग्राहक अभी तक सामने आए हैं जिनकी जमा पूंजी उन्हें वापस दिलाई जाएगी। उन्होंने अपील करते हुए कहा है कि अगर अन्य कोई भी ग्राहक वीसी की धोखाधड़ी का शिकार हुआ है तो वह जमा पर्ची और पासबुक लेकर सीधे बैंक शाखा आकर उनसे संपर्क कर सकता है। उन्होंने ग्राहकों से कहा है कि बैंक परिसर के आसपास किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति से बैंक कार्य को लेकर न मिले और अगर कोई प्रलोभन अथवा गुमराह करता है तो इसकी सूचना अवश्य दें।

### टायर फैक्ट्री में आग लगने से पांच मजदूर झुलसे

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के सौंरा स्थित श्रीराम इंडस्ट्रियल टायर फैक्ट्री में शुक्रवार की दोपहर गैस वापसी होने पर अचानक आग लग गई। जिसमें काम कर रहे पांच मजदूर गंभीर रूप से झुलस गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां सभी की हालत गंभीर बनी है। घटना के बाद मौके पर पहुंची दमकल के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार सौंरा स्थित टायर फैक्ट्री में आज दोपहर लगभग तीन बजे ब्वालर से गैस वापसी आते समय अचानक आग लग गई। जिससे फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई। इसी बीच मौके पर काम कर रहे सत्यराम पुत्र साधूराम (43) निवासी मढ़वा थाना बसई, कप्तान पुत्र रामचरन (25) निवासी मिश्री थाना मटसेना, बलराम पुत्र देवराज (45) निवासी बुड्ढा कोरा थाना नगला सिंघी, प्रेमचंद्र पुत्र अरविंद (45) निवासी मढ़वा जिला फिरोजाबाद एवं कूपल पाल पुत्र कप्तान सिंह (28) निवासी ईधोन थाना फतेहाबाद जिला आगरा बुरी तरह झुलस गये।

### डीडी ने किसान सहायकों समेत 49 कर्मियों का रोका वेतन

**हमीरपुर।** कई बार आदेश करने के बाद किसान सम्मान निधि के पात्र किसानों की केवाइसी डाटा अपडेट न करने पर उपकृषि निदेशक प्रसार हरिशंकर भार्गव ने किसान सहायकों समेत 49 कर्मियों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया है। इस कार्रवाई से विभाग के कर्मचारियों में अफरा तफरी मची हुई है। उपकृषि निदेशक प्रसार हरिशंकर भार्गव ने बताया कि जिले में 1,79,712 लोग किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे हैं। शासन के सख्त आदेश हैं कि हर किसान का केवाइसी यानी आधार कार्ड आनलाइन समस्त अभिलेख पूरे होने चाहिए। इसके लिए जिले के सभी किसान सहायकों, सहायक तकनीकी प्रबंधक (एटीएम) व ब्लाक तकनीकी सहायक (बीटीएम) कर्मियों को लगाया गया था। इसके लिए समयबद्ध तरीके से काम पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। इतना ही नही इस कार्य के लिए सचिव, लेखपाल, कोटेदार, प्रधानों का भी सहयोग लेने को कहा गया था। इसके बाद भी कर्मियों ने ध्यान नहीं दिया।

### पुलिस ने ड्रोन से मारीच वध लीला की सुरक्षा परखी

**कोंच, जालौन।** सीओ के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने ड्रोन के जरिए रामलीला परिसर सहित मारीच वध मेला ग्राउंड की सुरक्षा व्यवस्था परखी। आसपास कुछ घरों की छतों पर रखे ईंटों को हटवाया गया। शुक्रवार की दोपहर सीओ रामसिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक, क्राइम इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह ने पुलिस बल के साथ रामलीला परिसर के अलावा मारीच वध मेला ग्राउंड (गढ़ी परिसर) के ऊपर चारों ओर ड्रोन उड़ाकर सुरक्षा व्यवस्था परखी। आसपास कुछ घरों की छतों पर ईंटों के रखे होने पर पुलिस ने संबंधित घरों की छतों से ईंटों को हटवा दिया।

### युवाओं को प्रेरणा देने को 29 को होगा पुरा छात्र सम्मेलन

**चित्रकूट।** शासन के निर्देश पर युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने उन्हें पढ़ाई क्षेत्र में मुकाम तक पहुंचाने की प्रेरणा के उद्देश्य से पुरातन छात्रों का हर विद्यालय में सम्मेलन के निर्देश पर चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में 29 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे से शाम पांच बजे तक पुरा छात्र सम्मेलन होगा। शुक्रवार को सीआईसी के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान ने बताया कि विद्यालय से अध्ययन कर विभिन्न पदों पर आसीन तीन हजार छात्र-छात्राओं को पुरा छात्र सम्मेलन में भाग लेने को आमंत्रण भेजा है। अधिकांश पुरातन छात्र-छात्राओं ने सम्मेलन में भाग लेने की मंजूरी दी है। सहसंयोजक राजेश्वर प्रसाद नामदेव ने बताया कि पुरा छात्र सम्मेलन की तैयारी मुख्य अनुशासन अधिकारी फूलचंद चंद्रवंशी के निर्देशन में हो रही हैं। सम्मेलन में पुरातन छात्र-छात्राओं को उचित मान-सम्मान आदि की व्यवस्था की जाएगी। सम्मेलन में पुराने छात्र-छात्रायें जो मुकाम हासिल कर चुके हैं, वह अपने अनुभव सम्मेलन में छात्राओं के बीच साझा करेंगे।

# दशहरा महोत्सव की तैयारियों ने पकड़ा जोर 22 अक्टूबर से शुरू होगा पांच दिवसीय मेला

**संवाददाता।** बिंदकी, फतेहपुर



**नगर** के ऐतिहासिक दशहरा महोत्सव की तैयारियों में नवरात्रि के पहले दिन से तेजी देखने को मिली। बाड़े के निर्माण के साथ मेला मैदान के समतलीकरण का काम में तेजी दिखने लगी। 22 अक्टूबर से शुरू होने वाले दशहरा महोत्सव को लेकर मेला कमेटी द्वारा रामलीला मैदान स्थित हनुमान मंदिर में बैठक की गई, जिसमे पदाधिकारियों और कर्मचारियों को जुम्मेदारिया दी गई। कलकत्ता के कारीगरों द्वारा केदारनाथ धाम के बाड़े के आकार में सजाया जा रहा मंदिर दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेगा जिसकी साज सज्जा के विषय में चर्चा की गई।

वहीं पालिका प्रशासन ने मेला मैदान खाली कराकर समतली करण का कार्य ट्रैक्टर लगा शुरू कर दिया है। रामलीला कमेटी अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने बताया कि 22 अक्टूबर से पांच दिवसीय मेला का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ किया जायेगा और 24 अक्टूबर को भगवान श्रीराम के द्वारा अहंकारी रावण का वध किया जाएगा।

### पूजा पंडालों में जल संरक्षण की दिलाई गई शपथ



**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन, वाटर हीरो डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मां दुर्गा पंडालों शुभम जागरण मंच शादीपुर, मां अम्बे जागरण कमेटी भार्गवनगर व जय मां दुर्गे पूजा युवा कमेटी पटेल नगर पंडाल में आरती से पूर्व उपस्थित जन समुदाय को जल संरक्षण हेतु जागरूक किया। लोगों को वाटर बेल लगाने, आरओ से निकलने वाले पानी को संकलित करने तथा व्यर्थ पानी न बहाने, सड़कों को न धुलने हेतु स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों को भी जागरूक करने हेतु प्रेरित भी किया।

# भारत-पाक युद्ध में शामिल रहे पूर्व सैनिक का निधन



**जालौन, उरई।** भारत पाक युद्ध में हिस्सा लेने वाले पूर्व जांबाज सैनिक का निधन हुआ। पूर्व सैनिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व सैनिक सूबेदार राम आसरे पाल ग्राम न्यामतपुर के पूज्य पिता नायक रामाधीन पाल का लम्बी बीमारी के चलते शुक्रवार को निधन हो गया। उन्होंने 1971 के भारत पाक युद्ध में जांबाजी के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। इसके अलावा भी कई महत्वपूर्ण ऑपरेशनों में जांबाजी के साथ अग्रिणी भूमिका निभाई थी। उनके निधन पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की स्थानीय टीम द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के साथ सलामी देकर उन्हें सम्मान सहित श्रद्धांजलि दी।

# मासूम से कुकर्म करने के बाद दरिंदे गला दबाकर कर दी उसकी हत्या

**संवाददाता।** मौदहा, हमीरपुर

**क्षेत्र** के तौकीर नामक एक वहशी दरिंदे ने गांव के एक मासूम बालक के साथ दुराचार कर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने नदी से मृतक बालक का शव बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि कोतवाली मौदहा के ग्राम नरायच निवासी तौकीर अहमद उर्फबाबू ने गुरुवार की देर रात गांव के एक 5 वर्षीय मासूम दीपक पुत्र जितेंद्र अनुरागी को फुसलाकर अपने साथ गांव ले जाकर चंद्रावल नदी के किनारे कुकर्म करने के बाद गला दबाकर हत्या कर दी। शव को दलदल में फेंक दिया।

इधर दीपक के घर से गायब होने पर उसके परिजनों ने उससे उसकी गांव में तलाश करना शुरू कर दी तभी दीपक के चचेरे भाई शनि पुत्र राजू ने बताया कि उसने गांव के बाबू के साथ रात में दीपक को देखा था। जिस पर दीपक के परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से दीपक की तलाश शुरू की तो थोड़ी देर बाद ही नदी के किनारे दलदल में दीपक का शव मिला। शव मिलते ही दीपक के परिवार वालों में मातम छा गया और गांव में हड़कंप मचने की स्थिति पैदा हो गई।

पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा समेत पुलिस के अन्य आला अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंच स्थिति का जायज़ा लिया और मृतक बालक के परिजनों को सांत्वना देते हुए आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। तौकीर अहमद अपराधी किस्म का युवक है उसके गलत आचरणों के चलते उसकी पत्नी व बच्चे उसके साथ नहीं रहते हैं। मामले की जांच पड़ताल के आधार के बाद कोतवाली पुलिस में आरोपी तौकीर को शुक्रवार को तड़के उसके घर से गिरफ्तार कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल यह घटना नगर समेत क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# पेज एक का शेष

## कनाडा ने...

होने वाले अंतरराष्ट्रीय कानून की रक्षा करता रहेगा और भारत के साथ संपर्क जारी रखेगा। हमें जमीनी स्तर पर राजनयिकों की अब पहले से भी अधिक आवश्यकता है और हमें एक दूसरे से बात करने की जरूरत है। जोली ने कनाडा के आव्रजन, शरणार्थी और नागरिकता मंत्री मार्क मिलर के साथ भारत के साथ स्थिति संबंधी घटनाक्रम की घोषणा की। मार्क ने कहा कि कनाडा के राजनयिकों की संख्या को एक तिहाई तक कम करने की घोषणा से भारत में कनाडाई दूतावास की सेवाएं प्रभावित होंगी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार शाम को संवाददाताओं से कहा कि भारत में जो राजनयिक बचे हैं उन्हें मुख्य कर्मचारी माना जाता है और वे वर्तमान चुनौतीपूर्ण राजनयिक स्थिति के साथ-साथ व्यापार और व्यावसायिक फाइलों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। नई दिल्ली स्थित कनाडाई दूतावास ने अपने यात्रा परामर्श में कहा, बेंगलुरु, चंडीगढ़ एवं मुंबई और उसके आसपास उच्च स्तर की सावधानी बरतें। इन शहरों या आसपास के क्षेत्रों में दूतावास संबंधी व्यक्तिगत सेवाएं अस्थाई रूप से अनुपलब्ध हैं। परामर्श में कहा गया है कि यदि किसी को दूतावास संबंधी सेवाओं की आवश्यकता है, तो उसे नई दिल्ली स्थित कनाडा के उच्चायोग से संपर्क करना होगा। मिलर ने कहा कि 2022 में कनाडा में स्थाई निवासियों, अस्थाई विदेशी कर्मचारियों और अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या के मामले में भारत शीर्ष देश था और इसलिए संघीय सरकार मौजूदा कदम से पड़ने वाले प्रभावों को समझती है। इससे पहले, भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कनाडा से उसके राजनयिकों की संख्या कम करने को कहा था। उन्होंने कहा था कि उनकी संख्या कनाडा में सेवारत भारतीय राजनयिकों की संख्या से अधिक है। इससे पहले कनाडा ने अपने देश में सेवारत एक भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया था, जिसके बाद भारत ने भी एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने का कदम उठाया था।

## महुआ मोइत्रा...

सोशल मीडिया मंच एक्स, सर्च इंजन गूगल, यूट्यूब और 15 मीडिया संस्थानों को उनके खिलाफ अपमानजनक और दुर्भावनापूर्ण बयानों के प्रकाशन, प्रसारण से स्थाई रूप से रोके जाने का अनुरोध किया है। लोकसभा अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में, दुबे ने दावा किया कि हाल तक लोकसभा में मोइत्रा द्वारा पूछे गए 61 प्रश्नों में से 50 अडाणी समूह पर केंद्रित थे। मोइत्रा खासकर हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह पर अक्सर कदाचार का आरोप लगाती रही हैं। उच्च न्यायालय में अपनी याचिका में, मोइत्रा ने आरोपों से इनकार किया और दावा किया कि ये उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए तैयार किए गए। मोइत्रा ने प्रतिवादियों को उनके खिलाफ संबंधित प्लेटफार्म पर पोस्ट, ट्वीट, री-ट्वीट, कैप्शन सहित सभी कथित अपमानजनक और मानहानिकारक सामग्री को हटाने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। मोइत्रा ने अनंतिम रूप से हर्जाने का मूल्य दो करोड़ रुपए आंका है और कहा है कि प्रतिवादियों को उनके हर्जाने का भुगतान करने का निर्देश दिया जाए। टीएमसी सांसद ने दावा किया कि छेड़छाड़ कर तैयार की गई उनकी निजी तस्वीरें भी प्रसारित की गईं, जिससे उसकी प्रतिष्ठा और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान हो रहा है और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं द्वारा उन्हें परेशान किया जा रहा है। इस बीच महुआ मोइत्रा ने शुक्रवार को कहा कि अगर एक नामी कारोबारी से पैसे लेने के आरोपों के संबंध में उन्हें बुलाया जाता है, तो वह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और संसद की आचार समिति के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार हैं। मोइत्रा ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, अगर मुझे बुलाया जाता है, तो मैं सीबीआई और आचार समिति (जिसमें भाजपा सदस्यों का पूर्ण बहुमत है) को सवालों के जवाब देने को तैयार हूं। मेरे पास अडाणी द्वारा निर्देशित मीडिया सर्कस ट्रायल या भाजपा के ट्रोल्स को जवाब देने के लिए न तो समय है और न ही दिलचस्पी है। टीएमसी नेता ने कहा, मैं नदिया में दुर्गा पूजा मना रही हूं। शुभो षष्ठी।

## नए भारत...

गया। मैं आज भी कहता हूं, जिसका शिलान्यास हम करते हैं, उसका उद्घाटन भी हम करते हैं। ये मेरठ वाला हिस्सा एक डेढ़ साल बाद पूरा होगा। उस समय मैं आपकी सेवा में मौजूद रहूंगा। मैंने तो बचपन रेलवे ट्रैक पर बिताया है। आज रेलवे का ये नया रूप मुझे सबसे ज्यादा आनंदित करता है। ये अनुभव प्रफुल्लित करने वाला है। पीएम ने कहा कि हमारे यहां नवरात्रि में शुभ कार्य की परंपरा है। पहली नमो भारत ट्रेन को आज मां कात्यायनी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि ट्रेन के ड्राइवर से लेकर तमाम कर्मचारी महिलाएं हैं। हमारे देश की बेटियां हैं। ये भारत की नारी शक्ति के बढ़ते कदम का प्रतीक है। नमो भारत ट्रेन में आधुनिकता भी है, अद्भुत स्पीड भी है। ये ट्रेन नए भारत के नए सफर और नए संकल्पों को परिभाषित कर रही है। मेरा मानना है कि भारत का विकास राज्यों के विकास से ही संभव है। आज बेंगलुरु में मेट्रो को दो लाइनों को देश को समर्पित किया है। इससे बेंगलुरु आईटी हब की कनेक्टिविटी और मजबूत हुई। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत हर सेक्टर में प्रगति की नई गाथा लिख रहा है। आज का भारत चंद्रयान को चंद्रमा पर उतारकर पूरी दुनिया में छाया हुआ है। कुछ समय बाद भारतीयों को लेकर गगन यान स्पेस में जाएगा। हम अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करेंगे। वो दिन दूर नहीं, हम जब अपना पहला भारतीय चंद्रमा पर उतारेंगे। आज का भारत एशियन गेम्स में 100 से ज्यादा मेडल जीतकर दिखाता है। 5 जी लॉन्च करता है। लड़ाकू विमान बनाता है। समंदर में तिरंगा फहराने वाला विक्रांत जहाज भी बनाता है। आज तेज रफ्तार नमो भारत शुरू हुई है, वो भी मेड इन इंडिया। हमारे हेलीकॉप्टर के अंदर जो आवाज आती है, जैसे वो हवाई ट्रैक्टर है। मैंने आज देखा की नमो भारत ट्रेन में हवाई जहाज से भी कम आवाज है। पीएम ने कहा कि मैं आज आपसे कुछ मांगना चाहता हूं। देंगे, हाथ ऊपर करके बताएंगे, पक्का देंगे, ये नई-नई ट्रेनें आ रही हैं, ये आपकी हैं। इसको संभालने की जिम्मेदारी आपकी है। हमारी ट्रेनों को एक भी खरोंच नही आनी चाहिए। जैसे आप अपनी गाड़ी को संभालते हैं, ठीक वैसे ही ट्रेन को भी साफ सुथरा और सुरक्षित रखना है।

## गगनयान मिशन...

नौसेना द्वारा इन्हें खोज कर निकाला जाएगा। गगनयान मिशन का एक महत्वपूर्ण परीक्षण कुछ महत्वपूर्ण सवालों के जवाब देगा। अगर कुछ गलत हो गया तो हमारे अंतरिक्ष यात्रियों का क्या होगा? क्या परीक्षण कैप्सूल रॉकेट से अलग हो जाएगा? क्या क्रू एस्केप सिस्टम के हिंद महासागर में उतरने से पहले आपातकालीन पैराशूट खुलेंगे? भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी एक क्रू एस्केप सिस्टम परीक्षण आयोजित करेगी, जो मनुष्यों की कक्षा में जाने से पहले रॉकेट की सुरक्षा साबित करने के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षण है। इसरो को उम्मीद है कि महत्वाकांक्षी गगनयान कार्यक्रम पर 2024 के कुछ समय बाद एक भारतीय रॉकेट पर, भारतीय धरती से, एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। क्रू मॉड्यूल का परीक्षण शुरू में किसी भी अंतरिक्ष यात्री को रखे बिना एक नए रॉकेट पर किए जाने की संभावना है और 17 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक अन्य परीक्षण आयोजित किया जाएगा और क्रू मॉड्यूल को भारतीय नौसेना द्वारा बंगाल की खाड़ी से निकाला जाएगा। इस तरह के कई परीक्षण किए जाएंगे और यदि इनमें से लगभग दो दर्जन या अधिक बड़े परीक्षण सफल रहे, तो नामित चार अंतरिक्ष यात्रियों में से किसी एक को भेजा जाएगा। प्रक्षेपण यान मार्क-3 के लिए चुना गया रॉकेट अब मानव-रेटेड है। चार अंतरिक्ष यात्रियों को प्रशिक्षित किया गया है, सभी चार भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के पायलट हैं और पहली टीम में सभी चार पुरुष हैं क्योंकि भारत में कोई महिला परीक्षण पायलट नहीं थी। नायर कहते हैं कि भविष्य में महिलाओं को समायोजित किया जा सकता है, क्योंकि इसरो लिंग में भेदभाव नहीं करता और केवल प्रतिभा मायने रखती है। गगनयान मिशन में रूस निर्मित फ्लाइट सूट का इस्तेमाल किया जाएगा। डॉ. उन्नीकृष्णन नायर कहते हैं कि अंतरिक्ष यात्री भारत का नाम रोशन करेंगे और अगर भारत सफल होता है तो वह रूस, अमेरिका और चीन के बाद अंतरिक्ष में इंसानों को भेजने की स्वतंत्र क्षमता रखने वाला चौथा देश बन जाएगा। मैं गगनयान को लेकर चिंतित नहीं हूं, हमें अपना होमवर्क ठीक से करने की जरूरत है। टीवी-डी1 वाहन एक विकास इंजन का उपयोग करता है, जिसके अगले सिरे पर क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम लगा होता है। वाहन की लंबाई 34.9 मीटर है, जबकि इसका भार 44 टन है।

# फडणवीस ने ड्रग मामले में उद्धव पर साधा निशाना

● आरोपी ललित पाटिल को लेकर घेरा

भाषा। मुंबई



**महाराष्ट्र के** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ड्रग मामले के आरोपी और यरवदा जेल के कैदी ललित पाटिल को लेकर शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे पर शुक्रवार को निशाना साधा। बड़ी मात्रा में मेफेड्रोन की बरामदगी के सिलसिले में पकड़े जाने के बाद पाटिल पुणे के एक अस्पताल से भाग गया था। फडणवीस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पाटिल, ठाकरे की अगुवाई वाली अविभाजित शिवसेना की नासिक इकाई का प्रमुख था तथा 2020 में जब उसे पकड़ा गया, तब उससे कभी पूछताछ नहीं की गई, क्योंकि उस दौरान महा विकास आघाड़ी सत्ता में थी। पाटिल को ससून अस्पताल के बाहर मेफेड्रोन की बरामदगी के सिलसिले में पकड़ा गया था। उसे उस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दो अक्टूबर को जब उसे एक्सरे के लिए ले जाया जा रहा था, तब वह वहां से भाग गया था। पाटिल को बाद में मंगलवार को नासिक में 300 करोड़ रुपए को मेफेड्रोन की जब्ती के सिलसिले में बेंगलुरु के पास एक स्थान से पकड़ा गया तथा अंधेरी की एक अदालत ने उसे 23 अक्टूबर तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। फडणवीस ने कहा, ललित पाटिल को 10-11 दिसंबर, 2020 को गिरफ्तार किया गया था। उद्धव ठाकरे तब मुख्यमंत्री थे, जब उसे गिरफ्तार किया गया था। जब उसे पकड़ा गया तब पुलिस हिरासत मांगी गई। पुलिस हिरासत 14 दिनों के लिए थी, लेकिन पाटिल को तत्काल ससून अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। उन्होंने सवालिए लहजे में कहा, पुलिस की ओर से इस बात पर अदालत में कोई आवेदन दाखिल करने की कोशिश नहीं की गई कि उससे पूछताछ नहीं की गई या फिर उसकी बीमारी सच नहीं थी। उससे पूछताछ क्यों नहीं की गई थी। (उसके लिए) कौन जिम्मेदार है, तत्कालीन मुख्यमंत्री (ठाकरे) या गृहमंत्री (अनिल देशमुख)। फडणवीस ने जानना चाहा कि पाटिल किसके दबाव में था और उसके किसके साथ संबंध थे।संयोग से, शिवसेना (यूबीटी) एकनाथ शिंदे सरकार में गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे फडणवीस पर पाटिल के अस्पताल से भाग जाने को लेकर निशाना साध रही थी। पाटिल गिरफ्तारी के कुछ ही दिनों बाद अस्पताल से भाग गया था।पुलिस के अनुसार, ससून अस्पताल के बाहर 30 सितंबर को एक व्यक्ति मेफेड्रोन के साथ पाया गया था, जिसके बाद पाटिल को पकड़ा गया था। उसे यरवदा जेल से ससून अस्पताल में भर्ती कराया गया। पहले उसे यरवदा जेल में मादक पदार्थ के एक अन्य मामले में सिलसिले में रखा गया था। यह दूसरा मामला 2022 में पुणे के चाकण में दर्ज किया गया था।

## विस अध्यक्ष ने शिवसेना की सभी अयोग्यता याचिकाओं को एक साथ जोड़ेंगे, अगली सुनवाई 26 अक्टूबर को

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शुक्रवार को पिछले साल शिवसेना मे विभाजन के बाद एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए प्रतिद्वंद्वी गुटो की ओर से दायर याचिकाओं को एक साथ जोड़ने और उस पर एक साथ सुनवाई करने का फैसला किया है। एक विपक्षी विधायक ने मामले मे सुनवाई के बाद यह जानकारी दी। विधायक ने बताया, नार्वेकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ शिवसेना और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी गुट को विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय में प्रस्तुत याचिकाओं पर अपने लिखित जवाब देने के लिए 25 अक्टूबर तक का समय दिया है। शिवसेना (यूबीटी) के विधायक सुनील प्रभु ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष ने सभी अयोग्यता याचिकाओं को एक साथ जोड़ने और उन पर एक साथ सुनवाई करने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि मामले की अगली सुनवाई 26 अक्टूबर को होगी। उद्धव ठाकरे नीत गुट ने पहले मांग की थी कि सभी याचिकाएं एक साथ सुनी जाएं ताकि कार्यवाही शीघ्रता से समाप्त हो सके। हालांकि, इस मांग का शिंदे नीत शिवसेना ने विरोध किया और याचिकाओं पर अलग-अलग सुनवाई करने पर जोर दिया। विधानसभा अध्यक्ष का यह फैसला उच्चतम न्यायालय द्वारा उन्हे याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए यथार्थवादी समय-सीमा देने का अंतिम अवसर दिए जाने के कुछ दिनो बाद आया है। गत मंगलवार को शीर्ष अदालत ने कहा कि अयोग्यता याचिकाओं पर शीघ्रता से फैसला किया जाना चाहिए। शिंदे और उनके प्रति वफादार कई विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए ठाकरे गुट द्वारा दायर याचिकाओं पर फैसला करने में देरी को लेकर उच्चतम न्यायालय ने पहले नार्वेकर को कड़ी फटकार लगाई थी।

# मान सरकार राज्यपाल के खिलाफ कोर्ट का रुख करेगी, विस सत्र बीच में ही स्थगित

भाषा। चंडीगढ़



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य विधानसभा के दो दिवसीय सत्र में पेश किए जाने वाले तीन विधेयकों को मंजूरी देने से राज्यपाल के इनकार करने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी। सत्र के प्रथम दिन कार्यवाही शुरू होने के कुछ घंटों बाद, सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। यह सत्र 20-21 अक्टूबर के लिए बुलाया गया था। मान ने विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां से कहा कि उनकी सरकार सदन में कोई विधेयक पेश नहीं करेगी और विधानसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का उनसे अनुरोध किया। मैं नहीं चाहता कि राज्यपाल के साथ तकरार और बढ़े। उन्होंने कहा, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि जब तक हम यह सुनिश्चित नहीं कर देते कि यह सत्र वैध है, और राज्यपाल (विधेयकों को) मंजूरी नहीं देते, हम कोई विधेयक पेश नहीं करेंगे...। मान के अनुरोध के बाद, विधानसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का एक प्रस्ताव पेश किया जिसे सदन ने मंजूरी दे दी। पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने तीन विधेयकों को मंजूरी नहीं देते हुए बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा था। पंजाब में राजभवन और आम आदमी पार्टी (आप) नीत सरकार के बीच तकरार पहले से कायम है। राज्यपाल ने कहा कि (मुख्यमंत्री) भगवंत मान सरकार को उनका सुझाव है कि वह इस कवायद को जारी रखने के बजाय मानसून या शीतकालीन सत्र बुलाएं। उन्होंने कहा था कि यदि सरकार अवैध सत्र बुलाने की दिशा में आगे बढ़ती है तो वह उपयुक्त कार्रवाई करने के लिए विवश हो जाएंगे, जिसमें विध को राष्ट्रपति को सूचना देना भी शामिल है। इससे पहले दिन में, कांग्रेस विधायकों ने राज्यपाल की टिप्पणी का हवाला देते हुए जब विधानसभाध्यक्ष से यह सवाल किया कि क्या यह सत्र वैध है, तब सदन में शोरगुल देखने को मिला। संधवां ने सदन में कहा कि दो दिवसीय सत्र वैध है। यदि सत्र हो रहा है तो यह वैध सत्र है। विधानसभाध्यक्ष के तौर पर, मैं इस सत्र को वैध मानता हूं। उन्होंने कांग्रेस सदस्य प्रताप सिंह बाजवा द्वारा इस विषय पर व्यवस्था मांगे जाने पर यह टिप्पणी की। बाजवा विपक्ष के नेता भी हैं। दो दिवसीय सत्र वैध है, जबकि कांग्रेस सदस्यों ने इस मुद्दे पर सवाल उठाना जारी रखा और राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री मान को लिखे एक पत्र का हवाला दिया।

## क्विक न्यूज

### राहुल गांधी के दोराला तेलंगाना वाले बयान पर बीआरएस नेता रामाराव का पलटवार

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उनके इस बयान के लिए निशाना साधा कि राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव दोराला (सामंती) तेलंगाना और प्रजाला (जनता के) तेलंगाना के बीच है। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की सरकार को सामंतवादी करार देते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पिछले तीन दिन में तेलंगाना में अपनी अनेक सभाओं में आरोप लगाया है कि 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव मे लड़ाई दोराला तेलंगाना और प्रजाला तेलंगाना के बीच है। केटी रामाराव ने कहा, मै उन्हे उनकी दादी (पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी) की याद दिलाता हूं। इंदिरा जी ने हमें इस देश का एकमात्र आपातकाल दिया था, इसलिए स्वतंत्र भारत के इतिहास में श्रीमती इंदिरा गांधी से बड़ा कोई तानाशाह नही हुआ। इसलिए, कृपया हमें सबक सिखाने की कोशिश न करें। हमें लोकतंत्र के गुण सिखाने की कोशिश मत कीजिए...ऐसा लगता है कि शैतान उपदेश दे रहा है। रामाराव ने कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने बिना तैयारी के आने के मामले में राहुल जैसा नेता नही देखा जो हर दिन नए राज्य में जाते हैं और पूछते है कि आज की स्क्रिप्ट क्या है? बीआरएस की विधान परिषद सदस्य के. कविता ने राहुल गांधी के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, गांधी परिवार का तेलंगाना से रिश्ता केवल विश्वासघात और पिछड़ेपन का है। राहुल ने कहा था कि तेलंगाना के साथ उनका रिश्ता राजनीतिक नही, बल्कि पारिवारिक है। कविता ने आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने ही 1950 के दशक में तेलंगाना का विलय आंध्र प्रदेश मे कर दिया था। उन्होंने कहा कि इसके बाद इंदिरा गांधी ने 1969 में अलग तेलंगाना बनाने से इनकार कर दिया और कई छात्रों को अपनी जान गंवानी पड़ी। कविता ने आरोप लगाया कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी भी तेलंगाना के गठन की घोषणा के बाद इससे पीछे हट गई थी और कई लोग मारे गए।

### अच्युतानंदन ने पूरा किया जीवन का शतक, विभिन्न नेताओं ने दी बधाई

तिरुवनंतपुरम-नई दिल्ली। दिग्गज वामपंथी नेता और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वी.एस. अच्युतानंदन शुक्रवार को 100 वर्ष के हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत विभिन्न नेताओं ने उन्हें बधाई दी और केरल के प्रति उनके योगदान को सराहा। वह राज्य में सतारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से हैं। अच्युतानंदन को उनके समर्थक आम तौर पर कॉमरेड वीएस के नाम से पुकारते है। वह 1964 मे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) से अलग होकर माकपा की स्थापना करने वाले नेताओं में शामिल थे। पार्टी और राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर विभिन्न दलों के लोगों ने माकपा नेता को उनके 100वें जन्मदिन पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस अच्युतानंदन जी को उनके 100वें जन्मदिन के विशेष अवसर पर बधाई। वह दशकों से केरल के लोगों के लिए काम कर रहे हैं। मुझे उनके साथ अपनी बातचीत याद है, खासकर जब हम दोनो अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्री के रूप में काम कर रहे थे। मेरी कामना है कि वह दीर्घायु हो और स्वस्थ रहें। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने फोन पर अच्युतानंदन को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा, पूर्व मुख्यमंत्री अच्युतानंदन को उनके 100वें जन्मदिन पर मेरी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मै केरल के लोगों के साथ मिलकर उनके अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करता हूं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि कॉमरेड वीएस ऐसे व्यक्ति है जिनका सफर आधुनिक केरल के इतिहास के साथ रहा है। उन्होंने एक संदेश में कहा कि राज्य को आज के केरल मे बदलने मे वीएस समेत कई नेताओं द्वारा निभाई गई भूमिका निर्विवाद है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने कहा, मै केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वी.एस. अच्युतानंदन के 100वें जन्मदिवस पर उनका हार्दिक अभिनंदन करता हूं। वह (अच्युतानंदन) एक जुझारू नेता थे और है। उन्होंने लोगो की भलाई से जुड़े उद्देश्यो के लिए निडरता के साथ अवाज उठाई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, जीवन के 100 वर्ष तक पहुंचने का मौका बहुत लोगो को नही मिलता, लेकिन वीएस अच्युतानंदन आज 100 साल के हो गए। राजनीति और सार्वजनिक जीवन में उनका करियर उल्लेखनीय रहा है। वह माकपा के दिग्गज नेता रहे है। केरल और राज्य की राजनीति पर अपनी छाप छोड़ी है। केरल के अलप्पुझा जिले में 20 अक्टूबर 1923 को जन्मे अच्युतानंदन ने 2006 से 2011 तक केरल के मुख्यमंत्री का पद संभाला था।

### ध्यान और ईश्वर की शक्ति को उजागर करेगी फिल्म

**मुंबई।** महालक्ष्मी पथ द इवोल्यूशन 27 अक्टूबर को रिलीज होगी। निर्माता डॉ.संजय रोशन तलवार ने जोर देकर कहा कि फिल्म ध्यान और ईश्वर की दिव्य आशीर्वाद की परिवर्तनकारी शक्ति को उजागर करती है। ध्यान की गहराई नियति का पुनर्निर्माण करने की क्षमता रखती है। दिवाली के पूर्व एक अद्भुत आध्यात्मिक यात्रा पर निकलें और पाइये महालक्ष्मी शक्ति का अनुभव इस 125 मिनट की बॉलीवुड स्टाइल में बनी फिल्म ष्महालक्ष्मी पथ द इवोल्यूशन् के साथ। ये फिल्म प्रशंसित गृहलक्ष्मीृ द अवेकनिंग् की अगली कड़ी है। व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता सुभाष घई के शिष्य प्रशांत नाइक द्वारा निर्देशित यह फिल्म परम पूज्य श्रीमाता जी निर्मला देवी द्वारा दिए गए एक अमूल्य उपहार सहज योग के माध्यम से अपनी आंतरिक आध्यात्मिकता की खोज करने वाले चार परिवारों की गहन यात्रा को कलात्मक रूप से प्रदर्शित करती है। नाइक ने कहा कि फिल्म महालक्ष्मी पथृ द इवोल्यूशन का निर्माण एक दिव्य अनुभव रहा है, जिसमें श्रीमाता जी के आशीर्वाद और सहज योग द्वारा परिवर्तित व्यक्तियों की प्रामाणिक और संवेदनशील कहानियों को चित्रित किया गया है। कशिश गोस्वामी, आदित्य कोठारी, निशांत पराशर,भूमिका शर्मा, प्रथम गटकल, वीणा मोरे, श्रद्धा तलवार, राज जुत्शी, दिव्या त्रिपाठी, बानी चोपड़ा, डॉ मिथिला बगड़,रुचिका लोहिया, संजय रोशन तलवार, अनु वर्मा,एनएन टिक्कू, राम विजय वर्गीय और जयंत पाटन कर आदि कलाकार इस फिल्म में मौजूद है।

### अदालत ने 200 करोड़ रुपए के रंगदारी मामले में सुकेश की सहयोगी पिंकी ईरानी को जमानत दी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 200 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने के मामले में कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की करीबी सहयोगी पिंकी ईरानी को शुक्रवार को जमानत दे दी। उच्च न्यायालय ने पिंकी को पांच लाख रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही मूल्य की दो जमानत राशि जमा करने पर राहत दी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने जमानत की शर्तो का जिक्र करते हुए कहा, आवेदक (ईरानी) किसी भी परिस्थिति मे संबंधित अदालत की पूर्व अनुमति के बिना भारत नही छोड़ेगी। वह मामले के तथ्यों से जुड़े किसी भी व्यक्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई प्रलोभन या धमकी नही देगी। वह पुलिस स्टेशन विशेष प्रकोष्ठ मे संबंधित पुलिस अधिकारी को अपना मोबाइल नंबर भी मुहैया कराएंगी। मुंबई की रहने वाली ईरानी को दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 30 नवंबर, 2022 को गिरफ्तार किया था जिसके बाद से वह हिरासत मे है। उच्च न्यायालय ने जमानत देते हुए कहा कि ईरानी के आपराधिक इतिहास के बारे में रिकॉर्ड पर कुछ भी नही है। इसने कहा कि जमानत देते समय इस बात को भी ध्यान मे रखा गया कि वह 52 वर्षीय महिला है, जो पिछले साल नवंबर से हिरासत मे है। अदालत ने कहा, इस अदालत का मानना है कि मकोका की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मुकदमे के दौरान आरोपो का परीक्षण आवश्यक है। यह भी सुनवाई का विषय है कि क्या याचिकाकर्ता (ईरानी) द्वारा प्राप्त धन अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए था, क्योंकि बचाव पक्ष का मामला यह है कि यह धन मशहूर हस्तियो को उपहार देने के लिए हस्तांतरित किया गया था।

# जेडीएस-भाजपा के गठजोड़ पर सहमति के देवेगौड़ा के दावे को विजयन ने खारिज किया

● केरल में राजनीतिक विवाद

भाषा। तिरुवनंतपुरम



**जनता दल**( सेक्यूलर) अध्यक्ष एच डी देवेगौड़ा के एक दिन पहले दिए गए इस बयान पर केरल में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ उनकी पार्टी के गठबंधन का समर्थन किया है। केरल के मुख्यमंत्री विजयन ने शुक्रवार को जेडी (एस) अध्यक्ष एच डी देवेगौड़ा के इस दावे को निराधार और झूठा बताकर खारिज कर दिया। देवेगौड़ा ने दावा किया था कि विजयन ने जेडी (एस) के क्षेत्रीय हितों की रक्षा के लिहाज से कर्नाटक में उसे भाजपा के साथ गठबंधन की मंजूरी दे दी थी। इस दावे के कुछ घंटे बाद जारी बयान में केरल के मुख्यमंत्री ने आज पूर्व प्रधानमंत्री से अपना बयान सुधारने को कहा। विजयन ने कड़े शब्दों में कहा कि जेडी (एस) की प्रदेश इकाई ने साफ किया था कि वे भाजपा के साथ गठबंधन के पूरी तरह खिलाफ हैं और वे केरल में वाम मोर्चा के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा, देवेगौड़ा भाजपा के साथ पहली बार हाथ नहीं मिला रहे हैं। हम सभी को 2006 याद है जब जेडीएस ने भाजपा के साथ हाथ मिलाया था। उन्होंने अपनी विचारधारा को छोड़ दिया था और अपने बेटे को मंत्री पद दिलाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया। विजयन ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा जिसने आरोप लगाया है कि माकपा और भाजपा के बीच तार जुड़े हैं। जेडी (एस) अध्यक्ष के बयान के बाद केरल में उठे राजनीतिक विवाद के बीच विपक्षी कांग्रेस ने आरोप लगाया कि देवेगौड़ा के खुलासे ने साबित कर दिया है कि केरल में सत्तारूढ़ माकपा और भाजपा के बीच अंदरखाने सांठगांठ है। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन ने यह आरोप लगाया। देवेगौड़ा ने कल दावा किया था कि उनकी पार्टी की केरल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र समेत सभी प्रदेश इकाइयों ने भाजपा के साथ गठबंधन की सहमति दे दी है और विजयन भी इससे सहमत थे। सतीशन ने आज आरोप लगाया कि विजयन, वाम दल और भाजपा के बीच संबंध खुले में सामने आ गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया, हमने पहले भी यह आरोप लगाया था। एक पार्टी जो राजग का हिस्सा है, वह केरल में पिनराई विजयन के नेतृत्व वाली वामपंथी सरकार के राज्य मंत्रिमंडल का भी हिस्सा है। अब जब देवेगौड़ा ने खुलासा कर दिया है तो साफ हो गया है कि भाजपा ने ही दोनों पार्टियों को जोड़ा है। इस बीच केरल कांग्रेस अध्यक्ष के सुधाकरन ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि देवेगोड़ा का बयान इस बात की स्पष्ट तस्वीर पेश करता है कि पिनराई विजयन अनेक मामलों से खुद को बचाने के लिए भाजपा के सामने झुक गए हैं। सुधाकरन ने एक बयान में कहा, मुख्यमंत्री को इस बयान से संबंधित ब्योरा सार्वजनिक करना चाहिए। अगर पूर्व प्रधानमंत्री का बयान झूठा है, तो उनके खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए।

# मामलों के निपटारे में देरी से वादियों का न्यायिक व्यवस्था से भरोसा उठ जाएगाः उच्चतम न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने शुक्रवार को कहा कि यदि कानूनी प्रक्रिया कच्छप गति से आगे बढ़ती है तो न्यायिक व्यवस्था से वादकारियों का मोहभंग हो सकता है। इसके साथ ही न्यायालय ने पुराने मामलों की तेजी से सुनवाई और निपटान सुनिश्चित करने के लिए कुछ दिशानिर्देश जारी किए, जिनमें से कुछ उच्च न्यायालयों के लिए भी हैं। न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट्ट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने लंबित मामलों को लेकर राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) के देशव्यापी आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि इस मुद्दे से निपटने के लिए बार एवं बेंच के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है। पीठ ने कहा, कानूनी प्रक्रिया जब कच्छप गति से आगे बढ़ती है तो वादियों का मोहभंग हो सकता है। एनजेडीजी के आंकड़ों के अनुसार, कुछ मुकदमे 50 साल से लंबित हैं और इसे लेकर हमने अपनी पीड़ा व्यक्त की है। पीठ ने पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के कुछ पुराने मामलों का भी उल्लेख किया, जिनका 65 साल से अधिक समय में भी निपटारा नहीं हो सका है। न्यायमूर्ति कुमार ने कहा, जब (मामलों के निपटारे में) देरी जारी रहेगी, तो वादकारियों का न्यायिक प्रणाली से भरोसा उठ जाएगा। पीठ ने कहा कि वादियों को बार-बार स्थगन मांगने में सावधानी बरतनी चाहिए। न्यायमूर्ति कुमार ने 11 निर्देश जारी करते हुए कहा, अब समय आ गया है कि न्याय किसी का इंतजार नहीं करता। त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों से अनुरोध किया गया है और निचली अदालतों को निर्देश जारी किए गए हैं।

## चक्रवात तेज गुजरात नहीं डालेगा कोई असर, एक हफ्ते रहेगा मौसम शुष्कः आईएमडी

**अहमदाबाद।** दक्षिण पश्चिम अरब सागर से उठ रहे चक्रवाती तूफान का गुजरात पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। आईएमडी ने इससे पहले एक बयान में कहा था कि दक्षिण पूर्व और दक्षिण पश्चिम अरब सागर में निम्नदबाव का क्षेत्र बना है और 21 अक्टूबर सुबह तक उसके चक्रवाती तूफान का रूप लेने की आशंका है। हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवातों के नामकरण के लिए अपनाए जा रहे फार्मूले के अनुसार इसे तेज कहा जाएगा। आईएमडी के अनुसार आशंका है कि रविवार को यह भयंकर चक्रवाती तूफान का शक्ल ले सकता है तथा ओमान के दक्षिणी तटों एवं निकटवर्ती यमन की ओर बढ़ सकता है। हालांकि कभी-कभी चक्रवात अपना रास्ता बदल भी लेते हैं। यहां मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती ने कहा, 22 अक्टूबर की शाम तक इसके भयंकर चक्रवाती तूफान का शक्ल लेने तथा दक्षिणी ओमान एवं यमन तट की ओर बढ़ने की आशंका है।

# कांग्रेस के स्थानीय विधायकों को चुनाव जिताएंः गहलोत

भाषा। जयपुर

**विधानसभा** चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों की पहली सूची के इंतजार के बीच राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को लोगों से दौसा से कांग्रेस पार्टी के स्थानीय विधायकों को चुनाव में जिताने की अपील की। दौसा के सिकराय में प्रियंका गांधी की जनसभा के दौरान गहलोत ने अपने संबोधन में दौसा में कांग्रेस पार्टी के मौजूदा विधायकों परसादी लाल मीणा, ममता भूपेश, मुरारी लाल मीणा, जी. आर. खटाना का नाम लिया और लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की। गहलोत ने सरकार को समर्थन देने वाले निर्दलीय विधायक ओमप्रकाश हुड़ला का भी नाम लिया। उन्होंने कहा, ममता भूपेश आपके लिए प्रतिबद्ध हैं, समर्पित है। मैं आपसे चारों-पांच विधायकों को जिता कर विधानसभा भेजने की अपील करता हूं। स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा, कृषि विपणन मंत्री मुरारी मीणा, जीआर खटना, ओमप्रकाश हुड़ला नहीं आए हैं। कृपया सभी पांच विधायकों को जिताएं, मेरी आपसे अपील है। कांग्रेस ने अभी तक 25 नवंबर को होने



वाले चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी नहीं की है। ऐसे में मुख्यमंत्री की अपील को इस संकेत के तौर पर देखा जा रहा है कि जिन मौजूदा विधायकों के नाम गहलोत ने बताए हैं, उन्हें टिकट मिलने की संभावना है। इनमें निर्दलीय विधायक भी शामिल हैं। दौसा में कुल पांच विधानसभा सीटें हैं और इनमें से चार पर कांग्रेस और एक पर निर्दलीय विधायक है। उन्होंने अपनी सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि चुनाव सरकार के प्रदर्शन पर लड़ा जाएगा। गहलोत ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा को कोई स्थानीय उम्मीदवार नहीं मिला इसलिए मौजूदा सांसदों को टिकट दिया गया।

### प्रियंका वाद्रा का दौरा राजस्थान की पीड़ित जनता के घावों पर नमक छिड़कने वालाः सीपी जोशी

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने दौसा में प्रियंका वाद्रा के दौरे पर पलटवार करते हुए कहा कि उनका भाषण अशोक गहलोत सरकार के कुशासन, अकर्मण्यता, अपराध, भ्रष्टाचार से पीड़ित प्रदेश की जनता के घाव पर नमक छिड़कने जैसा है।उन्होने कहा प्रियंका ने अपने भाषण मे केंद्र सरकार की आलोचना और गहलोत सरकार की प्रशंसा के अलावा कोई नई बात नही कही और गहलोत सरकार ने जिन योजनाओं के आंकड़े लिख कर दिए उन्हे पूरे जोश के साथ बोल दिया। उन्होंने कहा कि यह पता करना चाहिए कि उन योजनाओ का लाभ कितने दिन और कितने लोगो तक पहुंचा है।जोशी ने कहा, पिछले पांच वर्षो से दुष्कर्म से पीड़ित महिलाएं और बच्चियां न्याय की पुकार कर कर रही है, आखिर उन्हे कब न्याय मिलेगा। उनके आंसू कब पोछे जाएंगे। पूरे पांच साल मे क्यो प्रियंका गांधी या गांधी परिवार का कोई सदस्य उनका हाल जानने क्यों नही आया। उन्होने प्रियंका वाद्रा द्वारा देवनारायण भगवान मंदिर मे चढ़ावे को लेकर दिए गए बयान पर कहा कि प्रियंका ने भक्त और भगवान दोनों का ही अपमान किया है, इस प्रकार की बात करना तुष्टिकरण की राजनीति का ही एक हिस्सा है।

## भारतीय नौसेना फरवरी में महा अभ्यास की मेजबानी करेगी, 50 नौसेनाएं भाग लेंगी

भाषा। नई दिल्ली

**भारत फरवरी** में आयोजित होने वाले नौ दिवसीय मेगा नौसैनिक अभ्यास में अपनी बढ़ती समुद्री शक्ति का प्रदर्शन करेगा। तेजी से बिगड़ते वैश्विक भू-राजनीतिक माहौल और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत के बीच इस महाअभ्यास में 50 से अधिक देशों के शामिल होने की संभावना है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि अगले साल 19 से 27 फरवरी तक विशाखापत्तनम में आयोजित होने वाले मिलन अभ्यास में भाग लेने वाले देशों में अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, बांग्लादेश, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, इंडोनेशिया और मलेशिया की नौसेनाएं शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि आगामी अभ्यास भारत द्वारा आयोजित किया जाने वाला अब तक का सबसे बड़ा बहुपक्षीय सैन्य युद्धाभ्यास होगा।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपना काफिला रुकवाकर लोगों का अभिवादन स्वीकारा

भाषा। गया

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को अचानक अपना काफिला रुकवाकर पैदल चलते हुए सड़क किनारे खड़े लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। गया जिले में स्थित दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के तीसरे दीक्षांत समारोह के समापन के बाद राष्ट्रपति का काफिला गया हवाईअड्डे की ओर जा रहा था।

राष्ट्रपति जब गया के डेल्हा इलाके के पास पहुंचीं, तो वह अचानक अपना काफिला रुकवाकर वाहन से उतर गईं और घंटों से उनका इंतजार कर रहे लोगों के पास जाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया जबकि कुछ से हाथ भी मिलाया। राष्ट्रपति से मिलकर उत्साहित एक महिला निर्मली देवी ने कहा, राष्ट्रपति डेल्हा की सड़क पर काफी देर पैदल चलीं..सड़क के दोनों ओर इकट्ठा हुए लोगों की ओर हाथ हिलाया। बच्चों को चॉकलेट बांटी...हाथ भी मिलाया, इसके बाद राष्ट्रपति उन्हें अलविदा कहते हुए अपने वाहन की ओर वापस चली गईं। बिहार की अपनी तीन दिवसीय यात्रा समाप्त होने पर मुर्मू गया हवाईअड्डे पहुंचीं और नई दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। इससे पहले दिन में, राष्ट्रपति यहां सीयूएसबी के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं और बोधगया जाकर बौद्ध धर्म के सबसे प्रमुख महाबोधि मंदिर में प्रार्थना की। राष्ट्रपति बृहस्पतिवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), पटना और मोतिहारी में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुई थीं। राष्ट्रपति ने बुधवार को राज्य के दौरे के पहले दिन पटना में बिहार के चौथे कृषि रोड मैप (2023-2028) लोकार्पण किया और पटना सिटी में श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब मत्था टेका था।



बोधगया में बौद्ध धर्म के सबसे प्रमुख महाबोधि मंदिर में प्रार्थना करती राष्ट्रपति

## हर व्यक्ति को बनाएंग सक्षम

**मुंबई।** इंश्योरेंस कंपनी टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) ने अपनी नई ब्रांड पोजिशनिंग थीम हर वक्त के लिए तैयार लॉन्च की है। नई थीम उपभोक्ताओं के साथ सीधा जुड़ाव कायम करते हुए उन्हें फिकर-फ्री लाइफ जीने की ओर ले जाती है। ब्रांड की पिछली थीम रक्षाकरण की रीत को आगे बढ़ाते हुए नई थीम हर वक्त के लिए तैयार ब्रांड के सेफ्टी पर फोकस को और आगे बढ़ाती है। ब्रांड की नई पोजिशनिंग थीम को कंज्यूमर पर कई रिसर्च के बाद अंतिम रूप दिया गया, जिसमें आम रुझानों के साथ-साथ खास स्थितियों में उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया का आकलन करने के लिए लक्षित सर्वेक्षण भी शामिल रहे। हर वक्त के लिए तैयार थीम हर क्षेत्र, जेंडर, आयु समूहों आदि के अधिकांश उपभोक्ताओं के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में सामने आई। यह विशेष रूप से युवा और मध्यम आयु समूहों के साथ मेल खाता है। नए ब्रांड दर्शन/थीम पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर गिरीश कालरा ने कहा कि हर वक्त के लिए तैयार एक स्पष्ट, प्रभावशाली और प्रेरणादायक सब्जेक्ट है, यह उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव कायम करता है।

## उच्च न्यायालय ने अभिनेत्री जयाप्रदा की सजा को निलंबित करने संबंधी याचिका खारिज की

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने अदाकारा और पूर्व सांसद जयाप्रदा तथा दो अन्य को उनके स्वामित्व वाले एक सिनेमाघर के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम का 18 साल से अधिक समय तक बकाया नहीं चुकाने के मामले में छह महीने की सजा को निलंबित करने की मांग वाली याचिकाएं खारिज कर दीं। उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिसमें प्रधान सत्र न्यायाधीश के आदेश को चुनौती दी गई थी। प्रधान सत्र न्यायाधीश ने अदाकारा और उनके सहयोगियों को निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा को निलंबित करने से इनकार कर दिया था। याचिकाएं जयाप्रदा सिनेमा थिएटर की ओर से दायर की गई थीं। न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन ने कहा कि यह पाया गया कि याचिकाकर्ता साझेदारी फर्म ने कर्मचारी का योगदान एकत्र किया, लेकिन अपने योगदान के साथ जमा नहीं किया। यह चूक लगातार की गई और किसी न किसी तरीके से याचिकाकर्ता मुकदमे को लगभग 18 वर्षों तक लटकाने में कामयाब रहा।

## चलती ट्रेन में चार लोगों की हत्या करने वाले आरोपी आरपीएफ सिपाही के खिलाफ आरोपपत्र दायर

मुंबई। मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के बर्खास्त सिपाही चेतन सिंह चौधरी के खिलाफ यहां एक अदालत में आरोपपत्र दायर किया। चौधरी पर इस साल 31 जुलाई को एक चलती ट्रेन में अपने वरिष्ठ साथी और तीन यात्रियों की कथित रूप से गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। मामले की जांच कर रही राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने बोरीवली में एक मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष 1206 पन्नों का आरोप पत्र दायर किया। पुलिस ने मजिस्ट्रेट को सूचित किया कि उनकी जांच पूरी हो चुकी है और आरोपपत्र दायर कर दिया गया है।हालांकि आरोपपत्र सत्र अदालत को हस्तांतरित कर दिया।पुलिस ने बताया कि आरोपी को अकोला जिले की एक जेल में स्थानांतरित किया गया है, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। पुलिस के मुताबिक, चूंकि आरोपी को अदालत में पेश करना खतरनाक है इसलिए उसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया जा रहा है।

# वॉर्नर और मार्श के शतकों से ऑस्ट्रेलिया चमका

● विश्वकप मुकाबला : पाकिस्तान को 62 रनों से रौंदा

**भाषा।** बेंगलुरु

**ऑस्ट्रेलिया** ने आईसीसी विश्व कप मैच में शुक्रवार को यहां पाकिस्तान को 62 रन से शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया ने नौ विकेट पर 367 रन बनाने के बाद पाकिस्तान की पारी को 45.3 ओवर में 305 रन पर समेट दिया।पाकिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक ने 70 जबकि अब्दुल्ला शफीक ने 64 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जम्पा ने चार विकेट लिए। इससे पहले सालमी बल्लेबाजों डेविड वॉर्नर (163) और मिशेल मार्श (121) की शतकीय पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 203 गेंद में 259 रन की साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व कप मैच में शुक्रवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 367 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। वॉर्नर ने 124 गेंद की पारी में 14 चौके और नौ छक्के लगाकर पाकिस्तान के खिलाफ लगातार चौथी शतकीय पारी खेली। मार्श ने अपनी दूसरी शतकीय पारी के दौरान 10 चौके और नौ छक्के जड़े। यह विश्व कप इतिहास में केवल चौथा मौका है जब दोनों सलामी बल्लेबाजों ने एक ही मैच में शतक बनाए। वॉर्नर के एकदिवसीय करियर का यह 21वां शतक है।ऑस्ट्रेलिया की टीम एक समय 400 के स्कोर की तरफ बढ़ रही थी लेकिन शाहीन शाह अफरीदी (10 ओवर में 54 रन पर पांच विकेट) की अगुवाई में आखिरी 10 ओवरों में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया को 370 रन के अंदर रोक दिया। वॉर्नर ने इस दौरान 10 और 105 रन पर मिले दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए विश्व कप का अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया तो वहीं मार्श ने भी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की सपाट पिच और छोटी बाउंड्री का फायदा उठाते हुए आसानी से बड़े शॉट खेले। पाकिस्तान के गेंदबाजों ने भी शुरुआती ओवर में खराब गेंदबाजी की जिस पर रन बनाने में वॉर्नर और मार्श को कोई परेशानी नहीं हुई। पारी की शुरुआत में शाहीन की गेंद पर उस्मान मीर ने अगर वॉर्नर का कैच पकड़ लिया होता तो पाकिस्तान को इतनी फजीहत का सामना नहीं करना पड़ता। इस समय वार्नर 10 रन पर थे जबकि ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 22 रन था। वॉर्नर ने इसके बाद बेखौफ बल्लेबाजी की। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने नौवें ओवर में विकेट की तलाश में गेंद हारिस राऊफ (83 रन पर तीन विकेट) को दी लेकिन वॉर्नर और मार्श ने इस ओवर से 24 रन बटोरे।



## वॉर्नर और मार्श के शतकों के साथ रिकॉर्ड की झड़ी

**बेंगलुरू।** आस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श विश्व कप के मैच में शतक जमाने वाली चौथी सलामी जोड़ी बन गए। दोनों ने पाकिस्तान के खिलाफ शतकीय साझेदारी के दौरान कई रिकॉर्ड तोड़े।

● यह चौथी बार है जब विश्व कप में दोनों सलामी बल्लेबाजों ने शतक जमाए हों और आस्ट्रेलिया के लिए यह पहली बार है। वॉर्नर और मार्श के बीच 259 रन की साझेदारी टूर्नामेंट के इतिहास में पहले विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी और आस्ट्रेलिया के लिए पहली सबसे बड़ी साझेदारी है।

● यह वॉर्नर का पाकिस्तान के खिलाफ लगातार चौथा शतक है और एक टीम के खिलाफ इस प्रारूप में सबसे ज्यादा शतक के विराट कोहली (वेस्टइंडीज के खिलाफ चार) के रिकॉर्ड की उन्होंने बराबरी की।

● वॉर्नर का विश्व कप में यह पांचवां शतक है जिन्होंने आस्ट्रेलिया के ही रिकी पोंटिंग की बराबरी की।

● मार्श अपने जन्मदिन पर वनडे शतक जमाने वाले छठे खिलाड़ी बन गए और आस्ट्रेलिया के वह पहले खिलाड़ी है। विश्व कप में ऐसा करने वाले वह रोस टेलर के बाद दूसरे बल्लेबाज हैं।

●विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा पांच दोहरी शतकीय साझेदारी के भारत के रिकॉर्ड की आस्ट्रेलिया ने बराबरी कर ली।

### स्कोरबोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया पारी:** वॉर्नर का स्थानापन्न (शादाब) बो राऊफ 163, मार्श का उस्मान बो शाहीन 121, मैक्सवेल का बाबर बो शाहीन 00, स्मिथ का एवं बो उस्मान 07,स्टोइनिस पगबाधा शाहीन 21, इंगलिस का रिजवान बो राऊफ 13, लाबुशेन का स्थानापन्न (शादाब) बो राऊ फ 08, कमिंस नाबाद 06, स्टार्क का शकील बो शाहीन 02,हेजलवुड का रिजवान बो शाहीन 00,जम्पा नाबाद 01,**अतिरिक्त:** (बाई: 01 लेग बाई: 10 , वाइड : 14) 25,कुल योग: (50 ओवर में नौ विकेट पर) 367 रन,**विकेट पतन:** I-259, 2-259, 3-284, 4-325, 5-339, 6-354, 7-360, 8- 363, 9-363,**गेंदबाजी:** शाहीन 10-1-54-5,हसन 8-0-57-0,इफ्तिखार 8-0-37-0,राऊ फ 8-0-83-3,उस्मान 9-0-82-I,नवाज 7-0-43-0

## कोहली को शतक से महरूम करने का बांग्लादेश का कोई इरादा नहीं था : शांटो



**पुणे।** बांग्लादेश के कार्यवाहक कप्तान नजमुल हुसैन शांटो ने इन अटकलों को खारिज किया कि स्पिनर नासुम अहमद ने जान बूझकर वाइड गेंद डाली ताकि विराट कोहली विश्व कप के मैच में शतक नहीं बना सकें। कोहली उस समय 97 रन पर खेल रहे थे और नौ ओवर बाकी थे जब भारत को 257 रन का लक्ष्य हासिल करने के लिए दो रन की जरूरत थी। अहमद ने उस समय लेग साइड के बाहर गेंद डाली जिसे मैदानी अंपायर रिचर्ड केटलबोरो ने वाइड करार नहीं दिया। कोहली ने 42वें ओवर में डीप मिडविकेट पर छक्का लगाकर शतक पूरा किया और भारत को जीत दिलाई। शांटो ने मैच के बाद कहा , हमारा ऐसा कोई इरादा नहीं था। कोई गेंदबाज जान बूझकर वाइड नहीं डालता। अच्छी शुरूआत के बावजूद बांग्लादेश बड़ा स्कोर नहीं बना सका। शांटो ने कहा , हमने पहले बड़े स्कोर बनाए हैं लेकिन मुझे लगता है कि हम जिम्मेदारी नहीं ले रहे। अगर लिटन या तांजिद बड़ी पारी खेल जाते तो बाकी बल्लेबाजों की राह आसान हो जाती। शाकिब अल हसन की उपलब्धता को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा , वह तेजी से ठीक हो रहा है।

## केएल को भारतीय बल्लेबाजों की लय बरकरार रहने की उम्मीद

**पुणे।** रोहित शर्मा के बाद अब विराट कोहली ने भी विश्व कप में शतक जमा लिया है और भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को उम्मीद है कि दूसरे बल्लेबाज भी तिहरे अंक तक पहुंचकर लीग चरण में भारत का अपराजेय अभियान बरकरार रखेंगे। राहुल ने बांग्लादेश पर सात विकेट से मिली जीत के बाद कहा , विराट के बारे में जितना कहा जाए, कम है। वह इतने साल से रन बनाए जा रहा है और फिर शतक बनाया। उसने हमारे लिए फिनिशर की भूमिका निभाई। , शतक बनाना हमेशा खास है। मै उसके लिए बहुत खुश हूं। रोहित ने भी शतक बनाया और अब विराट ने भी बना लिया है। उम्मीद है कि आगे के मैचों में और बल्लेबाज हमारे लिए शतक बनाएंगे और मैच जीतते रहेंगे। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजो की अच्छी शुरूआत के बावजूद भारतीय टीम विचलित नही थी। हमे पता था कि यह अच्छा विकेट है और उन्हें अच्छी शुरूआत मिली है। हम पहले भी इस स्थिति का सामना कर चुके है। गेद बल्ले पर अच्छी तरह से आ रही थी और रनरेट बढाना मुश्किल नही था। हमने कुछ विकेट चटकाकर दबाव बना दिया। भारत ने अब तक चारो मैचो मे लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत हासिल की है लेकिन राहुल ने कहा कि पहले बल्लेबाजी से भी फर्क नही पड़ता।

## पिचों से मदद नहीं मिलने के बावजूद भारतीय स्पिनरों ने शानदार काम किया : गिल



**पुणे।** सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि स्पिनर कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा ने विश्व कप के दौरान पिचों से मदद नही मिलने के बावजूद अपने काम को बखूबी अंजाम दिया है। जडेजा और कुलदीप की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने बांग्लादेश को बृहस्पतिवार को सात विकेट से हराया। एक समय पर बांग्लादेश का स्कोर 14 ओवर में बिना किसी नुकसान के 90 रन था लेकिन फिरकी गेंदबाजो ने रनगति पर अंकुश लगाकर उसे आठ विकेट पर 256 रन पर रोक दिया। गिल ने कहा , विश्व कप से पहले खास तौर पर श्रीलंका मे विकेट स्पिनरो की मदद कर रहे थे लेकिन यहां स्पिनरो को कोई मदद नही मिल रही है। इसके बावजूद बीच के ओवरो मे स्पिनरो ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने मैच जिताने मे अहम भूमिका निभाई। एक समय पर लग रहा था कि हम 300 या 320 रन दे देंगे लेकिन जिस तरह से स्पिनरो ने वापसी कराई, वह काबिले तारीफ है। इससे उनके बल्लेबाजो पर दबाव बना। मैच के दौरान केएल राहुल ने डाइव लगाकर मेहदी हसन मिराज का कैच लपका जबकि जडेजा ने डाइव लगाकर मुशफिकुर रहीम का कैच पकड़ा। हम फील्डिंग पर बहुत मेहनत करते है। एक बल्लेबाज के तौर पर मुझे नही पता कि कितनी गेद खेलनी है लेकिन एक फील्डर के तौर पर यह पता है कि पूरे 50 ओवर फील्डिंग करनी है। ए दोनो कैच शानदार थे। इनमें से किसी एक को चुनना मुश्किल है।

## पीसीबी ने करार में समीक्षा के बाद सरफराज की पदोन्नति

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने विश्व कप से पहले घोषित खिलाड़ियों के केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा करने के बाद पूर्व कप्तान सरफराज अहमद को श्रेणी डी से श्रेणी बी में पदोन्नति दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज को अनुबंध सूची की गहन समीक्षा के बाद श्रेणी बी में पदोन्नत किया गया है। इस अनुबंध को कप्तान बाबर आजम, मुख्य चयनकर्ता इंजमाम-उल-हक और मुख्य कोच मिकी आर्थर द्वारा अंतिम रूप दिया गया था। बोर्ड अध्यक्ष जका अशरफ ने इसे मंजूरी दी थी। पीसीबी ने पुरुषो की केंद्रीय अनुबंध सूची मे पांच अतिरिक्त खिलाड़ियों को भी जोड़ा, जिससे अनुबंध की पेशकश हासिल करने वाले खिलाड़ियों की कुल संख्या 30 हो गई। बोर्ड ने पिछले महीने तीन साल के करार की घोषणा की थी जो एक जुलाई 2023 से 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा।

## स्पोर्ट्स फुटवियर को बढ़ावा मिलेगा

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े स्पोर्ट्स एवं एथलेर फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कैम्पस एक्टिववियर ने अपने कैंपेन वाईब विद ओजी किंग के लिए म्युजिंग सेंसेशन किंग के साथ साझेदारी की घोषणा की है। यह कैंपेन किंग के प्रशंसकों को बुक माय शो द्वारा आयोजित नए लाईफ इंडिया टूर कॉन्सर्ट में भाग लेने और किंग के साथ भेंट करने का मौका देगा। यह कैंपेन कैंपस की ओजी रेंज पर प्रकाश डालेगा, जो किंग के लिए अल्टीमेट एक्सेसरी है और उनकी विशेष पसंद है। ये जूते इस तरह से डिजाइन किए गए हैं कि इनको पहनने वाले व्यक्ति को अपने व्यक्तित्व को निखारने और फुटवियर के माध्यम से अपने आत्मविश्वास को दर्शाने में सक्षम बनाते हैं। कैम्पस एक्टिववियर का कैंपेन वाईब विद ओजी किंग के प्रशंसकों को पॉप सेंसेशन किंग के साथ वाईब करने का अवसर देगा। 15 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2023 के बीच प्रतिभागियों को विभिन्न प्लेटफार्म्स पर कैम्पस ओजी जूतों का जोड़ा खरीदने और 'वाईब विद ओजी किंग' प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। नए कैंपेन के बारे में बात करते हुए प्रेरणा अग्रवाल, (चीफ मार्केटिंग ऑफिसर), कैम्पस एक्टिववियर ने कहा कि वाईब विद ओजी किंग कैंपेन आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति का उत्सव है, क्योंकि हमारा मानना है कि फैशन स्व-अभिव्यक्ति का एक रूप है।

## मुंबई इंडियन्स ने मलिंगा को गेंदबाजी कोच नियुक्त किया



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम मुंबई इंडियन्स ने शुक्रवार को श्रीलंका के पूर्व दिग्गज लसिथ मलिंगा को तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा की। इस फ्रेंचाइजी के सबसे सफल गेंदबाजो मे शामिल मलिंगा न्यूजीलैड के पूर्व तेज गेंदबाज शेन बॉन्ड की जगह लेंगे। चालीस साल के मलिंगा आगामी सत्र से पहले मार्क बाउचर की अगुवाई वाली कोचिंग दल से जुड़ेंगे जिसमे मुंबई इंडियन्स टीम के उनके पूर्व साथ कीरोन पोलार्ड (बल्लेबाजी कोच) भी है। फ्रेंचाइजी का मानना था कि तीन पूर्व क्रिकेटर डगआउट मे एक मजबूत साझेदारी बनाएंगे। मलिंगा इस फ्रेंचाइजी की अन्य टीमो के गेंदबाजी कोच है जिसमे मेजर लीग क्रिकेट मे एमआई न्यूयॉर्क और एसए20 मे एमआई केपटाउन की टीम शामिल है। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स की कोचिंग दल का हिस्सा रहे मलिंगा ने कहा, मै मार्क (बाउचर), पॉली (पोलार्ड) , रोहित (शर्मा) और बाकी टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। मै विशेष रूप से गेंदबाजी इकाई के साथ काम करने का इंतजार कर रहा हूं जिसका दृष्टिकोण मुझे पिछले सत्र मे पसंद आया था। मुंबई इंडियन्स की युवा प्रतिभा मे उत्कृष्टता हासिल करने की क्षमता है। लिंगा मुंबई इंडियन्स के साथ खिलाड़ी के तौर पर 11 सत्र तक जुड़े रहने के बाद 2018 मे टीम के गेंदबाजी मेंटोर थे।

## बिग क्रिकेट लीग के लिए लखनऊ में ट्रायल 22 से 23 अक्टूबर तक

● अगले साल 9 फ़रवरी से 25 फ़रवरी के मध्य होगा आयोजन

**लखनऊ।** अगले साल फरवरी में होने वाली बिग क्रि केट लीग-बीसीएल टी-20 टूर्नामेंट के लिए लीग का पहला ट्रायल लखनऊ में 22 और 23 अक्टूबर को कॉल्विन ताल्लुकेदार्स कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। इस लीग में एमेच्योर क्रि टर और पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर एक साथ खेलते दिखेंगे। लीग के लिए पूरे देश से एमेच्योर क्रिकेटर ट्रायल और सलेक्शन कैंप के माध्यम से चुने जाएंगे। बीसीएल का आयोजन 9 फ़रवरी 2024 से लेकर 25 फ़रवरी 2024 तक होगा जिसमें आठ टीमें उतरेंगी। लीग की विजेता टीम को एक लाख डॉलर और उपविजेता टीम को 50 हज़ार डॉलर की राशि का पुरस्कार मिलेगा। इस लीग के आयुक्त पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर होंगे। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज़ रूद्र प्रताप सिंह लीग के अध्यक्ष और वेस्टइंडीज़ के तेज गेंदबाज़ कोट्र्नी वॉल्श लीग के उपाध्यक्ष होंगे।

## बैडमिंटन एशिया अंडर 17 और अंडर 15 में तीन भारतीयों के पदक पक्के

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों जगशेर सिंह खांगुरा, बोरनिल आकाश चांगमइ और तन्वी शर्मा ने चीन के चेंगडू में चल रही बैडमिंटन अंडर 17 और अंडर 15 जूनियर चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। लड़कों के अंडर 15 वर्ग में जगशेर ने चीन के एमए चू शुआन को 21-14, 21-13 से हराया जबकि बोरनिल ने कोरिया के पार्क जुंग बिन को 21-19, 22-20 से मात दी। तन्वी शर्मा ने चीनी ताइपै की लियाओ जुइ चि को 20-22, 21-15, 21 -15 से हराया। लड़कियों के अंडर 17 युगल वर्ग मे तन्वी और रेशिका को चीन की फू शिन यि और किन शि यांग ने 21-10, 22-20 से मात दी। जगशेर और बोरनिल लड़कों के अंडर 15 सेमीफाइनल मे आमने सामने होंगे जबकि तनवी का सामना लड़कियो के अंडर 17 सेमीफाइनल मे थाईलैंड की अन्यापत पी से होगा।

## वाणी, दीक्षा ने महिला इंडियन ओपन के दूसरे दिन प्रभावित किया

**गुरुग्राम।** भारतीय गोल्फर वाणी कपूर दो अंडर 68 के शानदार कार्ड के दम पर शुक्रवार को यहां हीरो महिला इंडियन ओपन के दूसरे दौर के बाद दूसरे जबकि पार 72 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा डागर संयुक्त रूप से तीसरे पायदान है। वाणी ने शुरुआती दौर मे 68 का स्कोर किया था। दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर छह अंडर का है। शुरुआती दौर मे 67 का शानदार कार्ड खेलने वाली दीक्षा दूसरे दिन तीन बर्डी और तीन बोगी कर पार स्कोर ही बना सकी। तालिका मे शीर्ष सात मे चार भारतीय खिलाड़ी है। गौरिका बिश्नोई ने 69 का कार्ड खेला और वह तथा अवनी प्रशांत (71-70) कुल तीन अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर है।

## वाणी, दीक्षा ने महिला इंडियन ओपन के दूसरे दिन प्रभावित किया

**गुरुग्राम।** भारतीय गोल्फर वाणी कपूर दो अंडर 68 के शानदार कार्ड के दम पर शुक्रवार को यहां हीरो महिला इंडियन ओपन के दूसरे दौर के बाद दूसरे जबकि पार 72 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा डागर संयुक्त रूप से तीसरे पायदान है। वाणी ने शुरुआती दौर मे 68 का स्कोर किया था। दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर छह अंडर का है। शुरुआती दौर मे 67 का शानदार कार्ड खेलने वाली दीक्षा दूसरे दिन तीन बर्डी और तीन बोगी कर पार स्कोर ही बना सकी। तालिका मे शीर्ष सात मे चार भारतीय खिलाड़ी है। गौरिका बिश्नोई ने 69 का कार्ड खेला और वह तथा अवनी प्रशांत (71-70) कुल तीन अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर है।

## राष्ट्रीय खेलों के गोल्फ स्पर्धा का आयोजन दिल्ली में

**नई दिल्ली।** इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) और दिल्ली गोल्फ क्लब (डीजीसी) संयुक्त रूप से राष्ट्रीय खेलों के तहत खेले जाने वाले गोल्फ स्पर्धा का आयोजन पांच से नौ नवंबर के बीच नई दिल्ली मे करेगे। राष्ट्रीय खेलो का आयोजन गोवा मे होगा लेकिन गोल्फ स्पर्धा की दिल्ली मे मेजबानी को लेकर डीजीसी के अध्यक्ष के के बजोरिया ने कहा, आईजीयू के साथ मिलकर हम लोग राष्ट्रीय खेलो के गोल्फ स्पर्धा का आयोजन कर रहे है। हमारा उद्देश्य है कि खेल को बढ़ावा देने वाले सभी को साथ लेकर चलने का है। हम इस आयोजन के लिए आईजीयू से कोई फीस नही ले रहे है। इंडियन गोल्फ यूनियन भारत मे गोल्फ की सबसे बड़ी संस्था है जो अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटो मे भेजे जाने वाली भारतीय टीमों का चयन करती है।

# श्रीलंकाई चीतों का शिकार करने उतरेगी डच टीम

●इकाना पर विश्व कप में नीदरलैंड से अहम मुकाबला आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अपने से** ताकतवर देश दक्षिण अफ्रीका को हराकर पूरे जोश में आई डच टीम नीदरलैंड खराब फार्म में चल रही श्रीलंका हराने के लिए शनिवार इकाना स्टेडियम में उतरेगी। लखनऊ के गोमती किनारे बने अटलबिहारी इकाना स्टेडियम इस मैच की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है। आज स्टेडियम प्रशासन ने पिच, आउटफील्ड से लेकर सारी व्यवस्था को चाक चौबंद कर दिया है। दोनों टीमों का यह मैच सुबह दस बजे से खेला जाएगा। नीदरलैंड , श्रीलंका के खिलाफ शनिवार को विश्व कप के मैच में जीत का अभियान कायम रखना चाहेगी। धर्मशाला में पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका को हराने वाली नीदरलैंड टीम यह साबित करने की कोशिश में होगी कि उसकी वह जीत कोई तुक्का नहीं थी। नीदरलैंड को हालांकि शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। विक्रमजीत सिंह, मैक्स ओ डाउड और कोलिन एकेरमैन टीम को अच्छी शुरूआत नहीं दिला सके जिससे मध्यक्रम पर दबाव बना। दक्षिण अफ्रीका को हराकर टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है और इस लय को वह श्रीलंका के खिलाफ भी कायम रखना चाहेगी। स्टार हरफनमौला बास डि लीडे गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन उन्हें बल्लेबाजी में भी बेहतर करना होगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली जीत ने डच टीम के लिए टॉनिक का काम किया है और अब उसकी नजरें 12 साल में पहली बार विश्व कप खेलते हुए सेमीफाइनल में पहुंचने पर लगी है। दूसरी ओर श्रीलंका के लिए गेंदबाजी चिंता का सबब है। अभी तक टीम एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है। बल्लेबाजी में उन्होंने दो मैचों में 300 से अधिक का स्कोर बनाया। श्रीलंकाई आक्रमण का दारोमदार एक बार फिर दिलशान मदुशंका पर होगा जो अभी तक सात विकेट ले चुके हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ इसी मैदान पर खेले गए मैच में उनकी गेंद को स्विंग मिला था और अब डच टीम के खिलाफ वह इसी का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। लखनऊ में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम फायदे में रही है क्योंकि फ्लड लाइट में गेंद घूम रही है। ऐसे में लक्ष्य का पीछा करने की स्थिति में नीदरलैंड को सावधान रहना होगा।

डच टीम को अपने स्पिनर रोलोफ वान डेर मर्वे से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। श्रीलंका और नीदरलैंड का सामना पांच बार हो चुका है और श्रीलंका ने पांचों मैच जीते हैं।

## शर्मनाक हार से उबरकर जीत की राह पर लौटना चाहेंगे इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका

**मुंबई।** दोनो टीमो को पिछले मैच मे कमजोर टीमों के हाथो अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा लेकिन अब दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैड शनिवार को विश्व कप के मैच मे यहां आमने सामने होंगे तो नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होंगी। विश्व कप मे सर्वाधिक स्कोर (पांच विकेट पर 428 रन) का रिकॉर्ड बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका को धर्मशाला मे वर्षाबाधित मैच मे नीदरलैड ने हराकर उलटफेर कर दिया। यह इस विश्व कप मे दक्षिण अफ्रीका की पहली हार थी। इसी तरह इंग्लैड को दिल्ली मे अफगानिस्तान ने मात दी। पचास ओवरो के विश्व कप के इतिहास मे इंग्लैड का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रिकॉर्ड भले ही 4 . 3 का है लेकिन इस बार दक्षिण अफ्रीका का प्रदर्शन बेहतर रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट की शुरूआत मे आस्ट्रेलिया और श्रीलंका को सौ से अधिक रनो के अंतर से हराया लेकिन डच टीम से हार ने एक बार फिर साबित कर दिया कि दबाव के सामने टीम बिखर जाती है। इंग्लैड की टीम भी हर विभाग मे जूझ रही है और उसका मनोबल गिरा हुआ है। इस मैच मे उसे बेन स्टोक्स की सेवाएं मिल सकती है जो पहले तीन मैच कूल्हे की चोट के कारण नही खेल सके थे। टूर्नामेंट के पहले मैच मे इंग्लैड को न्यूजीलैड ने हराया था। इसके बाद इंग्लैड ने बांग्लादेश को मात दी लेकिन अफगानिस्तान से मिली हार ने उसका मनोबल गिरा दिया। तीन मैचों मे 43, 20 और 9 के स्कोर के साथ जोस बटलर का मनोबल गिरा हुआ है। वही लियाम लिविंगस्टोन ने भी तीन मैचो मे 20, 0 और 10 रन बनाए है। जो रूट ने दो अर्धशतक और डेविड मलान ने शतक बनाया है लेकिन बल्लेबाजो को एक ईकाई के रूप मे खेलना होगा।



## इंग्लैंड अफगानिस्तान से मिली हार की निराशा से आगे बढ़ गया है: बटलर

**मुंबई।** मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में अफगानिस्तान के हाथों मिली हार की निराशा को पीछे छोड़ दिया है और कप्तान जोस बटलर ने शुक्रवार को कहा कि टीम के अंदर आगामी मैचों को लेकर अच्छी बातचीत हुई है। मौजूदा विश्व कप में खेल रही टीमों में इंग्लैंड का बल्लेबाजी क्रम सबसे मजबूत है। अफगानिस्तान के खिलाफ हालांकि टीम जीत के लिए 285 रन का पीछा करते हुए महज 215 रन पर सिमट गई थी। बटलर ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले मैच से पहले यहां कहा, हार को पचाने के लिए आगे के मैचों पर ध्यान देने के लिए हमें कुछ दिन मिले। हमारे बीच कुछ अच्छी बातचीत हुई और कल रात अभ्यास के दौरान खिलाड़ी जोश में थे और जीत की भूख अधिक थी। विश्व कप खिताब के बचाव के लिए इंग्लैंड ने करिश्माई ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को संन्यास से वापस बुलाया लेकिन फिटनेस समस्याओं के कारण वह अब तक टीम के तीन मैचों में नहीं खेल पाए हैं। स्टोक्स ने यहां वानखेडे स्टेडियम में टीम के साथ कड़ा अभ्यास किया लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके खेलने पर बटलर ने कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई। टीम चयन में हमारे पास बहुत सारे विकल्प हैं, यह हमेशा कठिन होता है। आपको सही संतुलन पर काम करना होता है, यह काफी कुछ पिच और परिस्थितियों पर भी निर्भर करता है।

# जडेजा की शानदार गेंदबाजी से भारत बना रहा बीच के ओवरों में दबाव

**भाषा।** नई दिल्ली

**रविंद्र जडेजा** बल्लेबाजी के अनुकूल पिचों पर भी अपनी सटीक गेंदबाजी से प्रभाव छोड़ने में सफल रहते है लेकिन जब थोड़ी भी मदद हो तो वह टीम के सबसे घातक हथियार में से एक बन जाते है। अपनी कुशल गेंदबाजी और शानदार क्षेत्ररक्षण से यह हरफनमौला उपयोगिता के मामले में निसंदेह भारत का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी रहा है। वह मौजूदा विश्व कप में बीच के ओवरों में टीम के तुरुप का इक्का बन गए हैं। मौजूदा विश्व कप में जडेजा ऐसे खिलाड़ी बन गए है जिनके बिना इस भारतीय टीम की कल्पना करना मुश्किल है। जडेजा ने मौजूदा विश्व कप में चार मैचों में सात विकेट लिए है लेकिन इस दौरान वह अपनी धारदार गेंदबाजी से रनों पर अंकुश लगा कर बल्लेबाजी टीम पर दबाव बनाने में सफल रहे है। यह उनकी सटीकता ही है जिसने कुलदीप यादव को दूसरे छोर से अधिक आक्रमण करने का मौका दिया है। जडेजा ने अब तक चार मैचों में 37.5 ओवर में 131 डॉट गेंदें (21.5 ओवर) फेंकी हैं। डॉट बॉल प्रतिशत आश्चर्यजनक रूप से 58.22 है। इन चार मैचों में उनके खिलाफ सिर्फ 11 बाउंड्री (नौ चौके और दो छक्के) लगे हैं। जडेजा से जब पूछा गया कि आप इस विश्व कप में क्या अलग कर रहे है तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, अगर आपको अपनी रणनीति बताउंगा। आप अंग्रेजी में छाप देंगे और लोग इसके बारे में जान जाएंगे। भारत के बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर मुरली कार्तिक ने जडेजा की गेंदबाजी में आई बदलाव के बारे में पीटीआई-भाषा से कहा, जडेजा विश्व कप के दौरान अपनी गेंदबाजी में अच्छा मिश्रण कर रहे हैं। आप पहले के उनके एक्शन को देखें, तो यह राउंड आर्म हुआ करता था, इस वजह से वह बहुत सारे अंडर-कटर फेंकते थे। उन्होंने कहा, जडेजा अब राउंड आर्म गेंदबाजी करने से बच रहे है और गेंद को दोनों ओर घुमाने पर ध्यान दे रहे है। उनकी गेंद सिम पर गिर कर अधिक उछाल प्राप्त कर रही है और इससे बल्लेबाज गच्चा खा रहे हैं।



# टखने की चोट के कारण हार्दिक पंड्या न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से बाहर

**भाषा।** नई दिल्ली

भारत के हरफनमौला हार्दिक पंड्या बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान टखने में लगी चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप का अगला मैच नहीं खेल सकेंगे। पुणे में बृहस्पतिवार को लगी चोटके बाद हार्दिक का स्कैन कराया गया। वह रिकवरी के लिए बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी जा रहे हैं। भारत को 22 अक्टूबर को धर्मशाला में न्यूजीलैंड से खेलना है। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा , टीम इंडिया के उपकप्तान हार्दिक पंड्या को



बांग्लादेश के खिलाफ क्षेत्ररक्षण के दौरान बाएं टखने में चोट लगी है। उनका स्कैन कराया गया और उन्हें आराम की सलाह दी गई है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम पर उन नजर रखे हुए हैं। वह धर्मशाला नहीं जाएंगे और अब सीधे लखनऊ जाएंगे जहां टीम को इंग्लैंड से खेलना है। भारत को लखनऊ में इंग्लैंड के खिलाफ 29 अक्टूबर को खेलना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में केएल राहुल उपकप्तान हो सकते हैं। राहुल ने रोहित शर्मा और पंड्या की गैर मौजूदगी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ कप्तानी की थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों को छोटा ब्रेक मिलेगा और टीम 26 अक्टूबर को लखनऊमें एकत्र होगी। बल्लेबाजी को मजबूत रखने की कवायद में सूर्यकुमार यादव या ईशान किशन अंतिम एकादश का हिस्सा हो सकते हैं।

# सिंधू डेनमार्क ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

**भाषा।** ओडेन्से (डेनमार्क)

**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने दुनिया की 19वीं रैंकिंग की खिलाड़ी सुपानिदा कटेथोंग पर आसान जीत के साथ शुक्रवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी ने 47 मिनट तक चले मुकाबले को 21-19 21-12 से अपने नाम कर दो सप्ताह में दूसरी बार सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई पिछले सप्ताह आर्कटिक ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू को फाइनल में पहुंचने के लिए तीन बार की विश्व चैंपियन कैरोलिना मारीन या तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता चीनी ताइपे की ताई त्जू यिंग की चुनौती का सामना करना होगा। सिंधू और कटेथोंग के बीच यह छठा मुकाबला था। इस मैच से पहले सिंधू



3-2 की जीत-हार के रिकॉर्ड से बेहतर स्थिति में थी लेकिन थाईलैंड की खिलाड़ी ने भारतीय खिलाड़ी को इंडिया ओपन 2022 और 2023 में मात दी थी। सिंधू ने शुक्रवार को तकनीकी रूप से बेहतर खिलाड़ी को हराकर पिछली असफलताओं को पीछे छोड़ा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।